संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, शनिवार, 02 दिसंबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 17 अंक: 322 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



झारखंड के हजारीबाग में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के 59वें स्थापना दिवस समारोह की मनोहर झलकियाँ।

## वह दिन दूर नहीं जब देश वामपंथी उग्रवाद से पूरी तरह मुक्त होगा: अमित शाह

**टीम एक्शन इंडिया/हजारीबाग**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि आज वे झारखंड में हैं। कल ही उन्होंने देशभर में वामपंथी उग्रवाद की समस्या पर जो लड़ाई चल रही है उसकी समीक्षा की। वे देश की जनता को बताना चाहते हैं वह दिन दूर नहीं जब देश वामपंथी उग्रवाद से पूरी तरह से मुक्त हो जाएगा। गृह मंत्री शुक्रवार को हजारीबाग के मेरु स्थित सीमा सुरक्षा बल केंद्र में बीएसएफ के 59वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। शाह ने कहा कि आज वे विश्वास से कह रहे हैं कि विगत 10 वर्षों में भारत सरकार के प्रयास से हिंसा की घटना में कमी आई है। वामपंथी उग्रवाद सिमटता जा रहा है। हिंसा पर प्रहार करने के लिए सीआरपीएफ, बीएसएफ और आईटीबीपी तीनों तैयार हैं। हम आने वाले दिनों में वामपंथी के उग्रवाद से देश को मुक्त करने के लिए कटिबद्ध हैं। ये बीएसएफ और अन्य सुरक्षा बलों का ही प्रयास है कि बुढ़ापहाड़ को उग्रवाद से मुक्त करने के लिए सफलता मिली है। केंद्रीय गृह मंत्री ने बीएसएफ के जवानों की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि 'जीवन पर्यन्त कर्तव्य' केवल बीएसएफ का घोष वाक्य नहीं है, बल्कि अपने आप को चरितार्थ भी किया है।

**शाह बोले...**

> 8 बीएसएफ और अन्य सुरक्षा बलों का ही प्रयास है कि बुढ़ापहाड़ को उग्रवाद से मुक्त करने के लिए सफलता मिली है।



साथ ही कहा कि बीएसएफ के लाखों सीमा प्रहरियों ने अपने जीवन का स्वर्णकाल 40 डिग्री सेल्सियस से लेकर 45 डिग्री सेल्सियस के रेगिस्तान में, कहीं हरामी नाला की दलदलों में तो कहीं बंगाल की सुंदरनगर के जल में बिताया है। परिवार से दूर रहकर दुर्गम सीमाओं की सुरक्षा जिस तरह से बीएसएफ ने सुनिश्चित की है। शाह ने कहा कि पूरा देश बीएसएफ के जवानों को सलाम करता है और नाज करता है। आपके मोर्चा संभालने के बाद किसी को देश सीमा की चिंता करने की जरूरत नहीं है। आप देश की सीमाओं की रक्षा की प्रथम पंक्ति के प्रहरी हैं। आप दिवाली का दीया सरहद पर जलाते हो, होली सरहद पर मानते हो। आप सीमा पर होते हैं तभी हम घरों में सुकून से रह पाते हैं। जिस देश की सीमाएं सुरक्षित नहीं होती है वह देश कभी विकसित नहीं हो सकता। पूरा देश और विशेषकर मैं गृह मंत्री आप पर बहुत नाज करता हूं, गर्व करता हूं शाह ने कहा कि आज यहां पर वीरता के लिए पदक भी दिए गए। पांच शहीदों को मरणोपरांत पदक दिए गए। उन्होंने कहा कि शहीद के परिवारों को मैं कहना चाहता हूं कि आपके परिवार का जो नुकसान हुआ उसकी कोई भरपाई नहीं है लेकिन 130 करोड़ की जनता आपके परिवार के बलिदान पर हमेशा गर्व करती है। हमेशा यह इतिहास के पन्नों पर दर्ज रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने हर क्षेत्र में प्रगति की है। चाहे चांद पर चंद्रयान पहुंचना हो, चाहे जी-20 की बैठक में देश के ध्वज को समस्त विश्व में लहराना हो। चाहे हमारी अर्थव्यवस्था को 11वें नंबर से पांचवें नंबर पर पहुंचाना हो। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। जब-जब भी देश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आई सीमा सुरक्षा को हमने प्राथमिकता दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सुरक्षा, विकास और लोकतंत्र की प्रक्रिया तीनों को बढ़ावा दिया गया। सीमा के क्षेत्र में हजार करोड़ की बजट के साथ इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने की शुरूआत हुई। सीमा वाले क्षेत्र में अनेक कल्याणकारी योजनाओं की शुरूआत हुई।

## फास्ट न्यूज

### वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश किए जाएं विचाराधीन कैदी

**मुंबई :** बॉम्बे हाईकोर्ट में एक याचिका दायर कर विचाराधीन कैदियों को कोर्ट में सुनवाई के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश करने की मांग की है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने भी इसका समर्थन किया है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा है कि जब तक संभव हो, तब तक विचाराधीन कैदियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट की सुनवाई में पेश किया जा सकता है क्योंकि कैदियों को शारीरिक रूप से कोर्ट में पेश करने में काफी संसाधन और वक्त लगता है। जस्टिस भारती डांगरे की एकल जज पीठ ने याचिका पर महाराष्ट्र सरकार को इसके लिए जरूरी कदम उठाने और फंड मुहैया कराने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने यह आदेश बीती 10 नवंबर को दिया था, जिसकी विस्तृत जानकारी अब मुहैया कराई गई है। बता दें कि त्रिभुवनसिंह यादव ने बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका दायर कर विचाराधीन कैदियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश करने की मांग की थी। कोर्ट ने अब सरकार से सभी अदालतों में स्क्रीन और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधाएं मुहैया कराने को कहा है।

### भाजपा के 11 विधायकों के खिलाफ एफआईआर

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के 11 भाजपा विधायकों के खिलाफ इस सप्ताह की शुरूआत में विधानसभा की परिसर में धरना के दौरान राष्ट्रीय गान का अपमान करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। संसदीय कार्य मंत्री सोभोनदेब चटर्जी ने बताया कि शिकायत तृणमूल कांग्रेस की तरफ से दर्ज की गई है। भाजपा विधायकों पर लगा आरोप ममता बनर्जी के नेतृत्व में 29 नवंबर को टीएमसी विधायक पश्चिम बंगाल के साथ केंद्र के भेदभावपूर्ण रवैये के खिलाफ प्रदर्शन बंद करने से पहले बीआर अंबेडकर की प्रतिमा के नीचे राष्ट्रगान गा रहे थे। टीएमसी ने आरोप लगाया कि इस दौरान करीबन 50 मीटर की दूरी पर भाजपा विधायक नारेबाजी करने के साथ घंटी बजा रहे थे। हालांकि, इन आरोपों का जवाब देते हुए भाजपा ने कहा, 'अगर टीएमसी विधायकों द्वारा राष्ट्रगान गाया जा रहा था, तो वह बहुत ही धीमी आवाज में गा रहे थे। यह आवाज उनके प्रदर्शन वाले स्थान पर बिलकुल भी सुनाई नहीं दे रहा था।'

### नगर कीर्तन के बहाने पन्नू ने अमेरिका में रची बड़ी साजिश

**नई दिल्ली:** खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू अब अमेरिका से भारत के खिलाफ खुलकर वही साजिश करने जा रहा है। जो कनाडा की जमीन से करता आया है।

खुफिया एजेंसियों को मिली जानकारी के मुताबिक पन्नू का आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस 26 जनवरी को अमेरिका के कैलिफोर्निया में नगर कीर्तन की शुरुआत करके खालिस्तान के लिए जनमत संग्रह करने जा रहा है।

## कार्बन उत्सर्जन 45 फीसदी कम करने पर पीएम का जोर

### फंड विकासशील देशों को बाढ़, सूखे और लू के प्रभावों से होने वाले नुकसान पर मुआवजा देगा

**प्राथमिकता**

> 8 भारत के जलवायु परिवर्तन को रोकने से जुड़े लक्ष्यों को प्राप्त करने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है।

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कॉप-28 जलवायु सम्मेलन में यूएई की ओर से 475 मिलियन डॉलर के लॉस एंड डैमेज फंड की शुरूआत किए जाने की सराहना की। फंड विकासशील देशों को बाढ़, सूखे और लू (हीट वेव) के प्रभावों से होने वाले नुकसान पर मुआवजा देगा। दुबई में कॉप-28 विश्व जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन के दौरान ट्रांसफॉर्मिंग क्लाइमेट फाइनेंस पर एक सत्र में प्रधानमंत्री मोदी ने जोर देकर कहा कि भारत ने सतत विकास और जलवायु परिवर्तन को रोकने से जुड़े लक्ष्यों को प्राप्त करने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उन्होंने जलवायु निवेश कोष की घोषणा के लिए यूएई को बधाई भी दी। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हम सभी जानते हैं कि भारत सहित ग्लोबल साउथ देशों की क्लाइमेट चेंज में भूमिका बहुत कम रही है। लेकिन क्लाइमेट चेंज के दुष्प्रभाव उन पर कहीं अधिक हैं। संसाधनों की कमी के बावजूद ये देश क्लाइमेट एक्शन के लिए प्रतिबद्ध हैं।



### पीएम ने की इजराइल के राष्ट्रपति से मुलाकात

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज दुबई में कॉप 28 शिखर सम्मेलन के मौके पर इजराइल के राष्ट्रपति इसहाक हजीग के साथ द्विपक्षीय बैठक की। विदेश मंत्रालय के अनुसार दोनों नेताओं ने क्षेत्र में चल रहे इजराइल-हमास संघर्ष पर विचारों का आदान-प्रदान किया। प्रधानमंत्री ने 7 अक्टूबर के आतंकवादी हमलों में लोगों की मौत पर



संवेदना व्यक्त की और बंधकों की रिहाई का स्वागत किया। प्रधान मंत्री ने प्रभावित आबादी के लिए मानवीय सहायता की

### 'भारत ने पारिस्थितिकी और अर्थव्यवस्था के बीच संतुलन बनाया'

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को दुबई में कॉप-28 के विश्व जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन में कहा कि भारत ने पारिस्थितिकी और अर्थव्यवस्था के बीच संतुलन का एक उदाहरण स्थापित किया है। भारत में वैश्विक आबादी का 17 प्रतिशत हिस्सा है। इसके बावजूद वैश्विक कार्बन उत्सर्जन में भारत का योगदान 4 प्रतिशत से भी कम है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत दुनिया की उन कुछ अर्थव्यवस्थाओं में से एक है जो एनडीसी लक्ष्यों को पूरा करने की राह पर है। मोदी ने वैश्विक मंच से प्रो-प्लैनेट, प्रो-एक्टिव और सकारात्मक पहल ह्यग्रीन क्रेडिट इनिसिएटिव का आह्वान किया। इसके साथ ही उन्होंने 2028 में भारत में कॉप-33 की मेजबानी करने का प्रस्ताव रखा। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन की शुरूआत 140 करोड़ भारतीयों की ओर से अभिवादन के साथ की।



केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रो. एस.पी. सिंह बघेल असम के गुवाहाटी में आयोजित 'विश्व एड्स दिवस' कार्यक्रम में लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित करते हुए।

### मुठभेड़ में मारा गया लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा आतंकी

**पुलवामा।** पुलवामा जिले के अरिहाल इलाके में सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा आतंकी मारा गया। वह हाल ही में लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा था। पुलिस प्रवक्ता ने शुक्रवार को कहा कि लश्कर-ए-तैयबा का स्थानीय आतंकी किफायत अयूब अली निवासी पिंजूरा शोपियां मुठभेड़ में मारा गया। वह इस साल 04 अक्टूबर को लश्कर-ए-तैयबा में शामिल हुआ था। पुलवामा जिले के अरिहाल इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना के बाद पुलिस, सेना की 44 आरआर और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने पूरे इलाके की घेराबंदी करते हुए तलाशी अभियान शुरू किया।

## शिमला: 1226 पदों को भरने के लिए संशोधित स्वीकृति प्रदान की



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में गत दिवस को आयोजित प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में पुलिस विभाग में आरक्षी के पद पर 30 प्रतिशत महिला आरक्षण प्रदान करने का निर्णय लिया गया और कांस्टेबल के 1226 पदों को भरने के लिए संशोधित स्वीकृति प्रदान की गई। मंत्रिमण्डल ने अनाथों और समाज के वंचित वर्गों को लाभान्वित करने के लिए मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना में कुछ और प्रावधान जोडने को भी मंजूरी दी। नए प्रावधानों के तहत राज्य का प्रत्येक अनाथ 27 वर्ष की आयु तक 4000 रुपये प्रतिमाह जेब खर्च प्राप्त करने का पात्र होगा। इसके अलावा योजना शुरू होने के बाद बाल देखभाल संस्थान छोडने वाले ऐसे अनाथ बच्चों को 2 लाख रुपये विवाह अनुदान देने का भी निर्णय लियाए जिन्होंने योजना के शुरू होने बाद विवाह किया। यह राशि एक बार ही देय होगी। बैठक में पूह से काजा तक के सीमावर्ती क्षेत्रों में भरोसेमंद एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत उपलब्ध करवाने के दृष्टिगत 486.47 करोड़ रुपये की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट को स्वीकृति प्रदान की गई। राज्य के लाहौल.स्पीति जिला के स्पीति ब्लॉक और किन्नौर जिला के सीमावर्ती क्षेत्रों के 32 गांवों में विद्युत अधोसंरचना विकसित व सुदृढ़ करने के लिए 6.49 करोड़ रुपये की विस्तृत योजना रिपोर्ट को भी स्वीकृति प्रदान की गई।

**मंजूरी**

> 8 वंचित वर्गों को लाभान्वित करने के लिए मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना में कुछ और प्रावधान जोडने की मंजूरी

## बेंगलुरु के 48 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

**टीम एक्शन इंडिया/कर्नाटक**

कर्नाटक में बेंगलुरु के 48 प्राइवेट स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली। यह धमकी शुक्रवार 1 दिसंबर को ई-मेल के जरिए दी गई। सभी स्कूलों को एक साथ ई-मेल आया, जिसमें दावा किया गया कि स्कूलों के अंदर बम रखे गए हैं। स्कूल प्रशासन ने पुलिस को तुरंत इसकी सूचना दी। पुलिस ने स्कूलों से स्टूडेंट्स और स्टाफ को बाहर निकाला और सर्च ऑपरेशन शुरू किया। मौके पर बम डिफ्यूजल स्क्वॉड, डॉग स्क्वॉड और एंटी सैबोटाज टीम भी पहुंची।

बम की सूचना पर पेरेंट्स अपने-अपने बच्चों को लेने आ गए। इससे अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, डिप्टी उट डीके शिवकुमार ने ई-मेल को अफवाह बताया। उन्होंने कहा- घबराने की जरूरत नहीं है। हम 24 घंटे में आरोपियों को पकड़ लेंगे। पुलिस ने बताया कि सर्च ऑपरेशन लगभग खत्म हो चुका है।

## गुवाहाटी फ्रंटियर ने कीं 200 से ज्यादा गिरफ्तारियां

**टीम एक्शन इंडिया/गुवाहाटी**

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के गुवाहाटी फ्रंटियर ने वर्ष 2023 में भारत-बांग्लादेश सीमा पर 47 बांग्लादेशी नागरिकों सहित 200 से अधिक गिरफ्तारियां की हैं और करीब 12 करोड़ रुपये मूल्य का तस्करी का सामान जब्त किया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि सीमा रक्षक बांग्लादेश में अपने समकक्षों के साथ भी बातचीत कर रहे हैं। दोनों बल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर अपराधों को रोकने के लिए समन्वय कर रहे हैं। बीएसएफ गुवाहाटी फ्रंटियर के



जनसंपर्क अधिकारी ने एक बयान में कहा कि बीएसएफ ने इस साल एक जनवरी से असम के धुबरी और दक्षिण सलमारा मकाचर जिलों और पश्चिम बंगाल के कूचबिहार से 186 भारतीयों और 47 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा है। इसी अवधि के दौरान, इसने लगभग 12 करोड़ रुपये की अवैध वस्तुओं को भी जब्त किया। इनमें 5,695 मवेशियों के सिर, 3.39 लाख रुपये के जाली भारतीय नोट, 1,516.965 ग्राम सोना और 2,804 किलोग्राम गांजा शामिल है।

**सीमा की बात**

> 8 दोनों बल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर अपराधों को रोकने के लिए समन्वय कर रहे हैं।

**जागरूकता** जागरूकता से एड्स के प्रति समाज के दृष्टिकोण में आया बदलाव

## एड्स पीड़ित बच्चों के लिए बजट में आएगी नई योजना: सीएम

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

**मुख्यमंत्री** ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गत दिवस को लेट कम्यूनिटीज लीड विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय विश्व एड्स दिवस समारोह की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार आने वाले बजट में एड्स पीड़ित बच्चों की सहायता के लिए एक योजना लेकर आएगी, जिसमें ऐसे बच्चों को शिक्षा के अवसर प्रदान करने और उन्हें मुख्य धारा में शामिल करने के प्रावधान होंगे। उन्होंने कहा कि पहले समाज में एड्स ग्रसित व्यक्ति को घृणा की दृष्टि से देखा जाता था, लेकिन लगातार जागरूकता कार्यक्रमों के कारण आज एड्स के प्रति समाज के दृष्टिकोण में बदलाव आया है। उन्होंने आह्वान किया कि बीमार अपनी बीमारी न छुपाएं, बल्कि समाज के सामने स्वीकार करें। उन्होंने कहा कि एड्स पीड़ित व्यक्तियों की सहायता के लिए वर्तमान राज्य सरकार हर संभव सहायता प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि आगामी बजट में सरकार विधवाओं और मूक-बधिर बच्चों के लिए भी एक योजना लाने जा रही है। दिव्यांग बच्चों की पढ़ाई के लिए एक अच्छा स्कूल और कॉलेज खोलने पर भी सरकार विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उस वर्ग की आवाज बन रही है, जो सहज अपनी आवाज सरकार तक पहुंचा नहीं सकते। मुख्यमंत्री ने कहा कि निराश्रित बच्चों के कल्याण के लिए मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना चलाई गई है, जिसके तहत बच्चों के रहने और उनके भरण-पोषण का दायित्व राज्य सरकार का होगा। उन्होंने कहा कि अब 27 वर्ष की आयु तक अनाथ बच्चों को रहने और उनके पालन पोषण के लिए सरकार की ओर से व्यवस्था की गई है तथा इसके लिए राज्य सरकार ने कानून भी बना दिया है। उन्होंने युवाओं से जीवन में सफ लता के लिए चुनौतियों का दृढ़ता के साथ सामना करने का आह्वान भी किया।



**योजना**

> 8 प्रदेश सरकार आने वाले बजट में एड्स पीड़ित बच्चों की सहायता के लिए एक योजना लेकर आएगी

## इंडोनेशियाई जहाज से 220 करोड़ रुपये की कोकीन बरामद, पूछताछ जारी

**टीम एक्शन इंडिया/भुवनेश्वर**

ओडिशा पुलिस, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, सीमा शुल्क के अधिकारियों ने ओडिशा के पारदीप बंदरगाह पर कोकीन जब्त की। एक इंडोनेशियाई मालवाहक जहाज से 220 करोड़ रुपये की 22 किलोग्राम बरामद की गई है। बता दें यह मालवाहक जहाज डेनमार्क की ओर जा रहा था। मामले की जानकारी अधिकारी द्वारा दी गई है। भुवनेश्वर में सीमा शुल्क अधिकारियों ने बताया कि एमवी डेबी नाम का एक इंडोनेशियाई मालवाहक जहाज बुधवार को पारादीप इंटरनेशनल कार्गो टर्मिनल बर्थ पर लंगर डाले खड़ा था। बता दें यह जहाज स्टील प्लेट लेने के लिए डेनमार्क जा रहा था। गुरुवार को जहाज पर काम कर रहे क्रेन ऑपरेटर ने जहाज पर कुछ संदिग्ध पैकेट देखे, जिसकी सूचना उसने अधिकारियों को दी। जिसके बाद अधिकारियों द्वारा छापेमारी की गई। इस दौरान 220 करोड़ रुपए की कोकीन बरामद की गई।



# मनोहर सरकार में प्रदेश का संरचनात्मक ढांचा हुआ मजबूत

## प्रदेश का हर जिला जुड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग से, 1130 किलोमीटर लंबे 20 नये राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित, 8 का कार्य पूर्ण हो चुका है, 12 का कार्य प्रगति पर, दिल्ली के चारों तरफ केएमपी और केजीपी एक्सप्रेस-वे पर यातायात शुरू होने से वाहन चालकों को जाम से मिला छुटकारा

**टीम एक्शन इंडिया/ चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल की सरकार ने प्रदेश के लोगों की आवाजाही को सुगम बनाने के लिए सड़कों का जाल बिछा दिया है, जिससे लोग वाहनों से प्रदेश के एक छोर से दूसरे छोर तक चंद घंटों में पहुंच रहे हैं। उनके समय और धन की बचत हो रही है। प्रदेश में 1130 किलोमीटर लंबे 20 नये राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित हैं, जिनमें से 8 का कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि 12 का काम प्रगति पर है। आज प्रदेश का हर जिला राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ चुका है। देश की राजधानी दिल्ली के चारों तरफ यातायात को सुचारू रूप से चलाने के लिए कुंडली-मानेसर-पलवल और कुंडली-गाजियाबाद-पलवल एक्सप्रेस-वे पर यातायात शुरू हो गया है। अब वाहन चालकों को दिल्ली व इसके आसपास जाम से नहीं जूझना पड़ता है। इसी तरह से अंबाला से कोटपुतली ग्रीनफील्ड कॉरिडोर (152-डी) 10,646 करोड़ रुपये की लागत से पूरा हो चुका है। यहां से वाहन सरपट दौड़ते हैं और सैकड़ों किलोमीटर की दूरी कुछ ही घंटों में पूरी होती है।

**3,642 करोड़ रुपये से 6,863 किलोमीटर लम्बी नई सड़कों का किया निर्माण:** प्रदेश में सड़कों व राष्ट्रीय राजमार्गों पर वाहनों का दबाव ज्यादा बढ़ गया था, जिससे जाम की स्थिति रहती थी। सरकार ने लोगों को राहत देते हुए 3,642 करोड़ रुपये की लागत से 6,863 किलोमीटर लम्बी नई सड़कों का निर्माण किया और साथ ही साथ 41,869 किलोमीटर लम्बी सड़कों का 21,133 करोड़ रुपये की लागत से सुधार किया। इतना ही नहीं, यातायात को सुगम बनाने के लिए सरकार ने 17 टोल टैक्स



बैरियर भी हटाये। पंचकूला-यमुनानगर, अंबाला-कैथल, जींद-नरवाना-पंजाब सीमा तक, सोनीपत-झज्जर राष्ट्रीय राजमार्गों को चार मार्गी बनाया है। इसी वजह से अब इन मार्गों पर जाम नहीं लगता। इसी तरह से 2577 करोड़ रुपये की लागत से 63 रेलवे ऊपरगामी व भूमिगत पुलों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। 50 पुलों का कार्य प्रगति पर है। इन पुलों की वजह से यातायात जाम के काफी हद तक छुटकारा मिलेगा।

**मेट्रो रेल सेवा लोगों के लिए हुई कारगर साबित:** सरकार द्वारा शुरू की गई मेट्रो सेवा लोगों के लिए कारगर साबित हुई है। 580 करोड़ रुपये की लागत से वाई.एम.सी.ए. चौक से बल्लभगढ़ तक मेट्रो सेवा शुरू हो चुकी है, जिससे आसपास के क्षेत्र के लोगों की यात्रा सुविधापूर्वक हो गई है। इसी तरह से बहादुरगढ़-मुंडका (दिल्ली) तक 2029 करोड़ रुपये की लागत से मैट्रो सेवा शुरू हुई है। 2494 करोड़ रुपये की लागत से बदरपुर मुजेसर (वाईएमसीए चौक) तक और 2143 करोड़ रुपये की लागत से सिकंदरपुर स्टेशन से सेक्टर-56 तक मेट्रो रेल सेवा शुरू की गई है। लगभग 70 हजार करोड़ रुपये की लागत से सराय कालेखां-करनाल और सराय-कालेखां से अलवर राजस्थान बॉर्डर के बीच रीजनल रेपिड ट्रांसपोर्ट सिस्टम कनेक्टिविटी परियोजना शुरू की गई है। वहीं नरेला से कुंडली, हुडा सिटी सेंटर-साइबर सिटी गुरुग्राम व रेजांगला चौक से सेक्टर 21 द्वारका तक मेट्रो रेल मंजूर की गई है।

### भविष्य में लोगों को इन योजनाओं का भी लाभ मिलेगा

**मनोहर** सरकार ने लोगों को भविष्य में भी सड़क व रेल तंत्र को मजबूती प्रदान करने के लिए कई योजनाओं पर काम शुरू कर रखा है। इसी क्रम में दिल्ली-वडोदरा ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे निमार्णाधीन है। पानीपत-सफीदों-नगूरा-ऊचाना-प्रभुवाला-भूना-रतिया-सरदूलगढ़-कालांवाली-मंडी डबवाली को जोड़ने वाला पूर्व-पश्चिम एक्सप्रेसवे निमार्णाधीन है। इसी तरह से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के जिलों जैसे कि अंबाला और भिवानी के रिंग रोड और के. एम.पी. एक्सप्रेस-वे के साथ पृथला (पलवल) से सोनीपत तक 5,500 करोड़ रुपये की लागत से रेलवे लाइन की स्वीकृति मिली है।

# जनता के लिए कष्टदायी बनी कष्ट निवारण समिति: सैलजा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य और हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार के मंत्रियों के कार्य-कलापों के कारण जिलों में गठित कष्ट निवारण समितियां जनता के लिए कष्टदायी बन गई हैं। इन समितियों की बैठक न होने के कारण जनता की समस्याओं का निराकरण नहीं हो पा रहा है। किसी जिले में साल भर से बैठक नहीं हुई है तो कहीं साल में बस दो बार ही बैठक हुई है। ऐसा सरकार में आपसी खींचतान व मंत्री में जनता के जाने की हिम्मत न होने के कारण हुआ है। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि महिला कोच के यौन उत्पीड? के आरोपी राज्यमंत्री संदीप सिंह के पास कैथल व फतेहाबाद जिले का



प्रभार है, लेकिन एक साल से वे दोनों ही जगह बैठक नहीं कर पाए हैं। मुख्यमंत्री भले ही संदीप सिंह को बचाने की भरसक कोशिश करते रहें, लेकिन आत्मग्लानि के कारण संदीप सिंह मीटिंग नहीं ले पा रहे हैं। महिला कोच के आरोप चंडीगढ़ पुलिस की जांच में भी सही साबित हो चुके हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हिसार जिले का प्रभार गृह मंत्री अनिल विज के पास है। उनका सरकार के साथ अक्सर 36 का आंकड़ा रहता है, इसलिए वे बैठकें न लेकर अपनी नाराजगी जाहिर करते रहते हैं।

# 'अधिकारी सही जांच-पड़ताल के बाद असली मालिक के नाम ही बनाएं प्रॉपर्टी आईडी'

## उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने स्वामित्व योजना के बारे प्रदेश के सभी उपायुक्तों और मंडल आयुक्तों को दिए दिशा-निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने प्रदेश के सभी उपायुक्तों को निर्देश दिए है कि स्वामित्व योजना के तहत बनाई जाने वाली प्रॉपर्टी आईडी सही जांच-पड़ताल के बाद असली मालिक के नाम ही बनाएं, इसमें जो आपत्तियां आती हैं उनका पहले निवारण करें और इसके बाद ही रजिस्ट्री शुरू की जाएं। डिप्टी सीएम, जिनके पास राजस्व विभाग का प्रभार भी है, ने शुक्रवार को यहां चंडीगढ़ से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्वामित्व योजना बारे प्रदेश के सभी उपायुक्तों और मंडल आयुक्तों को दिशा-निर्देश दिए। बैठक में राज्य मंत्री अनूप धानक भी उपस्थित रहे। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जिस प्रकार से करनाल जिला के सिरसी गांव में पूरे गांव की प्रॉपर्टी आईडी बनाई गई है, ठीक इसी प्रकार जिस भी गांव की प्रॉपर्टी आईडी बनाएं उस सम्पूर्ण गांव के सभी निवासियों की प्रॉपर्टी आईडी बननी चाहिए न कि चंद लोगों की बनाकर औपचारिकता करनी है। उन्होंने उपायुक्तों को निर्देश दिए कि वे पंचायत को साथ लेकर गांव के किसी सार्वजनिक स्थान



पर प्रॉपर्टी आईडी समेत संबंधित गांव का नक्शा प्रदर्शित करें ताकि लोग आईडी में देख सकें कि उनकी प्रॉपर्टी उनके ही नाम है या नहीं ? अगर किसी को इसमें आपत्ति है तो जल्द से जल्द इसका निवारण किया जाए। दुष्यंत चौटाला ने अधिकारियों को प्रत्येक गांव का इस प्रकार का नक्शा विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने के भी निर्देश दिए ताकि प्रदेश या विदेशों में नौकरी-पेशा या व्यवसाय करने वाले भी अपनी प्रॉपर्टी आईडी को चेक कर सकें। उन्होंने इस संबंध में एसओपी बनाने के भी निर्देश दिए ताकि उपायुक्तों और जिला के अन्य अधिकारियों को कार्य में आसानी हो सके। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने अधिकारियों को मुख्यालय स्तर पर एक कंट्रोल रूम बनाने के भी निर्देश दिए ताकि प्रॉपर्टी आईडी बनाने के मामले में जिला स्तर के अधिकारियों को सहयोग दिया जा सके। उन्होंने बताया कि सरकार ऐसा सिस्टम तैयार करने जा रही है जिससे कि प्रॉपर्टी आईडी के मामले में विदेशों में रहने वाले लोगों की आने वाली शिकायतों की व्हाट्सएप या अन्य ऑनलाइन संसाधनों से सुनवाई की जा सके। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने उपायुक्तों को जमीनों की खेवट के बंटवारे को भी पारदर्शी तरीके से करने के निर्देश दिए। उन्होंने एसडीएम और डीआरओ के माध्यम से की जाने वाली रजिस्ट्रियों के मामले में भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# अनिल विज ने प्रदेशभर से आए लोगों की समस्याओं को सुना

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़ दीपिक शर्मा/ काजल रानी**

हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री अनिल विज ने करनाल में अंतजार्तीय विवाह के उपरांत परिवार के लोगों पर हमले के मामले को गंभीरता से लिया है और एसपी करनाल को सख्त कार्रवाई के दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने एसपी को फोन पर नामजद आरोपियों को गिरफ्तार करने के भी निर्देश दिए। श्री विज आज अंबाला में अपने आवास पर प्रदेश के कोने-कोने से आए लोगों की समस्याओं को सुन रहे थे।

करनाल से आए परिवार ने बताया कि उनके बेटे ने अंतजार्तीय विवाह किया था जिसका उन्हें भी नहीं पता था, मगर इसके कुछ समय बाद उनके परिवार सदस्यों पर कुछ लोगों ने हमला बोल दिया



था। उनका आरोप था कि इस मामले में शिकायत के बावजूद पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

गृह मंत्री श्री अनिल विज के समक्ष दहेज उत्पीड़न मामले को लेकर शाहबाद निवासी महिला व परिवार सदस्यों ने गुहार लगाई। महिला का आरोप था कि पुलिस ने दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज करने के बावजूद आरोपियों को अब तक गिरफ्तार नहीं किया है। गृह मंत्री ने इस मामले में एसपी कुरुक्षेत्र को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

इसी तरह, सिविल अस्पताल में तैनात डाक्टर ने कुछ युवकों पर मारपीट व धमकियां देने के आरोप लगाए। डाक्टर ने कहा कि पुलिस थाने में केस दर्ज होने के बावजूद भी पुलिस ने ठोस कार्रवाई नहीं की।

गृह मंत्री श्री अनिल विज के समक्ष कुरुक्षेत्र निवासी व्यक्ति ने आठ लाख रुपए ठगी के आरोप लगाए। व्यक्ति ने बताया कि कनाडा भेजने के नाम पर ठग ने उससे कुल 15 लाख रुपए की राशि मांगी, उसने 8 लाख रुपए जमा करा दिए थे। मगर इसके बावजूद न उसे विदेश भेजा गया और न ही उसके दस्तावेज वापस किए गए। गृह मंत्री ने कबूतरबाजी के लिए गठित एसआईटी को मामले की जांच के निर्देश दिए। यमुनानगर निवासी व्यक्ति ने उसकी गाड़ी का नंबर बदलने और गाड़ी का क्लेम जारी नहीं करने के आरोप लगाए। उसका आरोप था कि कार का एक्सीडेंट हो गया था, मगर लाखों का क्लेम उलटा उस पर दिखा दिया गया।

### हरियाणा के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में योग ब्रेक

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने स्कूलों के बाद प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों तथा कॉलेजों में योग ब्रेक को अनिवार्य कर दिया है। इसके पीछे सरकार की सोच यह है कि पढ़ाई का तनाव कम करने के लिए युवा शिक्षण संस्थाओं में योग करे। उच्चतर शिक्षा विभाग का तर्क है कि वर्क प्लेस इको सिस्टम और प्रोडक्टिविटी में सुधार के लिए योग ब्रेक को सख्ती से लागू करने की जरूरत है। सरकारी कार्यालयों में भी ये नियम लागू किया जाएगा। उच्चतर शिक्षा विभाग के निदेशक ने इस संबंध में प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों तथा कॉलेजों को निर्देश जारी कर दिए हैं। यानी पढ़ाई का तनाव कम करने के लिए युवा शिक्षण संस्थाओं में योग कर सकेंगे।

### अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में पुस्तक मेला रहेगा आकर्षण का केन्द्र

**चंडीगढ़।** हरियाणा के कुरुक्षेत्र में 7 से 24 दिसंबर तक ब्रह्मसरोवर पर आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के मुख्य कार्यक्रम 17 से 24 दिसंबर तक चलेंगे। हरियाणा पवेलियन, जनसम्पर्क विभाग की हाईटैक प्रदर्शनी और गीता पुस्तक मेला मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहेगा। इस अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के दौरान सरस और क्राफ्ट मेले में 600 से ज्यादा स्टाल लोगों को अपनी तरफ आकर्षित करेंगे।

### मुख्यमंत्री ने 5 प्रमुख जिला सड़कों के सुधारीकरण को दी मंजूरी

**चंडीगढ़:** हरियाणा में कनेक्टिविटी बढ़ाने और निर्बाध परिवहन की सुविधा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने 60.24 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत की महत्वपूर्ण सड़क बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए प्रशासनिक मंजूरी प्रदान की है। इस संबंध में एक सरकारी प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि परियोजनाओं में हिसार जिले में हिसार-घुड़साल रोड (एमडीआर) के 24.79 किमी का सुधार कार्य शामिल है।

# अधिकारी भूमि आवश्यकता वाली परियोजनाओं को जल्द अमलीजामा पहनाएं: संजीव कौशल

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने कहा कि मुख्यमंत्री घोषणाओं में जिन विकास कार्यो के लिए भूमि की आवश्यकता है उन कार्यो के लिए भूमि संबंधी औपचारिकताएं जल्द से जल्द पूरी की जाएं ताकि विकास कार्यो को तुरंत अमलीजामा पहनाया जा सके। मुख्य सचिव आज यहां लम्बित मुख्यमंत्री घोषणाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव वित एवं योजना श्री अनुराग रस्तोगी, अतिरिक्त मुख्य सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डा0 जी अनुपमा सहित



कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। सभी जिलों के उपायुक्त बैठक से ऑनलाईन जुड़े। बैठक में मुख्य सचिव ने लोक निर्माण विभाग की 21, स्वास्थ्य विभाग की 41 तथा शहरी स्थानीय निकाय विभाग की 18 घोषणाओं सहित 80 से अधिक लम्बित मुख्यमंत्री घोषणाओं की विस्तार से समीक्षा की। मुख्य सचिव ने कहा कि जिलों में अधिकारी परियोजनाओं के लिए भूमि की रजिस्ट्री, डीपीआर, प्रोजेक्ट की रूपरेखा संबंधी सभी कार्य एक माह में पूरा करें और सभी लम्बित योजनाओं को त्वरित गति से पूरा करने के लिए सकारात्मक सोच के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा समय समय जनता के लिए ही घोषणाएं की गई हैं।

# पुलिस महानिदेशक ने ट्रेनिंग स्कूल का किया उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने आज मानेसर के सेक्टर 8 स्थित आईकैट संस्थान में गुरुग्राम जिला के समस्त पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक लेते हुए उन्हें पुलिस की कार्यप्रणाली को बेहतर बनाने संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान श्री कपूर ने पुराने पुलिस आयुक्त कार्यालय में तैयार किए गए पुलिस ट्रेनिंग स्कूल का उद्घाटन किया। पुलिसकर्मियों को सम्बोधित करते हुए पुलिस महानिदेशक ने कहा कि पुलिस विभाग अच्छा काम करने व लोगों की सेवा करने का एक सशक्त माध्यम है और यह हमारे लिए सौभाग्य का बात है कि हमें पुलिस



की नौकरी करने का अवसर प्राप्त हुआ है। हमें जनता के सेवक की तरह अपने कर्तव्य पथ पर आगे बढ़ना चाहिए ।

उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास होना चाहिए कि हम जरूरतमंद लोगों की मदद करते हुए लोगों को न्याय दिलवाने में उनकी मदद करें। श्री कपूर ने कहा कि पुलिसकर्मी नियमानुसार कानून की पालना करें और लोगों के साथ अच्छा व्यवहार करें। इसके साथ ही उन्होंने पुलिस कर्मियों को अपनी ड्यूटी का निर्वहन पूरी निष्ठा व ईमानदारी से करने के लिए प्रेरित किया। बैठक में उपस्थित ग्राम प्रहरियों को संबोधित करते हुए श्री कपूर ने कहा कि वे अपने एरिया का डेटा ग्राम प्रहरी एप पर अपलोड करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ग्राम प्रहरी नशा बेचने वाले तथा खरीदने वालों की सूची के साथ-साथ अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों की सूची तैयार करें।

इसके साथ ही वे अपने आसपास अपराधियों तथा उनके ठिकानों पर नजर रखें। उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा पुलिस विभाग की प्राथमिकता है ऐसे में महिलाओं को सुरक्षित वातावरण देने के लिए छेड़छाड़ वाले हॉटस्पॉट क्षेत्र को चिन्हित करते हुए वहां पर पुलिस की टीमें तैनात करें। इसके साथ ही ग्राम प्रहरी अपने क्षेत्र में बुजुर्गों का हाल-चाल पूछते रहे और जरूर पड़ने पर उनकी मदद करें।

आंखों की रक्षा आपके हाथ
हम सदा है आपके साथ



Ultra Modern Facilities Available

- Cataract Surgery
- Spectacles Removal
- Glaucoma Management
- Oculoplastic (Lid & Orbit) Surgery
- Diabetic Retinopathy Management
- Squint & Lazy Eye Management
- Management Of Eye Injury
- Eye Problems Of Children
- OCT
- Complete Eye Checkup
- Management Of Painful Eye Red
- Management Of Watery Eye
- Contact Lens
- Retina Surgical & Medical Management
- Implantable Contact Lens(IPCL/ICL)

अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध

- मोतियाबिंद ऑपरेशन
- चश्मा उतरवाना
- काला मोतिया का इलाज
- ऑक्यूलोप्लास्टिक एवम सर्जरी
- आंख के परदे पर शुगर का असर एवं इलाज
- तिरछापन एवम् लेजी आई
- आंखो के चोट एवम् घायल होने का इलाज
- बच्चों की आंखों की समस्याओं का इलाज
- ओसीटी
- संपूर्ण नेत्र जांच




आंखों की संपूर्ण जांच एवम इलाज एक छत के नीचे

DR RV SINGH (MBBS/ MS)

RVS EYE CENTER

Govt Approved: An ISO 9001 : 2008 Certified Centre

BFH-9, SOM BAZAR ROAD,
SHALIMAR BAGH, DELHI-110088
PH: 01127478745, 9811584973, 9899215481, 9811671606

MEDICAL FACILITIES AVAILABLE

ON PANEL : CGHS | DGEHS | NDMC | RBI | DVB | DJB
DU | RITES | TPDDL | AIR INDIA | DDA | DTC | FCI | BSES

# अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में हरियाणा पवेलियन, प्रदर्शनी और पुस्तक मेला रहेगा आकर्षण का केन्द्रः सुधा

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन 7 से 24 दिसंबर तक ब्रह्मसरोवर पर किया जा रहा है। इस महोत्सव के मुख्य कार्यक्रम पहली बार 8 दिन के होंगे। यह कार्यक्रम 17 से 24 दिसंबर तक चलेंगे। इस महोत्सव में हरियाणा पवेलियन, जनसम्पर्क विभाग की हाईटैक प्रदर्शनी और गीता पुस्तक मेला मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहेगा। इतना ही नहीं सरस और क्राफ्ट मेले में 600 से ज्यादा स्टाल लोगों को अपनी तरफ आकर्षित करेंगे। विधायक सुभाष सुधा शुक्रवार को केडीबी के सभागार में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2023 की तैयारियों की समीक्षा को लेकर अधिकारियों को दिशा-निर्देश देने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले अतिरिक्त उपायुक्त एवं केडीबी के सीईओ अखिल पिलानी ने अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2023 को लेकर 7 से 24 दिसंबर तक होने वाले तमाम कार्यक्रमों और किए जा रहे प्रबंधों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान केडीबी के मानद सचिव उपेन्द्र सिंघल, 48 कोस तीर्थ निगरानी कमेटी के चेयरमैन मदन मोहन छाबड़ा ने भी महोत्सव के नए पहलुओं और तीर्थों के विकास के बारे में विस्तार से जानकारी दी है। विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव से पहले सड़कों का पैच वर्क, रंग रोगन, शहर की सफाई व्यवस्था, ट्रैफिक और सुरक्षा व्यवस्था, ब्रह्मसरोवर के सौंदर्यीकरण तथा श्रद्धालुओं के लिए सभी प्रबंधों को समय रहते पूरा करने के अधिकारियों को निर्देश दिए गए है। उन्होंने कहा कि पहली बार महोत्सव के मुख्य कार्यक्रम 17 से 24 दिसंबर तक 8 दिन के होंगे। इस वर्ष असम पार्टनर राज्य के रूप में शामिल होगा और इस राज्य की तरफ से राष्ट्रीय ध्वज वाले मैदान में असम पैवेलियन लगाया जाएगा। सभी मुख्य सांस्कृतिक पुरुषोत्तमपुरा बाग में होंगे, द्रोपदी कूप के समक्ष कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की तरफ से हरियाणा पैवेलियन में वैदिक काल की संगीत यात्रा को दिखाने का प्रयास किया जाएगा, सूचना जनसम्पर्क विभाग की तरफ से रथ के आस-पास के क्षेत्र में हाईटेक राज्य प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इस बार 17 दिसंबर को गीता पूजन के साथ उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ महोत्सव का आगाज करेंगे और विश्वविद्यालय में सेमिनार का भी उद्घाटन करेंगे। उन्होंने कहा कि 17 से 24 दिसंबर तक चलने वाले गीता पुस्तक मेले में स्थानीय लेखकों द्वारा लिखी गई पवित्र ग्रंथ गीता ग्रंथ को भी रखा जाएगा। इस बार मुख्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों में महाभारत में भगवान श्रीकृष्ण की भूमिका निभाने वाले नितिश भारद्वाज, फिल्म अभिनेत्री भाग्यश्री सहित कई जानी मानी हस्तियां शामिल होंगी, 7 से 24 दिसंबर भजन संध्या और आरती और 23 दिसंबर को वैश्विक गीता पाठ, दीपोत्सव, तीर्थ सम्मेलन और नगर शोभा यात्रा भी मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहेगी। इस मौके पर एसडीएम सुरेन्द्र पाल, डीएसपी सुभाष चंद्र, केडीबी सदस्य एमके मोदगिल, अमरजीत सिंह, डा ऋषिपाल मथाना, अशोक रोषा सहित अन्य अधिकारी और सदस्यगण मौजूद थे।



# थीम पार्क की जगह पर सिक्ख संग्रहालय नहीं बनेगाः सुधा

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) हरियाणा** सरकार ने सिख समुदाय को संग्रहालय बनाने के लिए कुरुक्षेत्र के मध्य स्थित थीम पार्क में जगह देने की घोषणा की थी जिसके चलते शहरवासियों में अत्याधिक नाराजगी देखने को मिल रही थी। समाजसेवी अशोक शर्मा पहलवान अपनी टीम के साथ सरकार की घोषणा के विरोध में कई दिनों से हस्ताक्षर अभियान चलाए हुए थे और साथ में कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना दिया हुआ था ।अशोक शर्मा पहलवान का कहना था कि थीम पार्क को थीम पार्क ही रहने दिया जाए, किसी भी कीमत पर किसी भी संस्था को थीम पार्क की जमीन सरकार के द्वारा नहीं दी जानी चाहिए। समाजसेवी अशोक शर्मा और उनकी टीम के सभी सदस्य सिक्ख समुदाय के विरोध में धरना नहीं दे रहे थे बल्कि वह तो थीम पार्क को बचाने के लिए धरने के माध्यम से सरकार को निर्णय वापस लेने के लिए बाध्य करना चाहते थे ।आज थानेसर के विधायक सुभाष सुधा ने इस सारे मामले का संज्ञान लेते हुए कहा कि थीम पार्क की जगह को सिक्ख संग्रहालय के लिए नहीं दिया जाएगा, बल्कि सिख संग्रहालय और धरोहर जीटी रोड के साथ लगती जमीन पर बनाया जाएगा, जिससे कि जीटी रोड पर आने जाने वाले यात्री सिख संग्रहालय और धरोहर को देख सकें।



# युवाओं को नशे से बचकर पढ़ाई, खेल व रोजगार की ओर ध्यान लगाना चाहिए



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/ बाबैन(दलबीर मलिक) समाजसेवी** संदीप गर्ग ने कहा कि युवाओं को नशे की लत छोड़कर रोजगार व खेलो आदि की ओर ध्यान देना चाहिए। नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग गांव खैरी में ग्रामीणों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज के समय में जिस प्रकार से युवा नशे की लत में जकड़ते जा रहे हैं, वह एक चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि हम सभी को अपने-अपने बच्चों का संपूर्ण रूप से ध्यान रखना चाहिए कि वह किस संगत में बैठ रहे हैं, किसके साथ बाहर आ जा रहे हैं, क्योंकि इस समय युवा नशे के आदी होते जा रहे हैं।

उन्हें इस आदत को छोड़कर अपना ध्यान पढ़ाई-लिखाई, खेल व रोजगार की तरफ लगाना चाहिए ताकि उनका भविष्य संवर सके और सभी को उसका लाभ मिले। उन्होंने कहा कि उनका सपना है की लाडवा हल्के के सभी लोग व युवा खुशहाल रहे, उनकी ओर से जितने भी लाडवा हल्के के विकास कार्य करवाए जा रहे हैं।

# शिक्षा विभाग का राज्य स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव शुरू

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक)शिक्षा** विभाग का राज्यस्तरीय सांस्कृतिक उत्सव शुक्रवार को राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के केशव सभागार में शुरू हुआ। बतौर मुख्यातिथि विधायक सुभाष सुधा ने कल्चरल फेस्टिवल का सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ शुभारंभ किया जबकि प्रदेश के शिक्षा मंत्री कंवर पाल ने विडियो सन्देश के माध्यम से प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने अतिथियों का स्वागत किया तो जिला शिक्षा अधिकारी रोहतास वर्मा ने धन्यवाद प्रस्ताव पढ़ा। तीन दिन तक चलने वाले इस उत्सव में चार विधाओं के दो वर्गों में प्रदेश के सभी 22 जिलों के 2000 छात्र-छात्राएं अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर सर्व शिक्षा अभियान की डीपीसी सन्तोष शर्मा, निदेशालय से आए सहायक निदेशक राजीव वत्स, कार्यक्रम अधिकारी पूनम अहलावत, अमनप्रीत कौर, खंड शिक्षा अधिकारी थानेसर इंदु कौशिक, बीईओ बाबैन सन्तोष चौहान, प्रिंसिपल दया सिंह स्वामी सहित अनेक विभागीय अधिकारी व अध्यापक मौजूद थे। प्रदेश भर से आए प्रतिभागियों को जारी सन्देश में शिक्षा मंत्री चौधरी कंवरपाल ने कहा कि गीत संगीत भारतीय संस्कृति का अहम पहलू हैं। यह गतिविधियां केवल मनोरंजन का साधन नहीं बल्कि सामाजिक बदलाव का भी साधन हैं। देश की आजादी में गीतों व रागनियों ने जहाँ आमजन में जोश भरा वहीं वर्तमान समय मे बेटी बचाओ व स्वच्छता जैसे अभियानों की सफलता में इन कलाओं का अहम योगदान रहा है। प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश को अग्रणी राज्य बनाने में जुटी है। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि कुरुक्षेत्र एक अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक केंद्र के रूप में उभर रहा है तथा आए दिन होने वाली इन गतिविधियों से इस पहचान को और मजबूती मिलती है। शिक्षा व सांस्कृतिक गतिविधियों से न केवल विद्यार्थियों में संस्कार बढ़ते हैं बल्कि लुप्त होती लोक कलाएं भी और जीवंत होती हैं। शिक्षा विभाग को शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहन देना चाहिए। विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल व शिक्षा मंत्री कंवरपाल का शिक्षा क्षेत्र के प्रति गहरा लगाव है। मुख्यमंत्री ने एक लाख 80 हजार की आमदनी वाले परिवार की बेटियों के लिए नि:शुल्क शिक्षा का प्रावधान रखा है। उनके विजन के चलते प्रदेश के राजकीय विद्यालय निजी स्कूलों को भी मात दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों का समग्र एवम सर्वांगीण विकास करना होता है। जिसमें उसके शारिरिक व बौद्धिक विकास के साथ सांस्कृतिक विकास भी शामिल है। ये स्पर्धाएं विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखार देती हैं। भाषा, कला व संस्कृति ही मनुष्य को अन्य प्राणियों से अलग व विलक्षण बनाती हैं। उन्होंने प्रतिभागी विद्यार्थियों को तीन दिन तक चलने वाली स्पर्धाओं में बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं और व्यवस्था में लगे अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रदेशभर से आए प्रतिभागियों की सुविधाओं का विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने कहा कि विद्यार्थियों को खेल व सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ क्विज व अन्य सह शैक्षणिक गतिविधियों में बढ़चढ़कर भाग लेना चाहिए।



# पुलिस कर्मचारियों को दी आग से बचाव करने की जानकारी


**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) पुलिस अधीक्षक** कार्यालय में पुलिस कर्मचारियों को आग से बचाव करने की जानकारी दी गई। दिनांक 01 दिसम्बर 2023 को पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र के आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक कार्यालय में ट्रेनिंग का आयोजन किया गया है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक श्री सुरेन्द्र सिंह भोरिया के निर्देशानुसार शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में तैनात कर्मचारियों के लिए आग बुझाने के लिए एक ट्रेनिंग करवाई गई। शुक्रवार को फायर एंड रिफिल सर्विस कुरुक्षेत्र के हरीश कुमार व रवि कुमार ने कार्यालयों में लगे आग बुझाने के यंत्रो के बारे में जानकारी दी। हरीश कुमार ने बताया कि किसी आपात स्थिति में कोई भी कर्मचारी कार्यालयों में लगे आग बुझाने के यंत्रो और अग्निशमन यंत्रो से आग बुझा सकतें हैं। ट्रेनिंग के दौरान पुलिस के जवानों को अग्निशमन यंत्रो के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।



# 'तेलंगाना में बनेगी कांग्रेस की सरकार'

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)कांग्रेस** नेता सतपाल शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान पर कटाक्ष करते हुए कहा की प्रधानमंत्री और अमित शाह कांग्रेस के विधायकों को बिना गारंटी का चीनी माल बता रहे हैं, पहले तो शाह और मोदी को बता दूं की तेलंगाना में पूर्ण बहुमत से कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है अगर कहीं कमी रही तो भाजपा के चाइनीस विधायक कांग्रेस का साथ देंगे और तेलंगाना में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनेगी।

शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को अपनी भाषा को मर्यादा में रखना चाहिए। जो लोग कांग्रेस के विधायकों को चीनी माल बता रहे हैं वह यह मत भूलें की 2019 में सिंधिया के साथ जो विधायक आए थे मध्य प्रदेश में वह लोग क्या थे जो आज सिंधिया आपके केंद्रीय मंत्री हैं क्या वह चीनी माल हैं आप ही ने बोला है कि चीनी माल बिना गारंटी का होता है, फिर नरेंद्र मोदी किस बात पर गारंटी देते हैं यह देश की जनता समझ चुकी है और अब जनता मोदी के बहकावे में नहीं आएगी। 2014 में नरेंद्र मोदी ने कहा था कि हर साल 2 करोड़ रोजगार देंगे महंगाई खत्म करेंगे गैस सिलेंडर 250 रुपए में देंगे पेट्रोल 30 रूपए में देंगे उसे गारंटी का क्या हुआ। देश की जनता जुमले और झूठे वादों से ऊब चुकी है पांचो राज्यों और 2024 में केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनेगी।



## भारतीय किसान यूनियन की हुई मासिक बैठक

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। भारतीय किसान** यूनियन की मासिक बैठक किसान भवन में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता किसान भवन के प्रभारी इनाम खान ने की। बैठक में मासिक लेखा-जोखा पेश किया गया और किसानों की विभिन्न समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में कृषि मंत्री जेपी दलाल द्वारा किसानों पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी की घोर निंदा की गई। बैठक के दौरान कृषि मंत्री व सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। बैठक में किसान संगठन व खापों द्वारा लोहारू में कृषि मंत्री का बहिष्कार करने के निर्णय का स्वागत किया गया।

# कांग्रेस ने देश को समस्याओं में उलझायाः नायब सैनी

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया** भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने चरखी दादरी में अपने नागरिक अभिनंदन समारोह में मोदी और मनोहर सरकार के विकास कार्यों की जमकर तारीफ की। वहीं उन्होंने कांग्रेस के शासनकाल पर भी निशाना साधा। श्री सैनी ने कहा कि कांग्रेस ने देश को समस्याओं में उलझाकर रखा तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की समस्याओं का स्थायी समाधान किया। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश में अभूतपूर्व बदलाव आया है और विश्व पटल पर भारत की छवि भी सशक्त हुई है। उन्होंने कहा कि मोदी-मनोहर की डबल इंजन सरकार का कमाल है कि देश और प्रदेश के गरीब समर्थ हो रहे हैं और उनके चेहरे आत्मविश्वास से खिल रहे हैं।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी के चरखी दादरी पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने रोड शो भी निकाला। दो घंटे तक चले रोड शो में जगह-जगह श्री सैनी का सामाजिक, धार्मिक व व्यापारिक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों ने स्वागत किया। इस दौरान बाइक पर सवार कार्यकर्ता हाथों में भाजपा का झंडा लेकर जय श्रीराम, मोदी-मनोहर जिंदाबाद, नायब सैनी जिंदाबाद के नारे लगाते रहे। पूरा चरखी दादरी शहर नायब सैनी के आगमन से भाजपामय हो गया।

रोड शो के बाद मंच पर पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी का किसान मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री बाबू भाई, जिला प्रभारी कमल यादव, जिला अध्यक्ष सतेन्द्र परमार, बबीता फौगाट, विधायक सोमवीर सांगवान, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष सुनीता दांगी, युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल राणा, किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सुखविंदर मांढी, जिला परिषद, ब्लॉक समिति के चेयरमैन, पार्टी पदाधिकारियों, सरपंचों व समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने बड़ी फूलमालाओं और पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। नायब सैनी ने कहा कि हरियाणा में जो सड़कों का जाल बिछा है यह कमाल मोदी-मनोहर सरकार ने 9 सालों में करके दिखाया है। 2014 से पहले एक जिले से दूसरे में जाने में घंटो लग जाते थे। उन्होंने कहा कि भाजपा के शासनकाल में कब दूसरा जिला आ गया पता ही नहीं चलता। श्री सैनी ने कहा कि बुनियादी सुविधाएं देकर डबल इंजन सरकार ने नागरिकों का जीवन सरल बनाने का काम किया है। भाजपा सरकार की उपलब्धियों पर बोलते हुए श्री सैनी ने कहा कि 2014 से पहले गरीब व्यक्ति पैसों के अभाव में इलाज नहीं करा पाता था। लेकिन अब मोदी-मनोहर सरकार ने आयुष्मान और चिरायु कार्ड योजना देकर गरीबों को इलाज की चिंता से मुक्ति दिलाई है। हर घर नल से जल, रसोई गैस कनेक्शन देकर महिलाओं के जीवन को सरल बनाने का काम मोदी और मनोहर सरकार ने किया है।

कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए श्री सैनी ने कहा कि कांग्रेस ने पहले गरीबों से झूठ बोलकर वोट ली और 55 सालों तक शासन किया। गरीब व्यक्ति कांग्रेस को वोट देकर सरकार को ढूंढते रहते थे और सरकार कहीं दिखाई नहीं देती थी। लेकिन 2014 के बाद मोदी सरकार बनने पर अब सरकार गरीबों को गांव-गांव में ढूंढकर उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ देते हुए समाज की मुख्यधारा से जोड़ रही है।

श्री सैनी ने कहा कि कांग्रेस की दुकान खाली हो चुकी है, इसलिए अब कांग्रेस के नेता वोट लेने के लिए झूठी गारंटी दे रहे हैं। देश और प्रदेश के लोग कांग्रेस के क्रिया कलापों को भूले नहीं हैं। श्री सैनी ने कांग्रेस को निशाना लेते हुए कहा कि कांग्रेस की गारंटी है तीन-तीन दिनों तक गैस सिलेंडर के लिए लाइनों में खड़े रखना। झूठी लोकप्रियता के लिए कांग्रेस के नेता नए-नए शगूफे छोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब कांग्रेस की गारंटी वोट लो और भ्रष्टाचार करो।

श्री सैनी ने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि वे कांग्रेस की झूठ और फरेब का जनता के बीच जाकर भांडा फोड़ें और लोगों को बताएं कि मोदी और मनोहर सरकार ने जितने काम किए हैं उतने काम कांग्रेस 55 सालों तक नहीं कर पाई।



# अहंकार बनता है पतन का कारणः ज्योतिर्मयानंद गिरी

**चंडीगढ़/ गुरुग्राम/टीम एक्शन इंडियागुरुग्राम** के लेजरवैली पार्क में श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव के पांचवें दिन कथावाचक महामंडलेश्वर आचार्य स्वामी ज्योतिर्मयानंद गिरी महाराज ने भगवान कृष्ण की बाल लीला का वर्णन किया। नटखट कन्हैया ने मिट्टी तो नहीं खाई है इसके लिए जब माता यशोदा ने बाल कृष्ण का मुंह खुलवाया तो मां को उन्हें मुंह में मिट्टी तो नजर नहीं आई लेकिन पूरा ब्रह्मांड जरूर नजर आ गया।

अखंड परमधाम के संस्थापक एवं श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र श्रीधाम अयोध्या ट्रस्ट के मुख्य स्थाई सदस्य श्री परमानन्द गिरी जी महाराज के सानिध्य में अखंड परमधाम के मुख्य संरक्षक महामंडलेश्वर आचार्य स्वामी ज्योतिर्मयानंद गिरी महाराज ने कृष्ण की बाल लीला, माखन चोरी, पूतना मोक्ष, काली निग्रह, गोवर्धन पूजा की कथा सुनाकर लोगों को परम सुख प्राप्त कराया। आज की कथा में मुख्य अतिथि भाजपा नेता बोधराज सीकरी रहे और कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्व हिंदु परिषद के जिला अध्यक्ष अजीत ने की। आज कथा के मुख्य यजमान श्रीमान सुनील यादव वजीराबाद रहे मुख्य अतिथि श्री सीकरी ने कहा कि महाधनवान व्यक्ति वही है जो अपने तन, मन, धन से सेवा भक्ति करे। परमात्मा की प्राप्ति सच्चे प्रेम के द्वारा ही संभव हो सकती है। उन्होंने कहा कि भागवत कथा का श्रवण करने वालों का सदैव कल्याण होता है और मुक्ति मिलती है।

कथा वाचक आचार्य ज्योतिर्मयानंद गिरी ने बाल लीलाओं पर बोलते हुए बताया कि कंस द्वारा भेजी गई पूतना नाम की राक्षसी का भगवान श्री कृष्ण ने स्तनपान करते-करते ही प्राण पखेरू उड़ा दिए और उसको मोक्ष दिया। बालक कृष्ण बाल लीलाओं से सभी का मन मोह लेते थे। नटखट स्वभाव के चलते यशोदा मां के पास उनकी हर रोज शिकायत आती थी। मां उन्हें कहती थीं कि प्रतिदिन तुम माखन चुरा के खाया करते हो। तो वह तुरंत मुंह खोलकर मां को दिखा दिया करते थे कि मैंने माखन नहीं खाया। गोपियों को बुरा नहीं लगता था, वे तो उनके बार बार दर्शन का व्याकुल होकर माता यशोदा के पास शिकायत को पहुंच जाती थीं। श्रीकृष्ण बाल लीला की कथा सुनकर श्रद्धालु भगवान कृष्ण की जयजयकार कर भाव विभोर होकर झूम उठे। गोवर्धन पूजा की कथा सुनाते हुए आचार्य ने कहा कि इंद्र को अहंकार के चलते अपनी पूजा कराने का बहुत ही शौक था जिसका मान मर्दन कान्हा ने किया और इंद्र द्वारा अतिवृष्टि करने पर गोवर्धन पर्वत उठाकर जीवन को बचाने में महती भूमिका निभाई है।



# भाजपा युवा नेता नीरज ने प्रदेशाध्यक्ष का आवास पर युवाओं के साथ किया स्वागत

**बातचीत**

**8 - गरीब परिवार के प्रतिभाशाली युवाओं को मिल रही है नौकरियां : नायब सिंह सैनी**

**राई/टीम एक्शन इंडिया** जी टी रोड स्थित एलडीको में भाजपा युवा नेता नीरज ठरू के आवास पर भाजपा के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष एवं कुरुक्षेत्र से सांसद नायब सिंह सैनी देर रात पहुंचे और कार्यकर्ताओं से बातचीत की। भाजपा युवा नेता नीरज ठरू के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इसके बाद कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस की गारंटी केवल तीन दिन गैस सिलेंडर देने की होती है। कांग्रेस कार्यकाल में लोग सिलेंडर के लिए लाईनों में लगे रहते थे। आज किसी को परेशान होने की जरूरत नहीं। गरीबों को निशुल्क गैस कनेक्शन दिए जा रहे है। प्रदेश में कांग्रेस के समय में भ्रष्टाचार पर नौकरी मिलती थी लेकिन आज गरीब परिवार के युवा एचसीएस से लेकर अन्य विभागों में बिना खर्ची- पर्ची के नौकरी लगे रहे है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल प्रदेश का विकास कराने में लगे है। केन्द्र सरकार से हर कोई खुश है। इस मौके पर उनके साथ पूर्व मंत्री कविता जैन, विधायक मोहनलाल बड़ौली, आजाद नेहरा, जिलाध्यक्ष तीर्थ राणा, आईसीसी बैंक सैक्टर १५ के प्रबंधक मनोज राठी,दीपक दीपक त्यागी, मोनू राठी, पंकज शर्मा आदि गणमान्य लोग मौजूद थे।



## न्यूज फ्लैश

### थाना यातायात की टीम ने सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत चलाया अभियान

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला पुलिस** द्वारा पुलिस महानिरीक्षक ट्रैफिक और हाईवे के आदेशानुसार और पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के निर्देशन में सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत अभियान चलाया हुआ है। इस अभियान में स्कूल के बच्चों की सुरक्षा हेतु स्कूल बस में कैमरा लगाने बारे हिदायत दी गई।

इस अभियान में शहर के भिन्न-भिन्न स्कूलों में थाना यातायात की टीम द्वारा जाकर बसों में कैमरा और सेफ्टी कीट की चैकिंग की गई। अभियान के दौरान स्कूल बसों को रुकवाकर भी चेक किया गया। सभी स्कूल प्रबंधकों, बस चालकों को स्कूल बस में कैमरा और सेफ्टी कीट रखने बारे हिदायतें दी गई।

थाना यातायात की टीम द्वारा स्कूल बस चालकों को यातायात के नियमों बारे भी जागरूक किया गया। यह अभियान चलाने का उद्देश्य स्कूल बसों में आने जाने वाले विद्यार्थियों को सुरक्षा मुहैया करवाना है। जिले में यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। यह अभियान थाना यातायात प्रबंधक के नेतृत्व में एएसआई अशोक, मुख्य सिपाही सुरेंद्र और जिला कॉर्डिनेटर अलका कंबोज तथा टीम द्वारा चलाया गया।

### सडक दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए वाहनों पर लगाए गए रिफ्लेक्टर टेप

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला** पुलिस की थाना यातायात की टीम द्वारा आज सडकों पर आने-जाने वाले वाहनों के आगे-पीछे रिफ्लेक्टर टेप लगाए गए, ताकि सडक दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

पुलिस प्रवक्ता सचिन कुमार ने बताया कि एसपी शशांक कुमार सावन के दिशा-निर्देश अंतर्गत शुक्रवार की सुबह थाना प्रबंधक यातायात निरीक्षक सुरेश कुमार तथा ट्रैफिक पुलिस के अन्य पुलिस कर्मचारियों द्वारा सडक पर चलने वाले ट्रैक्टर-ट्राली, ट्रक, कार सहित वाहनों पर लाल, पीली व सफेद रिफ्लेक्टर टेप लगाई गई।

इसके अतिरिक्त सभी वाहन चालकों को बताया गया कि आने वाले दिनों में धुंध का मौसम आने वाला है। इस दौरान पुलिस द्वारा वाहन चालकों को धुंध के मौसम के दौरान सावधानियां बरतते हुए अपने वाहन धीमी गति में चलाने हेतु जागरूक करने के अलावा यातायात नियमों की समुचित पालना करने तथा फॉग लाईट व डीपर का प्रयोग करने के दिशा-निर्देश दिए गए। बताया गया कि रात के समय अपने वाहन के खराब होने तथा अन्य किसी भी स्थिति में वाहन को सडक पर खड़ा ना करके सडक से नीचे खड़ा करें, ताकि कोई अप्रिय घटना घटित न हो सके।

### विकसित भारत के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहे हैं नरेन्द्र मोदी : हरविंद्र कल्याण

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**विकसित भारत** जन संवाद संकल्प यात्रा के माध्यम से सरकार हर गरीब व्यक्ति तक पंहुच रही है और उन्हें सरकार की योजनाओं से अवगत करवा रही है। इस यात्रा के माध्यम से सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों का फीडबैक भी लिया जाएगा और जो पात्र व्यक्ति बच गए हैं उन्हें भी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा।

यह बात घरौंडा के विधायक हरविंद्र कल्याण ने गांव फरीदपुर में शुक्रवार को विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा के गांव में पंहुचने पर आयोजित कार्यक्रम में कही। हरविंद्र कल्याण ने कहा कि प्रधानमंत्री विकसित भारत के लक्ष्य को लेकर विकास के रास्ते पर देश को लेकर जा रहे हैं । योजनाओं को धरातल पर पंहुचाने के लिए हमें ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करना है और उन योजनाओं का लाभ भी पात्र लोगों को दिलवाना है। यह यात्रा प्रत्येक गांव में पंहुचेगी और पात्र लोगों को लाभ प्रदान करेगी।

विकसित भारत जनसंवाद संकल्प यात्रा के कार्यक्रम के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न विभागों की स्टाल भी लगाई गई। जिन पर अधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा अपने-अपने विभाग से सम्बंधित सरकार द्वारा जनहित में शुरू की गई विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई। कार्यक्रम में हैल्पडेस्क भी स्थापित किया गया था।

इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संदेश भी सुनवाया गया। यही नहीं कार्यक्रम में गांव के प्रतिष्ठित लोगों, उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के मौके पर गांव फरीदपुर में विधायक हरविंद्र कल्याण ने संकल्प शपथ भी लोगों को दिलवाई और अपील की कि सरकार की योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ लें। इस अवसर पर सरपंच द्वारा सभी को स्मृति चिन्ह और पगड़ी भी भेंट की गई। कार्यक्रम में अतिरिक्त उपायुक्त डॉ.वैशाली शर्मा, एसडीएम घरौंडा अदिति, नगर पालिका घरौंडा चेयरमैन हैप्पी लक गुप्ता,ब्लॉक चैयरमैन प्रतिनिधी अनिल कुमार, पूर्व मार्किट कमेटी चेयरमैन ईलम सिंह, बीडीपीओ अशोक छिक्कारा सहित सभी विभागों के अधिकारी तथा कर्मचारी व गांव के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# 'बीएलओ की फॉर्म नंबर 6, 7 व 8 को लेकर परफॉर्मेंस संतोषजनक नहीं है'

## बीएलओ को घर-घर जाकर नई वोट बनाने के दिए दिशा-निर्देश

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। उपायुक्त** एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनीश यादव ने जिला में नए वोट बनाने को लेकर सभी ईआरओ व एईआरओ के साथ की शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में समीक्षा बैठक की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन बीएलओ की फॉर्म नंबर 6, 7 व 8 को लेकर परफॉर्मेंस संतोषजनक नहीं है उनके खिलाफ कार्रवाई करें।



उपायुक्त ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं की संख्या बढ़ाने व मतदाता सूची की शुद्धिकरण के कार्य को पूरा महत्व दिया जा रहा है और समय रहते जिला में भी निर्धारित लक्ष्य को पूरा किया जाए। उन्होंने बताया कि 9 दिसंबर तक नए वोट बनाने तथा मतदाता सूचि को लेकर दावें व आपत्तियों के फार्म प्राप्त किए जाने हैं। इसलिए सभी ईआरओ अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र में नए वोट बनाने व मतदाता सूची के शुद्धिकरण के कार्य को गंभीरता से लें और सभी बीएलओज को सख्त हिदायत दें कि कोई भी व्यक्ति वोट बनवाने से वंचित न रहे।

उन्होंने कहा कि बीएलओ फार्म नंबर 6, 7 व 8 को घर-घर जाकर प्राप्त करें। इसके लिए संबंधित सुपरवाइकार पर कड़ी नजर रखेंगे और प्रत्येक दिन की प्रगति रिपोर्ट संबंधित ईआरओ को भेजना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि कोई भी व्यक्ति फार्म नंबर 6, 7 व 8 को एनवीएस पोर्टल पर स्वयं भी अपलोड कर सकते हैं।

बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा, एसडीएम करनाल अनुभव मेहता, एसडीएम घरौंडा अदिति, एसडीएम असंध वीरेन्द्र ढुल, एसडीएम इन्द्री अशोक कुमार, नगराधीश अमन कुमार, चुनाव तहसीलदार जयकिशन तथा चुनाव कानूनगो मौजूद रहे।

### उत्तम स्वास्थ्य से बनती है अच्छी सोच और जीवनः अमन कुमार



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। उपायुक्त** अनीश यादव के मार्गदर्शन में माता प्रकाश कौर श्रवण एवं वाणी निशक्तजन कल्याण केंद्र में चल रही प्रातः योग कक्षा का उद्घाटन सिटी मजिस्ट्रेट अमन कुमार ने दीप प्रज्वलित करके किया। उन्होंने बधिर एवं दिव्यांगजन बच्चों के साथ योगाभ्यास भी किया। बच्चों को आशीर्वाद और प्रेरणादायक संदेश देते हुए सिटी मजिस्ट्रेट ने कहा कि योग का हमारे जीवन में उत्तम स्वास्थ्य के लिए नियमित योगाभ्यास बहुत आवश्यक है, जिससे हम निरोग और सकारात्मक दृष्टिकोण वाले बनते हैं तथा अच्छा स्वस्थ व्यक्ति ही परिवार, समाज और देश के उत्थान में सहयोगी बनता है। सिटी मजिस्ट्रेट ने हरियाणा सरकार द्वारा दिव्यांगजन के कल्याणार्थ चल रही योजनाओं के बारे बताया, जिनके लाभ से दिव्यांगजन भी देश का सम्मानित नागरिक बन सकता है।

### करनालः विभागों ने लगाए स्टाल, लोगों ने ली योजनाओं की जानकारी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। विकसित** भारत संकल्प यात्रा के गांव मंजूरा आगमन पर सरकारी सीनियर सेकंडरी स्कूल के मैदान में आज विभिन्न विभागों की ओर से स्टाल लगाये गये। बड़ी संख्या में इन स्टाल्स पर लोगों ने पहुंचकर सरकारी योजनाओं की जानकारी ली। कुछ लोगों ने परिवार पहचान पत्र में संशोधन संबंधी आवेदन दिए। मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष योगेंद्र राणा व पूर्व विधायक बख्शीश सिंह ने इन स्टाल्स का अवलोकन किया। पंचायत विभाग की ओर से हैल्प डेस्क स्थापित किया गया था। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर लगाये गये स्टाल पर आंगनवाड़ी वर्कर्स ने अपने उत्पादों को दशार्या। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग की ओर डा.महेश मेहरा, डा. अंकित, डा. सारिका आदि ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। मरीजों के वजन, लंबाई, बीपी, एचबी आदि की जांच एमपीएचडब्ल्यू लाजवंति, अनुराधा आदि ने की। पीएनबी कीओर से लगाये गये स्टाल पर लोगों को ऋण संबंधी जानकारी दी गई। इसके अलावा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, उद्यान, आयुष, खाद्य निगरानी व आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले, रेडक्रास सोसायटी, नवीन एवं नवीकरणीय योजना विभाग की ओर से लगाये गये स्टालों पर जन कल्याण की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।



### दुधारू व गर्भावस्था गायों की लगी खुली बोली

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**फूसगढ़** स्थित गौशाला में मौजूद दुधारू व गर्भावस्था की गायों को खरीदने की छटी खुली बोली शुक्रवार को सम्पन्न हुई। कुल 22 गाय, 1 लाख 67 हजार 400 रुपये में बिकी।

बोली में 20 व्यक्तियों ने भाग लिया, इनमें से 6 व्यक्ति 2-2 गाय तथा 10 व्यक्ति 1-1 गाय खरीद कर गौ सेवक बने। बोली प्रातः 11 बजे शुरू होकर सांय 5 बजे तक चली। यह जानकारी उप निगम आयुक्त अरूण भार्गव ने दी।

उप निगमायुक्त ने बताया कि नियमानुसार सबसे पहले बोली में भाग लेने वाले गौ सेवकों को मौके पर गाय दिखाई गई। नगर निगम की ओर से गायों पर टैग नम्बर लगाए गए थे।

### नगर निगम ने अनाधिकृत निर्माण को गिराया : संयुक्त आयुक्त अदिति

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। अनाधिकृत** निर्माण को रोकने के लिए नगर निगम लगातार सख्ती बरत रहा है। इसी कड़ी में गुरूवार को नेशनल हाईवे-44 स्थित म्यूर ढाबा द्वारा पीछे की तरफ किए गए अवैध निर्माण पर कार्रवाई करते हुए उसे गिराया गया। नगर निगम की संयुक्त आयुक्त अदिति ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उपरोक्त निर्माण को लेकर म्यूर ढाबा के मालिक को नियमानुसार दो नोटिस जारी किए गए थे, जिसका न तो कोई जवाब दिया गया और न ही नोटिस की पालना की गई। परिणामस्वरूप नगर निगम अधिनियम 1994 की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माण को जेसीबी की मदद से गिराया दिया गया। कार्रवाई शांतिपूर्ण सम्पूर्ण करवाने के लिए उप निगमायुक्त अरूण भार्गव को ड्यूटी मजिस्ट्रेट बनाया गया था। तोड़-फोड़ करने गई टीम में सहायक नगर योजनाकार संदीप राठी, भवन निरीक्षक विकास अरोड़ा, कनिष्ठ अभियंता प्रशांत राणा तथा भारी पुलिस बल भी था। खास बात यह है कि इस कार्रवाई में किसी तरह का विरोध नहीं हुआ। संयुक्त आयुक्त ने इस कार्रवाई के बाद कहा कि अनाधिकृत निर्माण रोकने को लेकर नगर निगम निरंतर कार्रवाई कर रहा है। नगर निगम की मनाही के बावजूद भी जो लोग अपनी मनमर्जी से अवैध निर्माण कर रहे हैं।



## मंजूरा में हुआ विकसित भारत संकल्प जन संवाद यात्रा का स्वागत

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला** भाजपा अध्यक्ष योगेंद्र राणा ने कहा कि पिछली सरकारों के समय सरकारी नौकरियों में भाई-भतीजावाद व क्षेत्रावाद का बोलबाला था। भाजपा सरकार ने इस व्यवस्था को बदला है। पर्ची-खर्ची सिस्टम बंद हो गया है, नौकरियां मेरिट के आधार पर दी जा रही हैं। भाजपा शासन में अब तक एक लाख 10 हजार से अधिक नौकरियां दी जा चुकी हैं और 60 हजार पाइप लाईन में हैं। इसके अलावा कौशल विकास को बढ़ावा दिया जा रहा है ताकि युवा स्वरोजगार अपनाकर दूसरों को भी रोजगार दे सकें।



योगेंद्र राणा आज गांव में मंजूरा में विकसित भारत संकल्प जन संवाद यात्रा के आगमन पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक बख्शीश सिंह विर्क ने की। यात्रा व मुख्य अतिथि का गांव में पहुंचने पर पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। इस मौके पर प्रचार वैन पर लगी एलईडी के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 विजन पर आधारित तथा हरियाणा सरकार की 9 वर्ष की उपलब्धियों पर आधारित केन्द्रित लघु फिल्म दिखाई गई। मेरी कहानी मेरी जुबानी थीम के तहत क्षेत्र के लाभाथीयों ने सरकार की जनहितकारी नीतियों की सराहना की और लाभार्थी गांव की सोनिया और रिंकू ने अनुभव सांझा किये। रिंकू ने बताया कि आयुष्मान योजना के तहत उनका मुफ्त में इलाज संभव हो सका है। इस अवसर पर टीबी मरीज संजीव कुमार, रीना देवी और केहर सिंह को पौष्टिक आहार की किट वितरित की गई।

कार्यक्रम में सूचना, जन संपर्क एवं भाषा विभाग की ओर से कलाकरों द्वारा लोग गीतों के माध्यम से आमजन को सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया। इस मौके पर पूर्व विधायक बख्शीश सिंह विर्क ने लोगों को भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने संबंधी संकल्प शपथ दिलाई और सरकार द्वारा जनहित में चलाई जा रही योजनाओं की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष योगेंद्र राणा ने इस अवसर पर कहा कि यात्रा 25 जनवरी तक प्रदेश के हर गांव व शहर में जायेगी। यात्रा का उद्देश्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और लाभार्थियों से फीडबैक हासिल करना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सूचना प्रौद्योगिकी का प्रयोग कर राज्य में व्यवस्था परिवर्तन का काम किया है।

### फिट इंडिया मूवमेंट वीक का हुआ समापन, 58 यूनिट किया गया एकत्र



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**स्टेट इंस्टिट्यूट** ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी नीलोखेड़ी में फिट इंडिया मूवमेंट वीक डॉ. के.के. कटारिया निदेशक प्रिंसिपल के निर्देशन में 28 नवंबर से 1 दिसंबर तक मनाया गया। इस कार्यक्रम में सभी विद्यार्थी तथा स्टाफ सदस्यों ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया। फिट इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिसमें रस्सा-कस्सी, पुश-अप, वॉलीबॉल, स्किप रोप आदि प्रतियोगिताओं में सभी विद्यार्थियों तथा स्टाफ सदस्यों ने अपना दमखम दिखाया।

आज यहां आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ रजिस्ट्रार ओमवीर सिंह राणा ने किया। इस रक्तदान शिविर में कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज के डॉ. विकास सैनी और उनकी टीम ने ब्लड कलेक्शन किया रक्तदान के लिए 65 स्टाफ सदस्य और छात्रों ने पंजीकरण करवाया तथा 58 यूनिट ब्लड कलेक्ट किया। सभी दान कताओं तथा स्वयंसेवकों को जलपान भी दिया गया। कार्यक्रम के अंत में रजिस्ट्रार ओमवीर सिंह राणा ने सभी को धन्यवाद दिया। इस कार्यक्रम में डॉ. टी.आर. मुद्गल, डॉ. हवा सिंह, डॉ. पवन, वेद प्रकाश, डॉ. दीपक, डॉ. शिव गोयल, डॉ. परविंदर, डॉ. संदीप, डॉ. नीलम डॉ मुकेश, अनुज, राजिंदर आदि उपस्थित रहे।

### कार्यालय में मनाया गया एचआईवी-एड्स जागरूकता दिवस

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**एचआईवी-एडस अवेयरनैस** विश्व एडस दिवस सिविल सर्जन डा. कृष्ण कुमार की अध्यक्षता में मनाया गया, जिसमें सिविल सर्जन द्वारा 50 उबर कैब को हरी झंडी देकर रवाना किया गया। जिला करनाल में एक महीने के लिए 50 उबर कैब में एचआईवी-एडस अवेयरनैस की जाएगी, ताकि पब्लिक एचआईवी-एडस के बारे में जागरूक हो और ज्यादा से ज्यादा लोग अपनी एचआईवी टैस्टिंग करवाएं। सिविल सर्जन ने उपस्थित जनसमूह को प्रोग्राम के बारे में बताया। इस मौके पर जिला नोडल अधिकारी यटीबी-एडस, डा. सिम्मी कपूरए उप सिविल सर्जन डा. शीनू, उप सिविल सर्जन डा. अनु शर्मा, उप सिविल सर्जन डा. रविन्दर संधु, उप सिविल सर्जन डा. नरेश, उप सिविल सर्जन डा. सरोज, उप सिविल सर्जन डा. कैलाश मौजूद रहे।

## शहर में चलेगा विशेष सफाई अभियानः अभिषेक

### खुले क्षेत्र, सडकें, चौराहे, गोल-चक्कर, पार्क व सैंट्रल वर्ज की होगी सघन सफाई

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। मुख्यमंत्री मनोहर** लाल के आदेशानुसार प्रदेशभर में 1 से 7 दिसंबर तक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा, इसके तहत पूरे शहर की सघन सफाई की जाएगी। अभियान को सफल बनाने के लिए शुक्रवार को जिला निगम आयुक्त एवं निगमायुक्त अभिषेक मीणा ने विडियो कॉंफ्रैंसिंग (वी.सी.) के माध्यम से नगर पालिका सचिवों व निगम की सफाई शाखा के अधिकारियों को स्पष्ट्द निर्देश देते कहा कि इन सात दिनों में शहर के खुले क्षेत्र, सडकें, चौराहे, गोल-चक्कर, गलियों, नालियों, पार्क व सैंट्रल वर्ज इत्यादि की पूर्ण रूप से साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए।

जोन अनुसार जिम्मेदार अधिकारियों-कर्मचारियों की लगाएं ड्यूटी- निगमायुक्त ने पालिका सचिवों को निर्देश दिए कि विशेष स्वच्छता अभियान के दौरान जोन अनुसार जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी तुरंत प्रभाव से लगाई जाए। इस कार्य में कौताही बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नगर पालिका सचिव व अभियंता अभियान के दौरान अपनी पूर्ण निगरानी बनाकर रखेंगे। उन्होंने कहा कि इस दौरान रोजाना सफाई कार्य से अलग काम करना है, कोई भी क्षेत्र सफाई से वंचित नहीं रहना चाहिए। सफाई के बाद गंदगी को कचरा स्थल पर ही गिराया जाए, कोई भी वेस्ट बाहर पड़ा नजर नहीं आना चाहिए।

कार्यकारी अभियंताओं को बनाया नोडल अधिकारी- उन्होंने वी.सी. में मौजूद नगर निगम के कार्यकारी अभियंताओं को सफाई के लिए बनाए गए चारों जोन का नोडल अधिकारी नियुक्त किया। ई.ई. सतीश शर्मा को जोन 1 का नोडल अधिकारी बनाया गया है। ई.ई. मोनिका शर्मा को जोन 2, ई.ई. प्रियंका सैनी को जोन 3 तथा ई.ई. नरेश त्यागी को जोन 4 का नोडल अधिकारी बनाया गया है।

## सचिव ने परीक्षा को लेकर उपायुक्तों के साथ की बैठक

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**मुख्य** सचिव संजीव कौशल ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा 2 व 3 दिसंबर को विभिन्न स्तरों के लिए आयोजित करवाई जा रही हरियाणा शिक्षक पात्रता परीक्षा को शांतिपूर्ण, नकलरहित एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न करवाने के दृष्टिगत शुक्रवार को चण्डीगढ़ से विडियों कान्फ्रेंसिग के माध्यम से जिला उपायुक्तों के साथ प्रबंधो की समीक्षा की और उनकों आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी उपायुक्त हरियाणा शिक्षक पात्रता परीक्षा को लेकर अपने-अपने जिलों में शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी की गई हिदायतों की दृढ़ता से पालना करना सुनिश्चित करेंगे। वीसी में उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि 2 व 3 दिसंबर को विभिन्न स्तरों के लिए आयोजित होनी वाली हरियाणा शिक्षक पात्रता परीक्षा (एचटीईटी) को नकलरहित एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने के लिए प्रशासन द्वारा पुख्ता प्रबंध किए गए है। उन्होंने बताया कि जिला में 13 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए है। जिनमें 7 हजार 916 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इन्द्री के एसडीएम अशोक कुमार को इस लिखित परीक्षा के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उक्त परीक्षाओं के मद्देनजर जिले में आपराधिक अधिनियम 1973 की धारा 144 के तहत परीक्षा केन्द्रों के निकट निषेधाज्ञा आगामी 2 व 3 दिसम्बर के लिए लागू कर दी है। लिखित परीक्षा के लिए ड्यूटी मैजिस्ट्रेट-कम-फलाईंग क्वॉयड ऑफिसर किए नियुक्त हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा को नकलरहित एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न करवाने के लिए डीएवी पीजी कॉलेज ब्लॉक बी 1 व बी 2 तथा गुरू नानक खालसा कॉलेज रेलवे रोड करनाल ब्लॉक बी1 व बी 2 के लिए पंचायती राज के कार्यकारी अभियंता परमिंदर सिंह, दयाल सिंह कॉलेज करनाल ब्लॉक बी1 व बी 2 तथा दयाल सिंह पब्लिक स्कूल दयाल सिंह कॉलोनी करनाल-6 व दयाल सिंह पब्लिक स्कूल सैक्टर 7 अर्बन अस्टेट करनाल-7 के लिए एचवीपीएनएल के कार्यकारी अभियंता रणदीप सिंह चौहान, गुरूतेग बहादुर पब्लिक स्कूल मॉडल टाउन करनाल, निशान पब्लिक स्कूल करनाल, डीएवी सेंच्यूरी पब्लिक स्कूल इन्द्री रोड करनाल के लिए जिला आयुर्वेदिक अधिकारी सतपाल तथा गुरू हरिकिशन पब्लिक स्कूल सैक्टर 13 व जैनगर्ल सीनियर सैकेण्ड्री स्कूल दयालपुरा गेट रेलवे रोड करनाल के लिए काडा के कार्यकारी अभियंता हरिदेव काम्बोज को ड्यूटी मैजिस्ट्रेट-कम-फ्लाईंग क्वॉयड ऑफिसर नियुक्त किया गया है।



## आओ मिलकर कसम खाएं, एड्स को हम जड़ से मिटाएं: कुलबीर मलिक

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**विश्व** एड्स दिवस के उपलक्ष में उपायुक्त अनीश यादव,व डॉ. मुकेश अग्रवाल, महासचिव हरियाणा रेडक्रॉस के निर्देश अनुसार 1 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस मनाया गया।

जिला रेडक्रास सोसायटी के सचिव कुलबीर मलिक ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय एड्स दिवस के उपलक्ष में रेड⁄ॉस भवन में एक नुक्कड़ नाटक के माध्यम से एड्स से बचाव बारे संदेश दिया। डॉ. कृष्ण कुमार सिविल सर्जन ने प्रोग्राम में उपस्थित होकर सभी से एचआईवी एड्स बारे बातचीत की कि एड्स कैसे फैलता है, एड्स की रोकथाम व इलाज के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। इस अवसर पर आमजन को जागरूक करने के लिए एक रैली का आयोजन किया गया, जिसे डॉ. कृष्ण कुमार सिविल सर्जन व कुलबीर मलिक सचिव जिला रेडक्रॉस ने झंडी दिखाकर रवाना किया, ताकि एचआईवी एड्स बारे जागरूकता फैलाई जाए।



## संपादकीय

# तुम किस मिट्टी के बने हो

**एक** पत्रकार ने नौकरी छोड़कर यूट्यूब चैनल शुरू कर दिया। तब एक यूजर ने पूछा, यदि पहले की तरह किसी ने इसे भी खरीद लिया तो कहाँ जाओगे? पहले दिन उस पत्रकार ने पूरा मन लगाकर काम किया। तब एक यूजर ने फिर से पूछा, आज तुमने कितनी खबरें दिखाईं? पत्रकार ने कहा कि मैंने तो सिर्फ एक खबर ही दिखाई। यूजर चौंककर बोला, क्या सिर्फ एक ही खबर। आम तौर पर भौंकू चैनलों पर काम करने वाले हर भौंकने वाले पत्रकार दस से पंद्रह खबर तो छींक मारकर दिखा देते हैं। अच्छा ये बताओं तुमने कौनसी खबर दिखाई? एक खबर में सबकी कबर । पत्रकार बोला। क्या! लेकिन तुमने यह कैसे किया? आश्चर्यजनक रूप से यूजर ने पूछा। पत्रकार ने कहा, एक यूजर ने कमेंट बॉक्स में लिख डाला कि दम है तो अपनी खबर से मुझे कबर तक पहुँचाओ। मैंने सबसे पहले दो हजार रुपए की नोट ली। उसे ऊपर से नीचे की ओर फेंक दिया। मैंने कहा इसे कहते हैं रुपए का गिरना। वह काफी प्रभावित हुआ। फिर मैंने कहा कि इसे मैं कहीं से भी ढूँढ़ सकता हूँ। मैंने अपने फोन में वाईफाई ऑन कर दो हजार के नोट में छिपे चिप से लिंक किया। गूगल मैप की तर्ज पर मुझे दो हजार रुपए का पता मिल गया। यूजर का होश उड़ता जा रहा था। मैं यहीं तक नहीं रुका। फिर मैंने कहा कि यह नोट गुलाबी है। गुलाबी रंग से प्यार बढ़ता है। इसलिए इस नोट को अपने जेब में संभाले रखना। प्रेम खर्च करने से जीवन में शांति के साथ-साथ बची-खुची खुशी भी चली जाएगी। इतना कहते ही यूजर ने अपना पर्स टटोला। उसमें रखी दो हजार की नोट गायब थी। मैंने उसे ढांढस बंधाते हुए कहा कि इसमें रोने जैसी कोई बात नहीं है। एक बार अपने फोन का मैसेज इनबॉक्स देख लो। उसमें संदेश आया होगा कि फलां केर फंड में दो हजार जमा करने के लिए आपका बहुत बहुत धन्यवाद। आपकी देशभक्ति वेरिफाइड हो चुकी है। यह पढ़कर उसकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उसने अपने साथ-साथ एक लाख फॉलोवर्स को मेरे यूट्यूब चैनल पर सब्सक्राइब करवाकर मेरा गुणगान कर रहा है। पहले यूजर ने कहा, वाह यह तो बड़े कमाल की बात है। लेकिन मुझे यह समझ नहीं आता कि बीस-पच्चीस ऐसे भी यूजर हैं जो बार-बार तुम्हारी हर प्रेजेंटेशन पर तारीफों के पुल बाँधते नजर आते हैं। वैसे ये हैं कौन? तब पत्रकार ने कहा, ये बड़े-बड़े न्यूज चैनलों के एंकर हैं, जो मेरा मसाला चुराकर अपने चैनलों पर लड़ने-झगड़ने की तड़कदार-भड़कदार रेसिपी बनाते हैं। अंदर की बात यह है कि बेवकूफ बनने वाले भी बेवकूफ बनाने का मसाला यहीं से ले जाते हैं। कुछ लोग मुझसे सवाल-जवबा तलब करते हुए इसी का प्रदर्शन करते हैं।

# पाक परस्तों के साथ महबूबा का प्रेम तो देखो

आर.के. सिन्हा

"इन कश्मीरी छात्रों पर आरोप है कि इन्होंने विगत 19 नवंबर को क्रिकेट वर्ल्ड कप फाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया के हाथों भारत की हार के बाद जमकर जश्न मनाया और पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाये गए। छात्रों के ऊपर ह्लगैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियमह्व यानी यूएपीए के तहत केस दर्ज किया गया है। उन्हें अब दिन में तारे नजर आने लगेंगे। यूएपीए के तहत गिरफ्तार किए लोगों के लिए जमानत मिलना भी मुश्किल होता है। अगर किसी के ऊपर इस धारा के तहत मुकदमा दर्ज हो जाता है, तो उसके लिए निचली अदालतों से जमानत लेना बेहद कठिन होता है। इन छात्रों की हरकत के बारे में एक गैर-कश्मीरी छात्र ने शिकायत दर्ज करवाई थी। उसने कहा था कि जब ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराया, तब उनकी यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में कश्मीरी छात्रों ने खुलेआम जश्न मनाया"

**एहसान** फरामोशी के मामले में जम्मू-कश्मीर के कुछ लोगों का कोई जवाब नहीं है। उनकी बार-बार भारत के प्रति घृणा सामने आती ही रहती है। यह तो तब है जब भारत सरकार जम्मू-कश्मीर राज्य के लिए तमाम जन कल्याणकारी योजनाओं को लागू कर रही है। अब ताजा मामले को ही देख लें। राज्य के गांदरबेल में मौजूद 'शेर-ए-कश्मीर यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी' के सात छात्रों को गिरफ्तार किया गया है। इन कश्मीरी छात्रों पर आरोप है कि इन्होंने विगत 19 नवंबर को क्रिकेट वर्ल्ड कप फाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया के हाथों भारत की हार के बाद जमकर जश्न मनाया और पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाये गए। छात्रों के ऊपर ह्लगैरकानूनी गतिविधियाँ (रोकथाम) अधिनियमह्व यानी यूएपीए के तहत केस दर्ज किया गया है। उन्हें अब दिन में तारे नजर आने लगेंगे। यूएपीए के तहत गिरफ्तार किए लोगों के लिए जमानत मिलना भी मुश्किल होता है। अगर किसी के ऊपर इस धारा के तहत मुकदमा दर्ज हो जाता है, तो उसके लिए निचली अदालतों से जमानत लेना बेहद कठिन होता है। इन छात्रों की हरकत के बारे में एक गैर-कश्मीरी छात्र ने शिकायत दर्ज करवाई थी। उसने कहा था कि जब ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराया, तब उनकी यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में कश्मीरी छात्रों ने खुलेआम जश्न मनाया। इसकी वजह से वह और उसके बाकी साथी डर गए। डरे और सहमे छात्रों ने हॉस्टल में फोड़े जा रहे पटाखों को लेकर भी आपत्ति जताई। मगर कश्मीरी छात्र जश्न मनाते रहे। शिकायत के बाद पुलिस ने इन सातों कश्मीरी छात्रों को उनके हॉस्टल से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए छात्रों की पहचान तौकीर भट, मोहसिन फारूक वानी, आसिफ गुलजार वार, उमर नजीर डार, सैयद खालिद बुखारी, समीर राशिद मीर और उबैद अहमद के रूप में हुई है। गिरफ्तार कश्मीरी छात्र 'जीवे जीवे पाकिस्तान' (पाकिस्तान जिंदाबाद) के नारे लगा रहे थे। हालांकि कश्मीर में यह कोई पहली बार तो हो नहीं रहा है। कश्मीर घाटी में पाकिस्तान परस्त समय-समय पर सामने आने ही लगते हैं। हालांकि इनकी संख्या कोई बहुत तो नहीं



है, पर यह नहीं कहा जा सकता है कि वहां किसी का भी दिल पाकिस्तान के लिए नहीं धड़कता है। जम्मू-कश्मीर के कुछ वे नेता भी उन पाकिस्तान के चाहने वालों के हक में खड़े हो जाते हैं जो विधायक या सांसद भी रहे हैं। जिन्होंने भारत के संविधान में अपनी आस्था की कसम भी खाई है। पाकिस्तान के हक में नारेबाजी करने वाले छात्रों को गि?फ्तार किया तो पीडीपी की नेता महबूबा मुफ्ती को बहुत तकलीफ शुरू हो गई। उनका पाकिस्तान प्रेम सिर चढ़ कर सामने आ गया। उन्होंने गिरफ्तार छात्रों के लिए तत्काल पैरवी करनी चालू कर दी। वह पहले भी पाकिस्तान के साथ बेशर्मी के साथ खड़ी हुई नजर आती ही रही हैं। याद नहीं आता कि जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने मुंबई हमलों के गुनाहगारों को फांसी देने की भी कभी पाकिस्तान सरकार से मांग की हो। यह भी याद नहीं आता कि महबूबा मुफ्ती ने पाकिस्तान के घोर भारत विरोधी नेताओं जैसे शेख राशिद अहमद और फावद चौधरी की बयानबाजी पर कभी आपत्ति जताई हो। यह दोनों भारत पर एटमी हमला तक करने की धमकी देते रहे हैं। तब महबूबा मुफ्ती की जुबान सिल जाती है, जब वहां का कोई नेता भारत पर हमला करने की बातें करता है। जरा सोचिए कि जिस पाकिस्तान को सारी दुनिया आतंक का गढ़ मानती है, उसके प्रति महबूबा मुफ्ती का प्रेम कितना खुलकर सामने आ जाता है। उनकी इस घृष्टता की अनदेखी तो नहीं की जा सकती। क्या महबूबा मुफ्ती को पता नहीं है कि मुंबई हमलों के सारे के सारे हमलावर पाकिस्तानी थे? क्या वह मानती हैं कि अजमल कसाब पाकिस्तानी नहीं था? सारी दुनिया को पता है मुंबई में हमला पाकिस्तान में रहने वाले कठमुल्लों ने ही पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आई एस आई की मदद से ही करवाया था। भारत ने उस हमले के तमाम पुख्ता साक्ष्य पाकिस्तान को दिए। पर महबूबा मुफ्ती ने उन भयावह हमलों के लिए कभी पाकिस्तान को नहीं घेरा। पूर्व पाकिस्तान प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने भी माना था कि मुंबई में 2008 में हमला पाकिस्तान में प्रशिक्षित आतंकियों ने ही किया था। शरीफ ने कहा था कि मुंबई में हुए बड़े आतंकी हमले के पीछे पाकिस्तानी आतंकियों का हाथ था। क्या महबूबा मुफ्ती ने कभी अजमल कसाब को जिंदा पकड़ने के क्रम में अपनी जान लेने वाले तुकाराम ओम्बले के परिवार से मिलने की इच्छा तक जताई? क्या वह उनका अपना नायक नहीं मानती है?

खैर, अब देश जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान को चाहने वालों को बर्दाश्त नहीं करेगा। यह आस्तीन के सांप हैं। इन्हें खदेड़ा जाएगा। इन्हें चुन-चुनकर मारा जाएगा। भारत बदल चुका है। अब अपने देश में 'पाकिस्तान जिंदाबाद' कहने वालों की खैर नहीं है। जम्मू-कश्मीर में पहले भी पाकिस्तान के पक्ष में नारेबाजी होती रही है। तब भी पुलिस ने कठोर एक्शन लिया था। तब भी महबूबा मुफ्ती या उनके जैसे लोग पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने वालों के बचाव में आते रहे थे। इनका तर्क था कि पाकिस्तान जिंदाबाद कहने में बुराई ही क्या है? क्या उन्होंने पेरू जिंदाबाद कहा होता तो किसी को कोई एतराज होता? अब इन अक्ल के दुश्मनों से पूछ लो कि क्या अजमल कसाब को पेरू ने मुंबई में खून-खराबा करने के लिए भेजा था ? क्या इन्हें याद नहीं है कि मुंबई में कसाब और उसके साथियों ने किस तरह से सैकड़ों मासूम हिन्दुस्तानियों को मौत के घाट उतारा था? अगर इससे भी उनका दिल खुश नहीं होता तो याद कर लीजिए कि करगिल में पाकिस्तान ने क्या किया था। करगिल में अपने सैनिकों को भेजने के बहाने पाकिस्तान की योजना करगिल की कुछ चोटियों पर कब्जा करने और फिर श्रीनगर-लेह राजमार्ग को बंद करने की थी। इस सड़क को बंद करना पाकिस्तान की प्रमुख रणनीतियों में शामिल था। क्योंकि, यह एकमात्र रास्ता था जिससे भारत कश्मीर में तैनात सैनिकों को सैन्य हथियार और राशन भेजता था। पाकिस्तान का मानना था कि हालात बिगड़ेंगे और भारत कश्मीर विवाद पर बातचीत के लिए मजबूर होगा। बहरहाल, उन चोटियों से पाकिस्तानी सैनिकों को मार-गिराने में भारतीय सेना ने अधिक वक्त नहीं लिया था पर उस क्रम में लगभग सैकड़ों भारतीय सैनिक भी रणभूमि के लिए शहीद हुए थे। पाकिस्तान के लिए नारेबाजी करने वाले और महबूबा मुफ्ती जैसे नेताओं के कारण देश के शेष भागों में रहने वाले राष्ट्रवादी मुसलमानों को भी कष्ट होता है। यह सबको पता है।

अभी इजरायल और हमास युद्ध में ऐसे कुछ उदहारण सामने आये हैं, जिसमें इजरायल में रहकर हमास के पक्ष में काम करने वाले कुछ लोगों को पकड़ा गया क कोर्ट ने यह फैसला सुनाया कि इन हमास समर्थकों को संपत्ति विहीन कर फिलिस्तीन भेज दिया जाये कतब तो ये गिडगिडाने लगा और फुट-फुटकर रोने लगे कलेकिन, इसरायल की पुलिस ने वही किया जो कोर्ट का फैसला था कभारत सरकार यदि इसरायल की नीति अपना ले तो इस देश में कभी कोई गलती से भी पाकिस्तान के समर्थन में नारे नहीं लगायेगा।

## कविता

उच्च हिमालय बहती नदियां
कल कल करती
झरनों की आवाजें
फैली हरियाली ,सुगंधित सुमन
महके समीर,बहकी कलियाँ
ऐसी गोद हिमाचल की
जय जय जय हिमाचल की।

ऊंचे वृक्ष,नीची नदियां
कर्कश करती चट्टानें
चहकते पक्षी,महकती फसलें
सरसराहट करता पानी
गरजते बादल,बसरते घन
ऐसी गोद हिमाचल की
जय जय जय हिमाचल की।

बाल ग्वाल,लाल गाल
मदमस्त धूप,अनंत गगन
मीठी बातें,ठंडी रातें
धौलाधार की श्रंखलाएँ
देवों की भूमि,सनातन की आन
ऐसी गोद हिमाचल की
जय जय जय हिमाचल की।

डॉ.राजीव डोगरा

# माता-पिता बच्चों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का सावधानीपूर्वक उपयोग करने में मदद करें

विजय गर्ग

**चैटजीपीटी** को सामने आए लगभग एक साल हो गया है, जिससे भारी उत्साह के साथ-साथ चिंता भी बढ़ी है कि शिक्षा के लिए इसका क्या मतलब हो सकता है। बदलाव आते रहते हैं. वर्ष की शुरूआत में, माई एआई को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म स्नैपचैट में एम्बेड किया गया था। यह चैटजीपीटी द्वारा संचालित एक चैटबॉट है, जो किशोरों को कुछ भी पूछने के लिए प्रोत्साहित करता है - दोस्तों के लिए उपहार सुझाव से लेकर होमवर्क के बारे में प्रश्न तक। इस बीच, माइक्रोसॉफ्ट अपने सिस्टम पर "कोपायलट" लॉन्च कर रहा है, जिसे "रोजमर्रा के अल साथी" के रूप में प्रस्तुत किया गया है। यह बिंग सर्च टूल के साथ एक एआई-उन्नत सहायक "बिंग चैट" की शुरूआत का अनुसरण करता है। अचानक, जनरेटिव कृत्रिम बुद्धिमत्ता - जो पाठ और छवियों जैसी नई सामग्री बना सकती है, युवा लोगों सहित सभी के लिए सुलभ हो गई है। हम डिजिटल प्रौद्योगिकी की पृष्ठभूमि वाले शोधकर्ता हैं और एएल की क्षमता के बारे में अत्यधिक उत्साहित हैं। हालाँकि, इसमें जोखिम के साथ-साथ लाभ भी हैं। यहां तीन चीजें हैं जिन्हें माता-पिता अपने बच्चों के साथ एआई तकनीक पर नेविगेट करते समय ध्यान में रख सकते हैं। अल यहाँ रहने के लिए है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस स्वयं कोई नया चैटबॉट नहीं है और जेनेरिक एआई 1960 के दशक से मौजूद है। पिछले हफ्ते, एक अपडेट के बाद, कोपायलट मेरे घर के विंडोज 11 कंप्यूटर पर एक नए आइकन के रूप में दिखाई दिया। क्रिश्चियन मोरो, लेखक ने प्रदान किया (कोई पुनः उपयोग नहीं) लेकिन पिछले वर्ष में अल डेटाबेस के आकार में तेजी से विस्तार हुआ है, इन प्रौद्योगिकियों में भारी वित्तीय निवेश, अधिक नवीन कोड और बढ़ी हुई पहुंच और प्रयोज्यता हुई है। माता-पिता स्वाभाविक रूप से एआई के बारे में झिझक रहे होंगे। कई स्कूलों ने कुछ एआई उपयोगों पर प्रतिबंध लगाने पर विचार किया है, इन दावों के बीच कि इससे धोखाधड़ी को बढ़ावा मिलेगा और शैक्षणिक अखंडता कमजोर होगी। लेकिन एआई खत्म होने वाला नहीं है, और यह हमारे जीवन में और अधिक व्यापक रूप से उपयोग किया जाएगा। जितनी जल्दी युवा इस तकनीक का उपयोग करना सीखेंगे, उन्हें इसका बुद्धिमानीपूर्वक और उत्पादक ढंग से उपयोग करने के बारे में उतनी ही अधिक जानकारी होगी। यदि आप माता-पिता हैं, तो इन प्रौद्योगिकियों के बारे में सीखना और उन्हें स्वयं आजमाना महत्वपूर्ण है ताकि आप अपने बच्चे को एआई के साथ दुनिया नेविगेट करने में मदद कर सकें। एक निःशुल्क जेनरेटिव एआई टूल में लॉग इन करके शुरूआत करें, और बॉट से कुछ प्रश्न पूछकर और उत्तरों पर विचार करके एक साथ प्रयोग करें।

## विचार

# पत्रकारिता और जनसंचार का अध्ययन करने के लाभ

विजय गर्ग

**पत्रकारिता** क्या आप निडरता से मंत्रियों पर ऐसे सवालों की बौछार करने की इच्छा रखते हैं जो उन्हें आतंक प्रभावित स्थिति या चक्रवात से तबाह जगह पर घबराने या कार्रवाई करने पर मजबूर कर देंगे? यह मीडिया की दुनिया है जो रोमांचक भी है और चुनौतीपूर्ण भी। और प्रौद्योगिकी के साथ जिस तरह से हम मीडिया का उपभोग करते हैं, चाहे वह सुबह के समाचार पत्र को छानना हो या शाम की टेलीविजन समाचार देखना हो या स्मार्टफोन पर, ट्विटर पर, या अन्य सामाजिक ऐप देखना हो, पत्रकारिता और जनसंचार के क्षेत्र में कैरियर के ढेर सारे अवसर खुल गए हैं। पत्रकारिता और जनसंचार में डिग्री आपको अपने महत्वाकांक्षी सपनों को पूरा करने में मदद करेगी। यह न केवल न्यूज रूम में टिकट पाने की आपकी संभावनाओं को बढ़ाएगा बल्कि संचार, विपणन, शिक्षा और मनोरंजन जैसे अन्य क्षेत्रों में भी उपयोगी होगा। पत्रकारिता एवं जनसंचार क्या है? पत्रकारिता समाचारों और सूचनाओं को एकत्र करने, उनका आकलन करने, बनाने और प्रस्तुत करने की गतिविधि है। मूलतः, हाल के घटनाक्रमों के बारे में लिखना। जनसंचार संचार के विभिन्न माध्यमों के माध्यम से बड़े दर्शकों तक सूचना फैलाने का अध्ययन है। हम सभी संचार के विभिन्न माध्यमों के जाल से जुड़े हुए हैं। दुनिया भर की ताजा खबरें हों या क्रिकेट स्कोर से जुड़ी खबरें, हमें इनके बारे में पता चलता रहता है। यह सब मास मीडिया और प्रौद्योगिकी के कारण है। जनसंचार और कुछ नहीं बल्कि बड़ी संख्या में लोगों, यानी पूरे देश या दुनिया भर में जानकारी फैलाना है। यदि जनसंचार समाचार फैलाने की गतिविधि है, तो पत्रकारिता प्रिंट मीडिया के साथ-साथ इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से समाचारों के संग्रह और प्रसार से संबंधित है। इसमें रिपोर्टिंग, लेखन, संपादन, फोटोग्राफिंग, प्रसारण, या केबल कास्टिंग समाचार आइटम जैसे कार्य के विभिन्न क्षेत्र शामिल हैं। पत्रकारिता में स्थानीय और साथ ही विश्व की घटनाओं, रुझानों, समसामयिक मामलों आदि की जांच, विश्लेषण और रिपोर्टिंग शामिल है। हाल के वर्षों में, मास मीडिया और संचार का क्षेत्र आंशिक रूप से संवादात्मक अवधारणा के रूप में विकसित हुआ है जो मानव जीवन के लगभग हर पहलू को छूता है। और, समाचार पत्रों, टेलीविजन और इंटरनेट के माध्यम से हमारे जीवन में मीडिया के व्यापक प्रसार के साथ, जन संचार का क्षेत्र पहले से कहीं अधिक लोकप्रियता हासिल कर रहा है। आपको पत्रकारिता और जनसंचार में डिग्री क्यों हासिल करनी चाहिए? पत्रकारिता और जनसंचार में डिग्री रचनात्मक, सुशिक्षित लोगों के साथ/साथ काम करने का अवसर लाती है जो आपको अच्छा करने के लिए प्रेरित करते हैं। एक क्षेत्र के रूप में मास मीडिया का दायरा बढ़ रहा है और इसमें नौकरी के अवसरों की कभी कमी नहीं है। व्यक्ति को नाम, प्रसिद्धि और पैसे का स्वाद मिलता है और काम करते समय यात्रा भी करनी पड़ती है। पत्रकारिता और जनसंचार का दायरा और करियर की संभावनाएं जनसंचार माध्यमों की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए, पत्रकारिता और जनसंचार के क्षेत्र में उम्मीदवारों के लिए संभावनाएं लगातार बढ़ रही हैं। भारत में इसका दायरा बहुत व्यापक है, अगर आप अपने क्षेत्र में अच्छा कर सकते हैं तो आप देश के कुछ बेहतरीन पब्लिशिंग हाउस, प्रोडक्शन हाउस, न्यूज चैनल, रेडियो चैनल या पीआर फर्मों के साथ काम कर सकते हैं। पत्रकारिता एवं संचार में करियर विकल्पः 1. टेलीविजन महामारी के बाद के युग ने मनोरंजन क्षेत्र में रचनात्मक निमार्ताओं और निर्देशकों की बढ़ती मांग पैदा की। आपमें से जो लोग फिल्मों के माध्यम से लोगों का मनोरंजन करने का शौक रखते हैं, उनके लिए यह सही प्रोफाइल है। आप मीडिया जगत में प्रवेश कर सकते हैं और टेलीविजन और फिल्म निर्देशकों और निमार्ताओं सहित कई प्रोफाइल तलाश सकते हैं।इस डिग्री वाले पेशेवर स्क्रिप्ट राइटर, वीडियो एडिटर, 3डी डिजाइनर, ग्राफिक्स और एनीमेशन क्रिएटर्स के प्रोफाइल में भी फिट हो सकते हैं। 2. पत्रकार ख&टउ में डिग्री के बाद सबसे आम करियर विकल्प पत्रकार का है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।
दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# योगी सरकार में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को धार भी और संकल्प पूरे करने पर बल भी

मृत्युंजय दीक्षित

पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव समाप्त होते ही भारतीय जनता पार्टी 2024 में लोकसभा की सभी 80 सीटो पर विजय का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए सक्रिय हो गई है । अपनी तैयारियों को धार देने के लिए मुख्यमंत्री योगी अदियानाथ ने उत्तर प्रदेश विधानसभा का चार दिवसीय छोटा सत्र बुलाया । इस सत्र में 28,760.67 करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट प्रस्तुत किया गया जिसमें सरकार ने सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को बढ़ावा देने के लिए पर्याप्त धन की व्यवस्था की और साथ ही अपने पुराने चुनावी संकल्पों को पूरा करने के लिए भी कमर कस ली । अयोध्या और तीर्थाटन क्षेत्र पर विशेष दृष्टि - योगी सरकार की ओर से प्रस्तुत किये गए बजट में अयोध्या पर विशेष ध्यान दिया गया है । सर्वविदितहै कि अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को रामलला की भव्य प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है और उससे पूर्व ही प्रदेश के वातावरण को राममय बनाने की तैयारी तीव्र गति से चल रही है। आगामी लोकसभा चुनावों मे भाजपा ने विपक्ष के जातीय दांव के विरुद्ध अयोध्या में रामलाला की प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान से 60 करोड़ परिवारों को जोड़ने का लक्ष्य रखा है। यही कारण है कि अब प्रदेश सरकार भी बजट के माध्यम से एक वातावरण बनाने जा रही है।अयोध्या में आयोजित होन वाले समारोह को सांस्कृतिक चेतना के वृहद आयोजन के तौर पर प्रस्तुत करने के लिए रामोत्सव और अयोध्या के लिए 100 करोड़ रुपए की धनराशि आवंटित की गई है। अयोध्या संरक्षण एवं विकास निधि के लिए अनुदान के रूप में 50 करोड़ की अतिरिक्त व्यवस्था की गई है। अयोध्या में अंतरराष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोष संस्थान के लिए पांच करोड़ और इसके विकास व विस्तार के लिए 20 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। प्रदेश में राममय वातावरण बनाने के लिए मकर संक्रांति से होली तक चलने वाले राम उत्सव पर 100 करोड़ रुपए खर्च होंगे और इस धन के माध्यम से विभिन्न सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों का अयोजन किया जायेगा।

# दिव्यांगो का भी हो समुचित विकास

रमेश सर्राफ धमोरा

**समाज** में दिव्यांगता को एक सामाजिक कलंक के रूप में देखा जाता है। जिसे सुधारने की आवश्यकता है। इसीलिए हर साल 3 दिसंबर के दिन विश्व विकलांग दिवस मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 1992 में हर वर्ष 3 दिसम्बर को अंतर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस के रूप में मनाने घोषणा की गयी। इसका उद्देश्य समाज के सभी क्षेत्रों में दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों को बढ़ावा देना और राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक जीवन में दिव्यांग लोगों के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। मगर आज भी लोगों को तो इस बात का भी पता ही नहीं होता है कि हमारे आस-पास कितने दिव्यांग रहतें हैं। उन्हे समाज में बराबरी का अधिकार मिल रहा है कि नहीं। किसी को इस बात की कोई फिकर नहीं हैं। यह एक कड़वी सच्चाई है कि भारत में दिव्यांग आज भी अपनी जरूरतों के लिए दूसरों पर आश्रित है। दुनिया में 8 प्रतिशत लोग दिव्यांगता का शिकार है। 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में 2.21 प्रतिशत आबादी यानि 2.68 करोड़ लोग किसी न किसी तरह की दिव्यांगता से ग्रस्त है। दिव्यांग जनसंख्या में 56 प्रतिशत (1.5 करोड़) पुरुष हैं और 44 प्रतिशत (1.18 करोड़) महिलाएं हैं। दिव्यांगता अभिशाप नहीं है। शारीरिक अभावों को यदि प्रेरणा बना लिया जाये तो दिव्यांगता व्यक्तित्व विकास में सहायक हो जाती है। यदि सोच सही रखी जाये तो अभाव भी विशेषता बन जाते हैं। दिव्यांगो का मजाक बनाना, उन्हें कमजोर समझना एक भूल और गैर जिम्मेदाराना व्यवहार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 दिसंबर 2015 को अपने रेडियो संबोधन ह्यमन की बातह्न में कहा था कि शारीरिक रूप से अशक्त लोगों के पास एक ह्यदिव्य क्षमताह्न है और उनके लिए ह्यविकलांगह्न शब्द की जगह दिव्यांग शब्द का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकलांगों को दिव्यांग कहने की अपील की थी। जिसके पीछे उनका तर्क था कि शरीर के किसी अंग से लाचार व्यक्तियों में ईश्वर प्रदत्त कुछ खास विशेषताएं होती हैं। विकलांग शब्द उन्हे हतोत्साहित करता है।

## न्यूज फ्लैश

### नशा मुक्त पानीपत बनाने को पुलिस का अभियान तेज

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**पलिस** अधीक्षकअजीत सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में पानीपत को नशा मुक्त बनाने की दिशा में जिला पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में नशा तस्करों को सजा दिलवाने के लिए जिला पुलिस उत्कृष्ट जांच कर रही है इसके ही साथ जिला न्यायवादी कार्यालय द्वारा न्यायालय में मजबूत पैरवी की जा रही है। नवम्बर माह में नशा तस्करी के चार अलग अलग मामलों में पुलिस की जांच और उप जिला न्यायवादी की दलीलों को आधार मानते हुए न्यायालय ने चार नशा तस्करों को दोषी करार देते हुए दोषियों को 6 महीने से 2 साल की सजा सुनाई और 10 हजार से 20 हजार रूपए का जुमार्ना लगाया।

**नशा मुक्त पानीपत बनाने को पुलिस का अभियान तेजः** पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने बताया कि पुलिस महानिदेशक हरियाणा शत्रुजीत कपूर के मार्गदर्शन में हरियाणा पुलिस द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पानीपत को नशा मुक्त बनाने की दिशा में जिला पुलिस द्वारा विशेष काम किया जा रहा है। इसको लेकर थाना व चौकी क्षेत्रों के संदिग्ध स्थानों पर लगातार सर्च अभियान चल रहे है। पुलिस की विशेष टीमें पानीपत व यहा से होकर नशा सप्लाई करने वाले तस्करों पर कड़ी नजर रखे हुए है। पुलिस टीमें आरोपियों को पकड़कर तस्करी की चैन का खुलासा कर रही है। जिला में नवम्बर माह में नशा तस्करी के 8 मुकदमें दर्ज किये गए है। इन मामलों में 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों को काबू करने के साथ ही पुलिस माननीय न्यायालय में जिला न्यायवादी के सहयोग से मजबूत पैरवी कर रही है। नवम्बर माह के दौरान माननीय न्यायालय में विचाराधीन 4 मामलों में मजबूत पैरवी करते हुए 4 आरोपियों को सजा दिलवाई है। माननीय न्यायालय द्वारा आरोपियों पर जुमार्ना भी लगाया गया है।

**नशे के खिलाफ मुहिम में विशेष कार्य किए जा रहे हैः** जिला पुलिस नशे के खिलाफ चलाई गई मुहिम में विभिन्न संगठनों का सहयोग लेकर कार्य कर रही है। जो लोग नशे की गर्त में है उनको चिन्हित कर इससे बाहर निकालने के लिए सिविल सर्जन के सहयोग से डी एडिक्शन के कार्यक्रम आयोजित करवाए जा रहे है। नशा तस्करों पर लगाम लगाने के लिए जिला पुलिस अलर्ट मोड पर है। गिरफ्तार नशा तस्करों की नशे की काली कमाई से अर्जित की गई प्रापर्टी को जिला पुलिस द्वारा चिन्हित किया जा रहा है। सपंति को अटेच करने की प्रक्रिया भी पुलिस द्वारा अमल में लाई जा रही है।

### बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल में खेल महोत्सव 3 दिसंबर को



**गन्नौर।**

**जी** टी रोड स्थित बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल में खेल महोत्सव का आयोजन 3 दिसंबर को किया जाएगा। यह जानकारी स्कूल के प्रधानाचार्य जय भारत ने दी। उन्होंने बताया कि खेल महोत्सव में स्कूल के छात्रों द्वारा विभिन्न खेलो में अपनी प्रतिभा का बेहतर करेंगे। कार्यक्रम में छात्रों के अभिभावक भी शिरकत करेंगे।

### कार्यालय में समय पर नहीं पहुंच रहे पटवारी, एसडीएम को दी शिकायत

**गन्नौर। गन्नौर** उपमंडल में पटवारियों का अपने कार्यालय पर समय पर नहीं पहुंचने से लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। लोगों का आरोप है कि पटवारी समय पर कार्यालय नहीं पहुंचते और शाम को 5 बजने से पहले ही निकल जाते है। सरकारी कर्मचारियों की मनमानी से लोग परेशान हो रहे है। इस संबंध में गुमड़ गांव के सहदेव सिंह ने एसडीएम कार्यालय में शिकायत भी दी है। सहदेव ने कहा कि पटवारी के साथ-साथ गिरदावर भी कार्यालय में समय पर नहीं मिलते हैं। इसके चलते लोगों के भूमि संबंधी व छात्रों के कई प्रमाण पत्र संबंधी कार्य देरी से हो रहे हैं। इसके अलावा लोगों के भूमि संबंधित गिरदावरी, तक्सीम, इंतकाल जैसे कार्य कई माह से लटके हुए हैं। वहीं आय प्रमाण पत्रों, बोनाफाइड सहित अन्य कार्यों के लिए भी लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। सहदेव शर्मा शिकायत में लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की है।

### उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने विडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से की स्वामित्व योजना की समीक्षा

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**

**स्वामित्व** योजना की समीक्षा करते हुए उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने निर्देश दिए कि संबंधित पोर्टल पर प्रोपर्टी कार्ड तुरंत अपलोड किये जायें। साथ ही एक मास्टर मैप तैयार करें, जिसे संबंधित गांव में चस्पा करवायें, ताकि ग्रामीणों को उनकी प्रोपर्टी संबंधी जानकारी सटीक रूप में मिल सके। संबंधित वैबसाईट पर इस संदर्भ में जानकारी नियमित तौर पर उपलब्ध करवाई जा रही है।

शुक्रवार को हरियाणा के उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने विडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से स्वामित्व योजना की समीक्षा के लिए उपायुक्तों की बैठक लेते हुए जरूरी दिशा-निर्देश दिए। बैठक में प्राप्त निदेर्शों की पूर्ण अनुपालना का भरोसा देते हुए उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने कहा कि स्वामित्व योजना के तहत प्रोपर्टी आईडी बनाने का कार्य तीव्रत से किया जा रहा है। इस संदर्भ में दावे तथा आपत्तियां भी दर्ज की जा रही है। इसलिए ग्रामीणों को यदि कोई आपत्ति हो तो तुरंत दर्ज करवायें। उपायुक्त ने प्रोपर्टी आईडी में मालिकाना हक लेकर मिलने वाली शिकायतों का पूर्ण समाधान करवाने का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि जिसका जो दावा हो वह दर्ज करवायें। उन्होंने कहा कि सबकी पूर्ण सुनवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देश दिए कि प्रोपर्टी कार्ड संबंधित पोर्टल पर तुरंत अपलोड करवायें। यह कार्य समयबद्धता के साथ पूरा किया जाए। उन्होंने विशेष निर्देश दिए कि साझा प्रोपर्टी में किसी को भी मालिकाना हक न दिया।

# सीएम ने यात्रा के शुभारंभ समारोह की समीक्षा की

## विडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से उपायुक्तों-निगमायुक्तों की बैठक लेते हुए दिए विशेष दिशा निर्देश

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**

**बीती देर** रात्रि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने विडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से उपायुक्तों-निगमायुक्तों की बैठक लेते हुए विकसित भारत संकल्प यात्रा के शुभारंभ समारोह की समीक्षा करते हुए विशेष सफाई अभियान के आयोजन की जानकारी दी। इन कार्यक्रमों की सफलता के लिए उन्होंने विशेष दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने सभी दिशा-निदेर्शों की पूर्ण अनुपालना का भरोसा देते हुए कहा कि दोनों कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित करवाये जायेंगे।

मुख्यमंत्री की विडियो कान्फ्रेंस के उपरांत उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने अपने कैंप कार्यालय में ही संबंधित अधिकारियों की मौके पर बैठक लेते हुए दोनों कार्यक्रमों को

**आदेश**

**8 उपायुक्त ने पूर्ण अनुपालना का भरोसा देते हुए कहा कि दोनों कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित करवायेगें।**

लेकर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि जिला के शहरी क्षेत्रों में सघन रूप से साप्ताहिक स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा।

अभियान में यह सुनिश्चित किया जाए कि कहीं भी कूड़ा इधर-उधर न डाला जाए। कूड़ा सीधे डंपिंग ग्राउंड में ही डाला जाए। कहीं भी कूड़े के ढ़ेर दिखाई नहीं देने चाहिए।

उपायुक्त ने नगर निगम सहित नगर परिषद तथा नगर पालिकाओं के



अधिकारियों को निर्देश दिए कि एक सप्ताह बाद शहरी क्षेत्र पूर्ण रूप से स्वच्छ रूप में दिखाई दे। किसी भी स्थान, मोहल्ले, गलियों व सडकों पर कूड़ा दिखाई नहीं देना चाहिए। इसके लिए सभी पार्षदों तथा आम नागरिकों का सहयोग लेते हुए जोरदार तरीके से अभियान चलाया जाए।उन्होंने निर्देश दिए कि निगम, नगर पालिका तथा नगर परिषद में उपलब्ध संसाधनों का प्रयोग करते हुए यह अभियान चलाया जाए। इसके बाद औचक निरीक्षण किया जाएगा। अगर कहीं भी काम में कोताही बरती गई तो संबंधित अधिकारी जिम्मेदार होगा।

उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने इस मौके पर विकसित भारत जनसंवाद संकल्प यात्रा के शुभारंभ समारोह को लेकर भी मंथन किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत जनसंवाद संकल्प यात्रा को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला। यात्रा के माध्यम से लोगों को बेहतरीन सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। आम जनमानस को इसका लाभ उठाना चाहिए।

उपायुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार स्वयं सहायता समूहों के लिए जिला मुख्यालय पर सांझा बाजार लगाने की ओर भी कदम बढ़ाये जायेंगे। इस बाजार में स्वयं सहायता समूहों को दुकान उपलब्ध करवाई जाएगी, जिसमें वे स्वनिर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी करेंगे। यह उत्पाद आम जनमानस की बिक्री के लिए उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने कहा कि यह योजना महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों को उचित प्लेटफार्म देने के लिए है। इससे ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक तौर पर स्वावलंबी बनाने में मदद मिलेगी। इस दौरान निगमायुक्त विश्राम कुमार मीणा व एसडीएम गोहाना आशीष कुमार ने वर्चुअल रूप में बैठक में हिस्सा लिया।

बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी, जिला परिषद के सीईओ डा. सुशील मलिक, एसडीएम निर्मल नागर, एसडीएम अमित कुमार, एसडीएम डा. अनमोल, सिविल सर्जन डा. जयकिशोर, डीआईओ विशाल आदि अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

## विद्यालय राई के 50 खिलाड़ियों का हुआ स्कूल नेशनल्स के लिये चयन



**राई/टीम एक्शन इंडिया**

**मोतीलाल** नेहरू खेल स्कूल राई में एक दिसंबर को जिमनास्टिक्स खेलों में स्कूल नेशनल्स के ट्रायल्स संपन्न हुए। इसमें अखिल भारतीय स्कूल्स कांफ्रेंस की तरफ़ से 5 राज्यों की टीमों के लगभग 100 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। मोतीलाल नेहरू खेल स्कूल राई ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस बेहतरीन प्रदर्शन को देखते हुए मोतीलाल खेल स्कूल राई के 60 खिलाड़ियों का चयन स्कूल नेशनल्स के लिये किया गया। जिमनास्टिक्स प्रशिक्षक डॉक्टर तकदीर सिंह कुण्डू ने बताया कि 16 से 23 दिसंबर को स्कूल गेम्स नेशनल्स दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में होने जा रहा है।

## हर पात्र लाभार्थी तक पहुंच रही मोदी-मनोहर सरकारः अर्चना

**पानीपत, कमाल हुसैन**

**देश को** 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प के साथ विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू की गई है। इसके आम जन की भूमिका सबसे अहम है। यह बात भाजपा की जिलाध्यक्ष डॉ अर्चना गुप्ता ने गांव उझा में विकसित भारत संकल्प यात्रा में भाग लेते हुए उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई स्टॉलों का अवलोकन करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से शुरू किया गया देशव्यापी विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रम देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के



भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के विजन को साकार करेगा। आज नागरिकों को योजनाओं को लाभ लेने के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ रहे बल्कि मोदी - मनोहर सरकार लाभार्थियों के घर द्वार पर पहुंच रही है। आज भारत देश हथियार, पनडुब्बियां जहाज बनाने में आत्मनिर्भर हो गया है। यह सब प्रधानमंत्री की दूरदर्शी सोच का ही परिणाम है।

डॉ अर्चना गुप्ता ने कहा कि इस अभियान के तहत सरकार की जनकल्याणकारी व महत्वाकांक्षी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस मौके पर एसडीएम मनदीप कुमार, बीडीपीओ शक्ति सिंह सहित विभागीय अधिकारी और गणमान्य लोग, लाभार्थी मौजूद रहे। कार्यक्रम में कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों को ड्रोन का डेमोस्ट्रेशन भी दिखाया और बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी। डॉ अर्चना गुप्ता ने गांव के विभिन्न उत्कृष्ट छात्रों एवं विभिन्न प्रतिस्पर्धा में स्थान हासिल करने वाले बच्चों को भी सम्मानित किया उन्होंने ऊझा व डाडोला गांव के सरपंच को अभिनंदन पत्र देकर भी सम्मानित किया।

## गन्नौर बार एसोसिएशन का सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में होगा चुनाव

**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर बार** एसोसिएशन के चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया चार दिसंबर से शुरू होगी। प्रधान समेत पांच पदाधिकारियों के चुनाव के लिए मतदान 15 दिसंबर को होगा। आरओ एडवोकेट सुशील त्यागी, एआरओ एडवोकेट सुशील त्यागी व एडवोकेट सुमित शर्मा ने शुक्रवार को चुनाव प्रक्रिया की जानकारी दी। चुनाव अधिकारियों ने बताया कि चार दिसंबर से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। चार दिसंबर को सुबह 10 से दोपहर चार बजे तक व पांच दिसंबर को सुबह 10 से दोपहर दो बजे तक उम्मीदवार नामांकन भर सकते हैं। छह दिसंबर को



सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक नामांकन पत्रों की जांच के बाद छंटनी होगी, इसके बाद दोपहर एक बजे से तीन बजे तक नामांकन पत्र वापस लिया जा सकेगा। 15 दिसंबर सुबह साढ़े नौ से शाम चार बजे तक वोट डाले जाएंगे। इसी दिन शाम पांच बजे वोटों की गिनती शुरू होगी और परिणामों की घोषणा कर दी जाएगी। वहीं चुनावी अधिसूचना जारी होने के बाद अधिवक्ताओं में चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। अधिवक्ताओं की बैठकों का दौर भी चल रहा है, चुनाव लड़ने के इच्छुक अपना समर्थन जुटाने का प्रयास रहे हैं।

**सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में होगा मतदान**

बार एसोसिएशन की तरफ से नियुक्त चुनाव अधिकारी सुशील त्यागी ने कहा कि शांतिपूर्ण चुनाव के लिए उचित व्यवस्था की जाएगी। लोकतंत्र की मयार्दाओं का पालन करते हुए संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न होगी। चुनाव को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। चुनाव सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में होंगे। इसके लिए मतदान केंद्र में सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएंगे। बार एसोसिएशन के चुनाव में पांच पदाधिकारियों का चयन होगा, जिनमें प्रधान, उपप्रधान, महासचिव, संयुक्त सचिव व कोषाध्यक्ष का पद शामिल है।

## भोगीपूर गांव में आ रहा है दूषित पेयजल, लोग परेशान

**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**

**गांव भोगीपूर** में जनस्वास्थ्य विभाग के ट्युबवैल नंबर 3 से दूषित पेयजल आपूर्ति होने के सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ग्रामीण जनस्वास्थ्य विभाग से लेकर एसडीएम कार्यालय में शिकायत कर थक चुके हैं, लेकिन दूषित पानी की सप्लाई थम नहीं रही है, जिस वजह से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण सतीश, सुशील, संदीप, सुनील ने बताया कि उनके गांव में लगे ट्युबवैल नंबर 3 से सुबह व शाम को सप्लाई होने वाले पानी मिट्टी युक्त होने के साथ ही



बदबूदार भी है। जिस वजह से पीने का पानी को गांव में लगे सबमर्सीबल पंप व खेतों में लगे ट्यूबवैल से लेकर आने को विवश हैं। उन्होंने बताया कि दूषित पेयजल आपूर्ति को लेकर प्रशासन को कई बार अवगत करवाया है, लेकिन कोई सुनवाई नही हो रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि अधिकारी दूषित पेयजल आपूर्ति की तरफ कोई ध्यान नही दे रहे हैं। जिस कारण ग्रामीणों में विभाग के प्रति रोष है।

**पेयजल सप्लाई के लिए थे सैंपलः** भोगीपुर के साथ-साथ राजलूगढ़ी, बड़ी व लल्हेड़ी क्षेत्र के चार गांवो से लगातार दूषित पानी सप्लाई होने की शिकायतें मिलने पर विधायक निर्मल चौधरी ने मामले को गंभीरता लेते हुए प्रदूषण विभाग को पेयजल सप्लाई के सैंपल लेने के आदेश दिए थे। विधायक के आदेश पर करीब ढाई माह पहले प्रदूषण विभाग ने चारों गांव में सप्लाई किए जा रहे पानी की सैंपल लिए गए थे, लेकिन उसके बाद विभाग की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं की गई।

**नया ट्यूबवैल लगाने के लिए पंचायत से मांगी जगह : जेई**

जनस्वास्थ्य विभाग के जेई अंकुर मलिक ने बताया कि गांव में दुषित पेयजल सप्लाई होने की समस्या को ठीक करने के लिए प्रयासरत हैं। ट्युबवैल नंबर 3 से दूषित पानी की सप्लाई हो रही है। ऐसे में विभाग द्वारा नया ट्यूबवैल लगाने का एस्टिमेट तैयार किया जा चुका है।

## विकसित भारत संकल्प जनसंवाद यात्रा से हरियाणा में बना जोशीला माहौल

### पहले दिन 59 ग्राम पंचायतों में हुए कार्यक्रम, 47 हजार लोगों ने की भागीदारी

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

विकासशील देश भारत को आने वाले 25 सालों के अमृतकाल में विकसित देश बनाने के विजन के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 15 नवंबर, 2023 को शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा का हरियाणा में गुरुवार को जोरदार आगाज हुआ। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इस यात्रा को जनसंवाद के साथ जोड़ कर एक अनूठा रूप दिया है। गुरुवार को मुख्यमंत्री ने फरीदाबाद के गांव फतेहपुर बिलोच से प्रदेशव्यापी विकसित भारत संकल्प जनसंवाद यात्रा को रवाना किया और सभी जिलों में कैबिनेट मंत्रियों, सांसदों व विधायकों ने इस यात्रा की शुरूआत की। पहले दिन सभी 22 जिलों में 59 ग्राम पंचायतों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में लगभग 47 हजार लोगों ने हिस्सा लेकर जनभागीदारी का बड़ा संदेश दिया। इसमें 19 हजार से अधिक महिलाओं ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। लोगों ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए शपथ भी ली।

यात्रा के दौरान आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान अंत्योदय दर्शन के अनुरूप समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के दृष्टिगत केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी दी जा रही है। पात्र नागरिकों को मौके पर ही योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है। इतना ही नहीं, निरोगी हरियाणा योजना के तहत लोगों के निशुल्क हेल्थ चैकअप भी किए जा रहे हैं। इसी पहल के तहत पहले दिन ही विभिन्न कार्यक्रमों में लगभग 7400 से अधिक हेल्थ कैंप आयोजित किए गए। इसके अलावा, टीबी की जांच के लिए भी 3500 से ज्यादा लोगों की जांच की गई। विकसित भारत संकल्प जनसंवाद यात्रा के दौरान केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के लाभार्थियों ने अपनी सफलता की कहानियां बयां की और अन्य लोगों को भी इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। मेरी कहानी-मेरी जुबानी कार्यक्रम के तहत लगभग 400 लोगों ने बताया कि किस प्रकार उन्होंने योजनाओं की जानकारी हासिल की और उनका लाभ उठाकर आर्थिक उन्नति को हासिल किया। कार्यक्रम में मौजूद अन्य लोगों ने भी उनके जज्बे को सराहा और सरकार की योजनाओं को खुले मन से समर्थन किया। पहले दिन आयोजित कार्यक्रमों में प्रशासन द्वारा उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं, प्रतिभावान छात्रों, स्थानीय खिलाड़ियों और कलाकारों को सम्मानित किया गया।

## मकान खाली करवाने के लिए करते थे परेशान, तनाव में आकर व्यक्ति ने की आत्महत्या

**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**

**गुमड़** गांव में मकान खाली करवाने की धमकी से तनाव में आ कर एक 42 वर्षीय व्यक्ति ने जेहर का सेवन कर की आत्महत्या कर ली। मृतक के भाई ने गांव के एक व्यक्ति व उसके दो बेटों पर उसके भाई को आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया है। शिकायत पर गन्नौर थाना पुलिस ने तीनों आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। गुमड़ गांव के संदीप ने बताया कि उनकी 4 एक-ड़ जमीन थी। आर्थिक कमजोर हालात होने के कारण उन्होंने अपनी सारी जमीन नफे को बेच दी थी। उनका मकान भी उनके खेतों वाली जमीन में बना हुआ है। नफे व उसके बेटे सुभाष, देवेंद्र उन्हें मकान को खाली करने के लिए परेशान करते थे। नफे के बेटों ने हमारे खिलाफ मकान की जमीन खाली करवाने के लिए अदालत में केस भी कर रखा था। इस संबंध में उनकी गांव में 2-3 बार पंचायत भी हो चुकी हैं। जिससे उसका बड़ा भाई कुलदीप काफी परेशान रहने लगा था। आरोप है कि बृहस्पतिवार को उसके भाई कुलदीप को नफे व उसके दोनों बेटों ने घर से बाहर निकालने व गांव में रहना बंद करवा देने की धमकी दी थी। जिसके चलते तनाव में आ कर उसके भाई कुलदीप ने मकान के सामने खाली प्लाट में जहर का सेवन कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। संदीप नेनफे व उसके बेटे सुभाष और देवेंद्र पर उसके भाई की आत्महत्या के लिए विवश करने का आरोप लगाया है। गन्नौर थाना प्रभारी रवि कुमार ने बताया कि पुलिस ने शिकायत पर नफे व उसके बेटे सुभाष और देवेंद्र के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

- तलाकशुदा था कुलदीप

संदीप ने बताया कि वह 2 भाई 2 बहन हैं।

## चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक खेल उत्सव आयोजित

**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**

**चाइल्ड केयर** इंटरनेशनल स्कूल शेखपुरा में वार्षिक खेल उत्सव का आयोजन यूनिक क्रिकेट स्टेडियम शेखपुरा में किया गया। उत्सव का शुभारंभ स्कूल के चेयरमैन अजय यादव के सहयोग से प्राइवेट स्कूल के चीफ पैटर्न रविन्द्र धनकड़ ने किया। छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। छात्रों को संबोधित करते हुए प्राइवेट स्कूल के चीफ पैटर्न रविन्द्र धनकड़ ने कहा कि जीवन में ऊंचे मुकाम तक पहुंचने का कड़ी मेहनत के अलावा और कोई रास्ता नहीं है। हर क्षेत्र में सफलता के लिए अच्छे स्वास्थ्य की



आवश्यकता होती है जो कि निरंतर अभ्यास से ही मिलता है। धनखड़ ने कहा कि विद्यार्थियों को बचपन से ही खेलकूद को जीवन में अपनाना चाहिए। खेलों को बढ़ावा देने के लिए उच्च कोटि की सुविधाएं उपलब्ध कराने की जरूरत है, ताकि हम भावी ओलंपिक खेलों के लिए विजेताओं को तैयार कर सकें। खेलों को अनिवार्य विषय बनाया जाना चाहिए तभी हम यंग इंडिया, फिट इंडिया का सपना साकार कर सकेंगे। 100 मीटर में पलक ने प्रथम, हंस द्वितीय, वंश तृतीय, 200 मीटर में पलक ने प्रथम, कनिषिका द्वितीय, लिकिथा तृतीय, 100 मीटर लड़कियों में छवि प्रथम, पायल द्वितीय,भूमिका तृतीय स्थान, 50 मीटर में विपुल प्रथम, गर्व व रितेश द्वितीय, हर्षित तृतीय, थ्री लेग रेस जिया, मोनिका प्रथम, कनिष्का, रिशु द्वितीय, आशी, साक्षी तृतीय, स्किपिंग रेस में रिशु प्रथम,मानवी द्वितीय, गायत्री तृतीय, हाई जंप में वंश प्रथम, जतिन द्वितीय, मानकेश तृतीय, शॉट पुट में दिवाया प्रथम, सोनाक्षी, द्वितीय, छवि तृतीय, हंस प्रथम, वंश द्वितीय,दीपक,शुभम,तृतीय स्थान पर रहे। सभी बच्चो ने हाउस अनुसार अपने अपने हाउस के लिए ताकत लगाई। अनुराग हाउस,चेतना हाउस ,स्मृति हाउस, प्रगति हाउस ने अपनी प्रतिभा दिखाई। कार्यक्रम की व्यवस्था सीनियर पीटीआई सुरेंद्र गलायन, नेंसी पीटीआई ने संभाली। सभी अध्यापकों ने अपने हाउस की व्यवस्था संभाली।

**फास्ट न्यूज**

## केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह 2 दिसंबर को सोमनाथ मंदिर में करेंगे पूजा

**अहमदाबाद।** केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह एक दिवसीय दौरे पर गुजरात आएंगे। इस दौरान वे सोमनाथ मंदिर जाएंगे और अहमदाबाद व जूनागढ़ में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे। एक सरकारी प्रवक्ता के मुताबिक केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह एक दिवसीय दौरे पर गुजरात आएंगे। इसमें वे 2 दिसंबर को सुबह 10 बजे सोमनाथ मंदिर में दर्शन व पूजन करेंगे। इसके बाद सुबह 11 बजे वे जूनागढ़ के प्रकृति धाम में आयोजित रूपायन ट्रस्ट के जन्म शताब्दी कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोपहर 3 बजे शाह अहमदाबाद की साइंस सिटी में आयोजित माटी कला महोत्सव के कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## टाइगरों की संख्या बढ़ी, चार शावकों का जन्म

**दमोह।** भारत के सबसे बड़े रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व में टाइगरों की संख्या बढ़ गई है। यहां बाघिन ने चार शावकों को जन्म दिया है। यहां टाइगरों की संख्या 16 थी, नये शावकों के आने के बाद के बाद यह संख्या 20 हो गयी। रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व के डीएफओ एए अंसारी ने बताया कि बाघिन एन-112 ने चार शावकों को जन्म दिया है। सभी शावक पूरी तरह स्वस्थ हैं। हाल ही में दमोह का एक बड़ा भाग टाइगर रिजर्व में सम्मिलित किया गया है। पूर्व में इसका नाम नौरादेही अभ्यारण्य था, अब इसका नाम रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व कर दिया गया है। इसका क्षेत्रफल 23 सौ वर्ग किलोमीटर है। दमोह, नरसिंहपुर एवं सागर जिले का क्षेत्र इसमें सम्मिलित है।

## नक्सलियों ने जन अदालत लगा कर उप सरपंच की हत्या की

**कांकेर/रायपुर।** नक्सलियों ने कांकेर क्षेत्र में जमकर उत्पात मचाते हुए पुलिस मुखबिरी के आरोप में जन अदालत लगाकर उप सरपंच की हत्या कर दी। नक्सलियों ने बाकायदा पर्चा जारी कर हत्या की जिम्मेदारी ली है। नक्सलियों का 2 दिसंबर से पीएलजीए सप्ताह शुरू हो रहा है, इसके पहले ही उन्होंने गुरुवार को कांकेर जिला के छोटे बेठिया और बांदे थाना क्षेत्र में जमकर हंगामा किया।

नक्सलियों ने पुलिस मुखबिरी के आरोप में कंदाड़ी गांव के उप सरपंच रामसू कचलामी की जन अदालत लगाकर हत्या कर दी।

# जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने सुनीं करीब 300 लोगों की समस्याएं

### सबकी समस्याओं को सुनते हुए योगी ने आश्वस्त किया हर समस्या का निस्तारण किया जाएगा

**निर्देश**

8 त्वरित, गुणवत्तापूर्ण व संतुष्टिपरक निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए।

**टीम एक्शन इंडिया/गोरखपुर**
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि हर जरूरतमंद को उसकी आवश्यकता के अनुसार आवास व इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। आपराधिक मामलों में एफआईआर दर्ज करने में लापरवाही न की जाए और भूमि कब्जाने वाले दबंग, माफिया पर लगाम कसने में तत्परता दिखाई जाए। जन कल्याण के कार्यों को सदैव प्राथमिकता पर रखते हुए अधिकारी हर पीड़ित की समस्या का त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक निस्तारण करना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री योगी शुक्रवार को गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते हुए यह निर्देश दिए। मंदिर परिसर स्थित महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक खुद पहुंचे। सबकी



समस्याओं को सुनते हुए आश्वस्त किया हर समस्या का निस्तारण किया जाएगा। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने करीब 300 लोगों की समस्याएं सुनीं। इसमें बड़ी संख्या महिलाओं की रही। इस दौरान एक महिला ने आवास की समस्या बताई। इस पर मुख्यमंत्री ने तुरंत अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिला को पीएम आवास योजना या सीएम आवास योजना के तहत मकान उपलब्ध कराया जाए।

जनता दर्शन में कई महिलाएं अपने परिजनों के इलाज हेतु आर्थिक सहायता की गुहार लेकर आई थीं। मुख्यमंत्री ने उनकी पीड़ा सुनते हुए आश्वस्त किया कि इलाज में धन की कमी नहीं होने दी जाएगी। संबंधित अस्पताल से इस्टीमेट लेकर प्रक्रिया पूरी करते हुए मुख्यमंत्री कार्यालय को उपलब्ध कराया जाए। विवेकाधीन कोष से तत्काल सहायता राशि जारी करा दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को इस्टीमेट की प्रक्रिया को प्राथमिकता पर पूर्ण कराने के निर्देश भी दिये। उन्होंने इस दौरान यह भी हिदायत दी कि अधिकारी हर जरूरतमंद का आयुष्मान हेल्थ कार्ड बनवाना भी सुनिश्चित करें।

जनता दर्शन में जमीन कब्जा करने की आई शिकायतों पर उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में कड़ी कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। इस दौरान अपने परिजनों के साथ आए बच्चों को दुलारते हुए मुख्यमंत्री ने उन्हें आशीर्वाद देते हुए चॉकलेट दिया। उन्होंने बच्चों का हालचाल पूछा और पढ़ने के लिए प्रेरित किया।

## टनल हादसे से सकुशल वापस लौटे उप्र के श्रमिकों से योगी ने की मुलाकात

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर उत्तराखंड के सिलक्यारा टनल में फंसे उत्तर प्रदेश के श्रमिकों की सकुशल वापसी के बाद उनसे और उनके परिजनों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने उनका हालचाल लेते हुए उस मुश्किल घड़ी में श्रमिकों ने किस तरह इसका सामना किया इसके विषय में उनके अनुभवों को भी सुना। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रसन्नता हो रही है कि टनल हादसे में फंसे उत्तर प्रदेश के सभी श्रमिक सकुशल वापस लौटे



हैं। अब सभी अपने घरों को जा रहे हैं। प्रदेश सरकार हर मुश्किल समय में अपने लोगों के लिए खड़ी है और खड़ी रहेगी। उन्होंने सभी श्रमिकों को राज्य सरकार की ओर से शॉल उढ़ाकर सम्मानित करते हुए उन्हें मिठाई और उपहार भी प्रदान किए। उन सभी श्रमिकों के साहस और धैर्य की सराहना भी की। उल्लेखनीय है कि उत्तरकाशी में टनल दुर्घटना में उत्तर प्रदेश के कुल आठ श्रमिक फंसे थे। टनल में पूरे 16 दिन बिताने के बाद 17वें दिन उनको बाहर निकाला जा सका। इनमें श्रावस्ती से अंकित, राम मिलन, सत्यदेव, संतोष, जयप्रकाश और राम सुंदर है। लखीमपुर खीरी से मंजीत और मीरजापुर से अखिलेश कुमार शामिल थे। मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर इन श्रमिकों की पल-पल जानकारी के लिए प्रदेश सरकार की ओर से एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया था।

## स्थापना दिवस पर राज्यपाल ने नागालैंड निवासियों से किया संवाद



**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**
नागालैंड राज्य स्थापना दिवस पर राज्यपाल कलराज मिश्र ने शुक्रवार को राजभवन में नागालैण्ड निवासियों से संवाद कर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी। राज्यपाल ने कहा कि एक दिसम्बर 1963 को भारत के सोलहवें राज्य के रूप में नागालैण्ड अस्तित्व में आया। यह प्रदेश भारतीय संस्कृति के जनजातीय गौरव से जुड़ा प्राकृतिक रूप से समृद्ध राज्य है। मिश्र ने कहा कि नागालैण्ड पूर्वोत्तर में अरुणाचल प्रदेश, दक्षिण में मणिपुर एवं पश्चिम तथा उत्तर-पश्चिम में असम और पूर्व में म्यांमार (बर्मा) से घिरा सुंदर प्राकृतिक प्रदेश है। उन्होंने कहा कि जनजातीय परम्पराओं से समृद्ध यह प्रदेश भारत की आदिवासी धरोहर को भी अपने में सहेजे हुए हैं। उन्होंने नागालैंड के विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उनकी सांस्कृतिक परंपराओं के साथ प्रदर्शनकारी कलाओं के बारे में भी जानकारी प्राप्त की।



राज्यपाल कलराज मिश्र से शुक्रवार को राजभवन में एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी ने मुलाकात की।

## सुरक्षा के लिए खतरा है बिहार का अवैध मस्जिद और मदरसा: सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/बेगूसराय**
केंद्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने बिहार के सीमांचल में तेजी से बढ़ रहे अवैध मस्जिद और अवैध मदरसा को लेकर बिहार सरकार से तत्काल इस पर रोक लगाने की मांग मुख्यमंत्री से किया है। गिरिराज सिंह ने शुक्रवार को कहा है कि बिहार सरकार तत्काल मदरसों पर रोक लगाएं। सीमांचल की हालत देखकर लगता है कि ना धर्म बचेगा और ना ही धन। बिहार में लगभग तीन हजार मदरसे हैं, उन सभी की जांच होनी चाहिए।

धार्मिक ब्रेनवाश की जगह प्रगतिशील शिक्षा दी जानी चाहिए। गिरिराज सिंह ने कहा कि बिहार में अवैध मस्जिद और अवैध मदरसों की बाढ़ आ गई है। बिहार, बांग्लादेश और नेपाल के



बॉर्डर से सटा हुआ है। इन बॉर्डर सीमांचल इलाकों में और अधिक कब्जा हो गया है। यह सिर्फ बिहार ही नहीं, देश के आंतरिक सुरक्षा के लिए भी खतरा पैदा कर रहा है। पीएफआई बिहार में काफी सक्रिय है, बिहार में मुसलमान की आबादी 18 प्रतिशत है। इस अवैध कब्जे को बंद कर मस्जिदों में विज्ञान की पढ़ाई शुरू होनी चाहिए। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तुरंत कार्रवाई करते हुए इस अवैध मस्जिद और मदरसों को बंद कराएं। वोट के लालच में बहुत हो गया है।

## नौकरी के मुद्दे पर सरकार के जवाब से असंतुष्ट सपा का वॉकआउट

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
उत्तर प्रदेश विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के चौथे दिन शुक्रवार को विधानसभा में प्रश्नकल के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच काफी गहमागहमी देखने को मिली। सपा सदस्यों ने नौकरियों में पिछड़े वर्ग के आरक्षण और प्रदेश के युवाओं को नौकरी से संबंधित सवाल किया। इस पर सरकार के जवाब से असंतुष्ट सपा के सदस्य सदन से वॉकआउट कर गए। सपा के संग्राम सिंह ने प्रदेश में बेरोजगारी और सरकारी नौकरियों में पिछड़ों को आरक्षण के अनुरूप नौकरियां न दिए जाने का मुद्दा उठाया। उत्तर प्रदेश में सरकारी विभागों में दी गई नौकरी, रिक्त पदों का ब्यौरा सहित भाजपा के संकल्प पत्र में शामिल वादों के क्रम में कितनी नौकरियां दी गईं, इसकी जानकारी सपा के



अभय सिंह सहित अन्य सदस्यों ने सरकार से पूछा। श्रम एवं सेवा योजन मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि रोजगार मेलों के माध्यम से प्रदेश भर में नौकरियां देने का काम सरकार रही है। भले विपक्षी सदस्य रोजगार मेलों को अप्रासंगिक बता रहे हैं लेकिन रोजगार मेला पूरी तरह से प्रासंगिक है। जिन बेरोजगारों ने सेवायोजन कार्यालय में रजिस्ट्रेशन करवाया है, उन लोगों को उनकी योग्यता के अनुसार तमाम विभागों में रोजगार और नौकरियां दी जा रही हैं।

## पंजाब सरकार ने गन्ने का दाम 11 रुपये बढ़ाया

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
पंजाब सरकार ने गन्ने के दाम में 11 रुपये की वृद्धि कर दी है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शुक्रवार सुबह एक्स पर जानकारी दी। इसकी जानकारी होते ही प्रमुख किसान नेता ने कहा कि यह किसानों के साथ धोखा है। पंजाब के किसानों ने गन्ने के दाम में वृद्धि की मांग को लेकर चंडीगढ़ में चार दिन तक धरना दिया था। इसके बाद मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ हुई बैठक में गन्ने के दाम बढ़ाने पर सहमति बनी थी। उम्मीद जताई जा रही थी कि मुख्यमंत्री शीतकालीन सत्र के दौरान गन्ने के दाम बढ़ाने का ऐलान कर सकते हैं लेकिन सत्र में ऐसा कोई ऐलान नहीं किया गया। शुक्रवार को पंजाब सरकार ने गन्ने के दाम में 11 रुपये की वृद्धि कर दी है। अब पंजाब में गन्ना 391 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जाएगा। यह हरियाणा से 2 रुपए ज्यादा है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने 2023-24 के लिए गन्ने की कीमत (स्टेट एग्रिड प्राइज) में ये बढ़ोतरी की है।

## बेगूसराय में चल रहा है 6228 एड्स संक्रमितों का इलाज, पांच प्रखंड है रेड जोन

**टीम एक्शन इंडिया/बेगूसराय**
विश्व एड्स दिवस पर आज कई जगह कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्य कार्यक्रम जिला मुख्यालय के सदर अस्पताल में आयोजित किया गया। जहां कि जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. गोपाल मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला में चिकित्सकों एवं कर्मियों ने एचआईवी एड्स के संबंध में लोगों को जागरूक करने पर चर्चा की। मौके पर चिकित्सकों ने कहा



कि देश में सबसे पहला एड्स मरीज 1986 में डिटेक्ट किया गया और आज देशभर में 40 लाख से अधिक रोगी हैं। बिहार में सबसे पहले नवादा में मामला 1991 में डिटेक्ट हुआ था। आज हालात यह है कि सिर्फ बेगूसराय में 6228 संक्रमितों का इलाज चल रहा है। यह काफी चिंताजनक स्थिति है, हम सबको एड्स के संबंध में जागरूकता के लिए काम करना होगा।

**कार्रवाई** निलंबित किए गए 15 अधिकारियों में से 11 असम पुलिस सेवा से हैं और बाकी असम सिविल सेवा से हैं

## सरकार का फिर चला पैसों के बदले नौकरी घोटाले मामले में चाबुक

**टीम एक्शन इंडिया/गुवाहाटी**
असम सरकार ने 2014 में असम लोक सेवा आयोग (एपीएससी) पैसों के बदले नौकरी घोटाले को लेकर बड़ी कार्रवाई की है। उसने इस मामले में कथित संलिप्तता को लेकर राज्य सिविल सेवा और पुलिस सेवा के 15 अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। गुरुवार को जारी आदेशों के माध्यम से निलंबित किए गए 15 अधिकारियों में से 11 असम पुलिस सेवा (एपीएस) से हैं और बाकी असम सिविल सेवा (एएससी) से हैं। गौरतलब है, पिछले हफ्ते असम पुलिस की विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने



2014 में असम लोक सेवा आयोग (एपीएससी) कैश-फॉर-जॉब घोटाले के सिलसिले में दो सिविल सेवकों को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार दोनों सिविल सेवकों से गुवाहाटी में असम पुलिस की विशेष शाखा (एसबी) में पूछताछ जारी है। जबकि एसआईटी के समक्ष पेश होने के लिए कई अन्य को समन जारी किया गया है। कार्मिक विभाग द्वारा जारी निलंबन अधिसूचनाओं में कहा गया है कि इन अधिकारियों की नियुक्ति घोटाला करके हुई थी। वहीं, याचिका में कहा गया है कि इन अधिकारियों की भर्ती के लिए एपीएससी ने सिफारिश की थी, जो गलत था। इन लोगों ने जिस तरह अपनी नौकरी हासिल की वह भ्रष्टाचार है। अधिसूचना में कहा गया कि इन लोगों के खिलाफ आपराधिक मामले में जांच चल रही है। ऐसे में पद पर रहने की अनुमति देना लोक सेवा के हित में नहीं हो सकता है और इससे सरकार को शर्मिंदगी उठानी पड़ सकती है। इसलिए अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है।




राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23
RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com
राष्ट्रीय संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## स्वाति मालीवाल अस्पताल में घायल महिला से मिलीं



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल और सदस्य फिरदौस खान ने आज अस्पताल में गंभीर रूप से घायल एक महिला से मुलाकात की। 20 नवंबर की रात, चार लोगों का एक परिवार जिसमें पति, पत्नी और 8 साल और 8 महीने के दो बच्चे शामिल थे, स्कूटी पर अपने घर जा रहे थे, तभी राजौरी गार्डन के पास एक तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। पति और बच्चों की मौत हो गई, जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल है। उन्हें 40 फ्रैक्चर हुए हैं और एक निजी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष ने आज अस्पताल में घायल पीड़िता से मुलाकात की और उससे और उसके परिवार से बातचीत की। पीड़िता के परिवार का आरोप है कि मामले में समझौते के लिए आरोपित पक्ष ने उनसे संपर्क किया था। उन्होंने अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है। साथ ही फॉरेंसिक सैंपल भी आज तक एफएसएल को नहीं भेजे गए हैं। इस संबंध में स्वाति मालीवाल ने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर मामले में कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने मामले में गिरफ्तार आरोपितों के विवरण के साथ एफआईआर की प्रति मांगी है। आयोग ने इसमें शामिल सभी आरोपितों की पहचान करने और उन्हें गिरफ्तार करने के लिए उठाए गए कदमों का विवरण भी मांगा है और पूछा है कि क्या आरोपित नशे की हालत में थे। आयोग ने पूछा है कि क्या नमूने एफएसएल को भेजे गए हैं? आयोग ने पूछा है कि क्या परिवार द्वारा लगाए गए आरोपों की कोई जांच दिल्ली पुलिस द्वारा कराई गई है।

# आम आदमी पार्टी ने घर-घर जाकर चलाया अभियान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली की आप सरकार ने अपने हस्ताक्षर मैं भी केजरीवाल अभियान शुक्रवार से शुरूआत कर दी है। इस अभियान में आप नेता दिल्ली नगर निगम के सभी वार्डों में घर-घर जाकर लोगों से पूछ रहे हैं कि क्या केजरीवाल को गिरफ्तारी के बाद इस्तीफा देना चाहिए या जेल से ही सरकार चलानी चाहिए। साथ ही आप नेता लोगों को बता रहे हैं कि शराब घोटाला फर्जी है।

**बुकलेट में दर्ज किया लोगों का ब्योरा**
इस अभियान में दिल्ली सरकार के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने लक्ष्मी नगर स्थित गणेश नगर वार्ड में मैं भी केजरीवाल अभियान की शुरूआत करते हुए घर-घर जाकर लोगों से पूछा कि क्या मोदी जी भ्रष्टाचार के खिलाफ हैं। क्या केजरीवाल को गिरफ्तारी के बाद इस्तीफा दे देना चाहिए या जेल से ही सरकार चलानी चाहिए है। इन सभी सवालों के जवाबों और हर घर का ब्योरा एक बुकलेट में दर्ज किया जा रहा है। साथ ही गोपाल राय ने लोगों शराब घोटाले के बारे में जानकारी देते हुए बता रहे हैं कि यह घोटाला फर्जी है।

**अभियान**

**8 दिल्ली सरकार के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने लक्ष्मी नगर स्थित गणेश नगर वार्ड में मैं भी केजरीवाल अभियान की शुरूआत करते हुए घर-घर जाकर लोगों से पूछा कि क्या मोदी जी भ्रष्टाचार के खिलाफ हैं।**

**20 दिन चलेगा आप का अभियान**
शुक्रवार से शुरू हुआ आप का 'मैं भी केजरीवाल' हस्ताक्षर अभियान 20 दिसंबर तक चलेगा। इस अभियान में आप सरकार के मंत्री, विधायक, पार्षद और पदाधिकारी दिल्ली के 2600 पोलिंग स्टेशनों में घर-घर जाएंगे और लोगों से चर्चा कर उनकी राय जानेंगे। फिर 21 से 24 दिसंबर तक विधायक और पार्षद सभी वार्डों में जनसंवाद करके भी जनता की राय लेंगे। इस अभियान की जानकारी देते हुए गोपाल राय ने कहा कि आप सरकार जिस तरह से दिल्ली में काम कर रही है, उसे देखकर भाजपा के शीर्ष नेताओं और पीएम को लगने लगा है कि दिल्ली में किसी भी कीमत पर भाजपा अपनी सरकार नहीं बना सकती। लिहाजा किसी भी तरह से अरविंद केजरीवाल को खत्म किया जाए और आप के बढ़ते कारवां को रोक दिया जाए।



इसी के तहत फर्जी शराब घोटाले का केस बनाकर आप के एक-एक नेता को जेल में बंद करने का सिलसिला शुरू किया है। उपमुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया, राज्यसभा सदस्य संजय सिंह, मंत्री रहे सत्येंद्र जैन को जेल में बंद किया गया। अब केजरीवाल को गिरफ्तार करने की तैयारी हो रही है। इसके पीछे भाजपा का मकसद है कि केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया जाएगा तो दिल्ली की सरकार गिराई जा सकती है और आप को तोड़कर उसे खत्म किया जा सकता है।

**तैयार किया गया पम्पलेट**
पार्टी ने एक पम्पलेट तैयार किया है, जो घर-घर जाकर लोगों को दिया जाएगा। पार्टी कार्यकर्ता लोगों के साथ पम्प लेट में कही गई बातों पर चर्चा करेंगे कि आखिर तथाकथित शराब घोटाला फर्जी कैसे है? अरविंद केजरीवाल को मोदी जी क्यों गिरफ्तार करना चाहते हैं।

क्या पीएम अरविंद केजरीवाल के काम का मुकाबला कर सकते हैं या नहीं? क्या पीएम भ्रष्टाचार के खिलाफ हैं।

आखिर में लोगों से पूछा जाएगा कि अगर गिरफ्तारी होती है तो क्या अरविंद केजरीवाल को इस्तीफा देना चाहिए या नहीं देना चाहिए?

## शालीमार बाग में कांग्रेस कमेटी की हुई बैठक



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नं-56 बी के ब्लॉक अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने अपने वार्ड और कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण बैठक रखी।

इस मौके पर जिला के ऑब्जर्वर राकेश रजक, आदर्श नगर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मनोज यादव, शालीमार बाग विधानसभा के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी जे एस नेयोल, वार्ड नं 56बी से पूर्व निगम प्रत्याशी मोना शौकीन, लक्ष्मी गुप्ता, बी के शुक्ला, अजय कुमार, सफरुद्दीन एवं समस्त कार्यकर्ताओं ने अपने सुझाव दिए और अपनी बात रखीं। इस मौके पर पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी जेएस नेयोल ने कहा कि हम सभी को कांग्रेस पार्टी को मजबूत करना है और कांग्रेस की नीतियों व कार्यों को जन-जन तक पहुंचाना है।

**बैठक...**

**8 हम सभी को कांग्रेस पार्टी को मजबूत करना है और कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना है: नेयोल**

## थप्पड़ का बदला लेने के लिए चाकू से गोदकर की गई नाबालिग की हत्या

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दक्षिणी दिल्ली के अंबेडकर नगर इलाके में पुरानी रंजिश का बदला लेने के लिए चार लोगों ने चाकू गोदकर एक नाबालिग की हत्या कर दी। मरने वाले की पहचान मदनगीर के रहने वाले 17 वर्षीय पीयूष के रूप में हुई है। वहीं आरोपितों की पहचान 18 वर्षीय तुषार, 18 वर्षीय वरुण, 21 वर्षीय विनय व 22 वर्षीय भूपेंद्र उर्फ बूची के रूप में की गई है। सभी आरोपित मदनगीर के ई-2 ब्लॉक के रहने वाले हैं, जिनके पास से पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल दो चाकू बरामद किए हैं। डीसीपी चंदन चौधरी ने शुक्रवार को बताया कि अंबेडकर नगर थाने की पुलिस को 29 नवंबर की रात आठ बजे घटना की पीसीआर कॉल मिली। कॉलर ने पुलिस को बताया कि दक्षिणपुरी लाल बिल्डिंग के पास चार-पांच लड़कों ने एक लड़के को चाकू मार दिया है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस को पता चला कि घायल को इलाज के लिए एम्स ट्रामा सेंटर ले जाया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर है। इसके बाद क्राइम टीम ने मौके से सभी जरूरी सुराग जुटाए। हालांकि कुछ समय बाद अस्पताल में इलाज के दौरान घायल की मौत हो गई। पता चला कि उसके शरीर पर चाकू से ताबड़तोड़ छह वार किए गए थे। पुलिस संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है। जांच में पता चला कि दीवाली के दिन पीयूष की दो आरोपितों भूपेंद्र व वरुण से लड़ाई हुई थी।

## शालीमार बाग: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में विकास करके दिखाया: बलराम गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**शालीमार** बाग विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता बलराम गुप्ता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी वादे की पक्की है, जो वादे भारतीय जनता पार्टी ने देश की जनता से किये थे। वह पूरे कर-के दिखाये है।

उन्होंने आगे बताया कि आज जो आप देश में विकास देख रहे है, उसका श्रेय केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अच्छी नीतियों और जन कल्याणकारी योजनाओं को जाता है।

उन्होंने आगे बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में नई-नई योजनाएं लागू की है। इन योजनाओं से जुड़कर देश के लोग विकास की ओर अग्रसर हो रहे है। उन्होंने यह भी बताया कि हम जहां पर भी जाकर लोगों से मिल रहे है, जनता भारतीय जनता पार्टी के कार्यों से खुश है क्योंकि भारतीय जनता पार्टी जो कहती है। वह करके दिखाती है। उन्होंने आगे बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राज में गांव के लोग भी खुश हैं क्योंकि देश के किसानों को भी अब बेहतर सुविधाएं मिल रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि हम सभी को भाजपा की नीतियों और कार्यों को जन-जन तक पहुंचाना है और जनता की जो भी समस्याएं है उनका समाधान करना है ताकि देश की जनता भाजपा से अधिक से अधिक जुड़े।



भाजपा नेता बलराम गुप्ता ने यह भी बताया कि भाजपा कार्यक्तर्ता निःशुल्क भाव से जनता की सेवा करता है। उन्होंने एक अन्य सवाल के जवाब में कहा कि सभी को निर्धन व गरीब तबके की सहायता करनी चाहिए। जिससे की सभी वर्ग के लोगों का कल्याण हो सके।

## नरेला: बाइपास रोड़ निर्माण नहीं होने से लोगों में आक्रोश

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
नरेला में गाड़ियों का दबाव बढ़ता जा रहा है। ऐसे में नरेला के बाहर एक बाइपास रोड़ की मांग लोग लंबे अरसे से कर रहे हैं। बाइपास रोड ना होने के कारण कई बार भारी वाहन शहर के बीच से होकर गुजरते हैं जिसके कारण दुर्घटना हो जाती है। वहीं पीक आवर्स में लोगों को ट्रैफिक जाम की समस्या से जूझना पड़ता है। मिंटो का सफर तय करने में घंटो लग जाते हैं। लोगों ने समस्या से निजात दिलाने के लिए जल्द से जल्द बाइपास रोड के निर्माण की मांग की है। नरेला में बढ़ती आबादी के कारण यातायात के दबाव को देखते हुए वर्षों पूर्व मास्टर प्लान में बाइपास रोड बनाने की जरूरत बताई गई थी, मगर वर्षों बीत जाने के बाद भी इसका निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। जिससे स्थानीय निवासियों में खासा रोष व्याप्त है। लोगों का कहना है कि नरेला के तेजी से बदलते स्वरूप के साथ यातायात का दबाव भी बढ़ा है। नरेला में अनाज मंडी ,एफसीआई गोदाम, सब्जी मंडी, नरेला मार्केट होने की वजह से कमर्शियल वाहनों का आना-जाना लगा रहता है। पीक आवर्स में लोग कई घंटे जाम में फंसे रहते हैं। मिनटों का सफर तय करने में घंटो लग जाते हैं। कई बार ट्रैफिक जाम की वजह से एंबुलेंस भी फंस जाती हैं और मरीज समय पर अस्पताल भी नहीं पहुंच पाते, वहीं भारी वाहनों के शहर के बीच से गुजरने के कारण आए दिन दुर्घटना हो रही है। अभी दो दिन पहले ही अनाज मंडी के पास ट्रक ने बाइक सवार बांकनेर निवासी आशु को कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।



इस संबंध में कई बार लोग जनप्रतिनिधियों, संबंधित विभाग के अधिकारियों से बाईपास रोड़ जल्द बनाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपने के अलावा आंदोलन भी चला चुके हैं। लेकिन इस पर आज तक कोई अमल नहीं हो सका। नरेला चेतना मंच के प्रधान मनोज बंसल ने बताया कि नरेला इलाके में बढ़ते ट्रैफिक के दबाव को देखते हुए साल 2001 के मास्टर प्लान में नरेला में बाईपास रोड बनाने की जरूरत बताई गई थी। लेकिन समय बीतने के साथ योजना ठंडे बस्ते में चली गई।



जनहित फेडरेशन ऑफ नरेला के अध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक ने बताया कि बाईपास रोड़ बनाने की मांग लोग लंबे समय से कर रहे हैं, लेकिन हर बार कार्रवाई के नाम पर आश्वासन तो मिलता है। लेकिन एक्शन नहीं होता। मास्टर प्लान में जिस बाईपास रोड का उल्लेख किया गया है वह एनएच 44 पर सिंघु बॉर्डर को प्याऊ मनियारी, सबोली रोड, सफियाबाद रोड, लामपुर और बवाना को आपस में जोड़ देगा। जिससे गाड़ियां नरेला में एंट्री किए बिना सीधे निकल जाएगी और नरेला में जाम नहीं लगेगा। फेडरेशन की मांग है कि मास्टर प्लान में शामिल बाईपास रोड को जल्द से जल्द बनाया जाए, ताकि नरेला में लगने वाले भीषण जाम से मुक्ति मिल सके।

## मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपितों की न्यायिक हिरासत 14 दिनों के लिए बढ़ी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली वक्फ बोर्ड में भर्ती से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार तीन आरोपितों की न्यायिक हिरासत 14 दिनों के लिए बढ़ा दी है। तीनों आरोपितों की आज न्यायिक हिरासत खत्म हो रही थी जिसके बाद उनको कोर्ट में पेश किया गया था। कोर्ट ने 17 नवंबर को तीन आरोपितों जिशान हैदर, दाऊद नासिर और जावेद इमाम सिद्दिकी को आज तक की न्यायिक हिरासत में भेजा था। कोर्ट ने 16 नवंबर को तीनों की ईडी हिरासत 17 नवंबर तक के लिए बढ़ाया था। तीनों को 11 नवंबर को गिरफ्तार किया गया था। ईडी ने इस मामले में पिछले दिनों आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान के 13 ठिकानों पर छापेमारी की थी। सीबीआई ने 23 नवंबर 2016 को एफआईआर दर्ज की थी।




जांच के बाद सीबीआई ने 21 अगस्त 2022 को चार्जशीट दाखिल की थी। सीबीआई के मुताबिक दिल्ली वक्फ बोर्ड के सीईओ और संविदा पर दूसरी नियुक्तियों में गड़बड़ियां की गईं। चार्जशीट में कहा गया है कि इन नियुक्तियों के लिए अमानतुल्लाह खान ने महबूब आलम और दूसरे आरोपितों के साथ साजिश रची जिन्हें वक्फ बोर्ड में विभिन्न पदों पर नियुक्त किया गया था। चार्जशीट के मुताबिक इन नियुक्तियों में मनमानी की गई और अमानतुल्लाह खान और महबूब आलम ने अपने पद का दुरुपयोग किया।



## जहांगीरपुरी वासी नारकीय जीवन जीने को मजबूर: जिंदल

**टीम एक्शन इंडिया /नई दिल्ली**
**राजधानी** दिल्ली में प्रशासन की लापरवाही की वजह से रोज लोगों को समस्याओं से दो-चार होना पड़ता है, लेकिन प्रशासन है कि जनता की समस्याओं का समाधान करने में रूचि ही नहीं दिखाता है, जिसके चलते रोज लोगों को कई समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। आपको बतादें कि जहांगीरपुरी मुख्य रोड़ पर नाले की समय से सफाई न होने की वजह से नाला जाम पड़ा हुआ है और सड़क पर गंदा पानी भर जाता है। सड़क पर फैली गंदगी पर आप फोटों में भी देख सकते है। इस संदर्भ में कांग्रेस नेता व पूर्व जिलाध्यक्ष हरी किशन जिन्दल ने बताया कि जहांगीरपुरी रेड लाइट टी पॉइंट से अंदर जाने वाले 80 फुटा मेन रोड़ पर व रामगढ़ मोड पर पीडब्ल्यूडी का नाला चोक पड़ा हुआ है उसकी सफाई समय से नहीं होती है, नाले का गंदा पानी सडक पर बहता रहता है, लगभग 10 दिन से पीडब्लूडी अधिकारियों द्वारा नाले में से कूडा निकालकर कूड़ा सड़क पर फैला दिया गया है उसको अभी तक उठाया नहीं गया, जबकि कानून यह है कि कूडा निकालकर उसको वहां से तुरंत हटाया जाना चाहिए, उससे उठने वाली बदबू के कारण आस-पास से गुजरने वाले लोगों का बुरा हाल है और स्थानीय लोगों के बीमार होने का खतरा बना हुआ है और लोग नारकीय जीवन जीने को विवश है।

**लापरवाही**

**8 नाले की सफाई न होने से लोग हो रहे परेशान, सड़क पर होता है जलभराव, विभाग नहीं दे रहा ध्यान: जिन्दल**

**जहांगीरपुरी मेन रोड़ से जहांगीरपुरी थाने तक रोड़ पर अतिक्रमण:** जहांगीरपुरी मेन रोड मेट्रो स्टेशन से लेकर बाबू जगजीवन राम हास्पिटल, थाने व प्रयास तक के रोड़ पर अतिक्रमण व गंदगी के कारण बुरा हाल है, मेन रोड़ पर नाले खुले पड़े है जिससे कभी भी किसी हादसे का डर रहता है और अधिकारी सुनने को तैयार नहीं है।

**विभाग को की जा चुकी है शिकायत:** पूर्व जिला अध्यक्ष हरीकिशन जिन्दल ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को नाले में भरी गंदगी और रोड़ के ऊपर गंदा और बदबूदार पानी बहने की शिकायत की थी, लेकिन सफाई होने के बाद नाले अभी भी भरा हुआ है व रोड़ के ऊपर गंदा और बदबूदार पानी बह रहा है।

**सरकार से समस्या के समाधान की मांग की:** श्री जिन्दल ने लोक निर्माण मंत्री से मांग की है कि गंदगी को तुरंत साफ करवा कर इसे ठीक किया जाए, जिससे स्थानीय लोगों को परेशानी न हो।



# अपराधों को लेकर पुलिस की पाठशाला आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) पुलिस अधीक्षक** अम्बाला जशनदीप सिहँ के निदेर्शानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा हरियाणा उदय सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम पुलिस की पाठशाला के माध्यम से थाना अम्बाला छावनी क्षेत्र एसडी विद्या स्कूल में उप-पुलिस अधीक्षक अम्बाला छावनी आशीष चैधरी ने छात्र/छात्राओ/अध्यापकगणो को यातायात के नियमों की पालना करने, नशे दूर रहने, महिला सुरक्षा, नशे की रोकथाम, साईबर अपराध से बचाव बारे जागरूक किया । ह्यह्यहरियाणा उदय कार्यक्रम पुलिस की पाठशालाह्लह्ल के दौरान एसडी विद्या स्कूल में उप-पुलिस अधीक्षक अम्बाला छावनी आशीष चैधरी ने यातायात के नियमो की जानकारी देते हुए कहा कि यातायात के



नियम हम सब की सुरक्षा को मध्यनजर रखते हुए बनाए गए है मात्र चालान करना ही यातायात के नियमो की पालना कराना नही है बल्कि यातायात के नियमो को अपनाते हुए हमे अपनी व अपनो की जिंदगी को सुरक्षित करना मुख्य उदेश्य हैं। उन्होने कहा कि सभ्य समाज मे रहते हुए हमे एक सभ्य नागरिक की जिमेवारियो को निभाते हुए अपने जीवन मे यातायात के नियमो का

खुद पालन करते हुए समाज के अन्य लोगो को भी जागरूक करना हमारी जिमेवारी है।

उन्होने यातायात के नियमो कि जानकारी देते हुए कहा कि गाडी चलाते समय हमेशा सीट बैल्ट का प्रयोग करें, ओवर स्पीड मे वाहन ना चलाए, ओवर टेक ना करें, गाडी चलाते समय नशे का प्रयोग ना करें, दो पहिया वाहन चालक हैल्मेट का प्रयोग करे व अन्य सभी यातायात के नियमो का पालना करे। यातायात के नियमो की पालना करने से हम अपनी जिंदगी को तो सुरक्षित करते है साथ ही सडक पर अन्य वाहन चालको को भी सुरक्षित करते है।

इस पुलिस की पाठशाला में एसडी विद्या स्कूल के छात्र/छात्राओ ने उप-पुलिस अधीक्षक अम्बाला छावनी श्री आशीष चैधरी जी से यातायात नियमो को लेकर भिन्न-भिन्न प्रकार के सवाल किये जिन सवालो का उप पुलिस अधीक्षक ने जवाब देते हुए छात्र/छात्राओ को इन यातायात के नियमो को अपने जीवन मे अपनाते हुए व आस पडोस के लोगो को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया।

इस दौरान छात्र/छात्राओ को कहा गया कि युवा पढ़ाई में मन लगाकर अपने राष्ट्र व परिवार का नाम रोशन करें।

कुसंगति से बचे क्योंकि बुरी संगत में पड़कर युवा बुरी आदतों का शिकार हो जाते है और अपना भविष्य अन्धकारमय बना लेते है। इस कार्यक्रम मे स्कूल की प्रिंसिपल नील इन्द्रजीत कौर संधू, सिनियर विगं डारेक्टर शालू भसीन,स्कूल पीआरओ प्रीति शर्मा स्कूल स्टाफ सहित कार्यक्रम मे मौजूद रहे।

**भविष्य की बातें**

**8 कुसंगति से बचे क्योंकि बुरी संगत में पड़कर युवा बुरी आदतों का शिकार हो जाते है और भविष्य अन्धकारमय बना लेते है।**

# नुक्कड़ नाटक पेश कर विद्यार्थियों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**

**ज्ञान गंगा** ग्लोबल स्कूल (जी-3) में शुक्रवार को इंटर हाउस नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जगुआर हाउस की टीम ने पर्यावरण प्रदूषण विषय पर प्रभावी प्रस्तुति देकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और पहला स्थान हासिल किया । छात्र-छात्राओं ने अपने सशक्त अभिनय से सभी को प्रभावित किया। लैपर्ड हाउस के विद्यार्थियों ने साइबर क्राइम विषय पर ज्ञानवर्धक प्रस्तुति देकर दूसरा स्थान हासिल किया । इससे पहले स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने दीप प्रज्वलित कर इंटर हाउस नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। जगुआर हाउस के छात्र - छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक की अपनी प्रस्तुति में उन सभी स्थितियों का चित्रण करने का प्रयास किया गया, जिनकी वजह से पर्यावरण प्रदूषण खास तौर पर वायु व जल प्रदूषण को बढ़ावा मिल रहा है। नुक्कड़ नाटक के अंत में स्वच्छता अपनाने व जल का संरक्षण करने के लिए अपनी अपनी जिम्मेदारी तय करने के लिए संदेश दिया गया । नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति देने वाले मधुर, भविन, शौर्य, रितिका, अंशिका, रेशु, रूपेक्षा, अन्नु, रिम्पी, सेजल, प्रिया नैन आदि विद्यार्थियों ने पर्यावरण को हरा-भरा व स्वच्छ रखने में अपना योगदान देने का संकल्प लिया । इस मौके पर चेयरमैन सुधीर जैन ने कहा कि प्रदूषण सबसे बड़ी समस्या और चुनौती है। आज के समय मे प्रदूषण इतनी भयानक हो चुका है कि यदि समय रहते इस पर ध्यान नही दिया गया तो पूरी दुनिया इसकी चपेट आ जायेगा। उन्होंने कहा कि आज महानगरों में वाहनों, कारखानों तथा बढ़ती आद्योगिक इकाइयों के कारण वातावरण प्रदूषित हो रहा है। कारखानों की चिमनियों तथा वाहनों आदि से जहरीली गैसे निकलती हैं जिनसे वायु प्रदूषित हो जाती है। आवास की समस्या को सुलझाने के लिए की जा रही वनों की कटाई भी वायु प्रदूषण का मुख्य कारण है। कल कारखानों से निकलने वाले अपशिष्ट पदार्थ जब नदी में बहा दिए जाते हैं, तो जल प्रदूषित हो जाता है । वायु प्रदूषण से श्वास तथा फेफड़ों से संबंधित रोगों का जन्म होता है । ध्वनि प्रदूषण से मानसिक तनाव, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग आदि की संभावना रहती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि पौधे लगाना इसे रोकने का सर्वोत्तम उपाय है। सीईओ संजय जैन ने कहा कि वृक्ष हमें शुद्ध वायु प्रदान करते हैं। वनों को अंधाधुंध कटाई पर रोक लगाई जानी चाहिए। वाहनों द्वारा प्रदूषण को रोकने के लिए उनके लिए सीएनजी के प्रयोग को अनिवार्य कर दिया जाना चाहिए। हम सभी को स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक होना होगा और सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करना बंद करना होगा। इस मौके पर पैंथर हाउस के विद्यार्थियों ने सड़क सुरक्षा व प्यूमा सदन के छात्र-छात्राओं ने मानसिक तनाव विषय पर नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी ।

## न्यूज फ्लैश

### जल्द से जल्द हत्यारों को पकड़े पुलिस: राजीव जैन



सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया विकासपुरी निवासी 60 वर्षीय राम निवास की सुबह की गई हत्या की सुचना मिलने पर मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने सिविल हस्पताल पहुंचकर पुत्र को सांत्वना दी और जल्द से जल्द हत्यारों का पता लगाकर उन्हें गिरफ्तार करने का आश्वाशन दिया। मौके पर मौजूद जाँच अधिकारी दलजीत सिंह को भी हत्यारों का पता लगाने के लिए आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगालने का भी आग्रह किया।

### गाँव खुखराना से 21 मेम्बरी कमेटी का शपथ सम्मान समारोह और परिचय पत्र वितरित: सुखवीर मलिक

पानीपत/कमाल हुसैन

**आम आदमी** पार्टी के राज्यसभा सासंद डॉ संदीप पाठक के आदेशानुसार हर गावँ मे 21 मेम्बर कमेटी के शपथ ग्रहण एवम सम्मान समारोह किया। आज प्रदेश सह सचिव सुखवीर मलिक ने गांव खुखरना मे किया। सभी 21 मेम्बर उपस्थित का सम्मान किया और उनको परिचय पत्र दिये। मलिक ने गांव खुखराना मे न्यू नवनियुक्त ग्राम सचिव और कमेटी मेंबर को शपथ दिलाई और मौके पर सबके आइडेंटी कार्ड वितरित किए । जिनको सम्मान मिला वह है खुखराना गांव सचिव गौरव के साथ रमेश कुमार, श्याम पाल, आकाश, भीम सिंह, उषा, राजवीर बरेजा, सोमवीर, ईश्वर ,रामनिवास, मीनू ,सेवाराम, कृष्णा ,मुकंदी ,बालवीर, जैसमेर ,अजय ,अंकित ,अंकुश, कुलदीप, मनोज, सोनू राठी ,विनोद ,राहुल ,वेद ,रवि ,राजेश ,रमेश कुमार, श्याम पाल , सोनिया ईश्वर व अन्य ग्राम सचिव मौजूद रहे। इस मौके पर राष्ट्रीय कार्यकारी सदस्य सुखबीर मलिक , राजकुमार मुंडे, अमित नोरा ,सुनील नोरा ,विनोद गुर्जर , संदीप, मुकेश शर्मा आदि रहे '

### उत्तर प्रदेश के शामली में लगाया फ़्री हैल्थ कैम्प: डॉ नवीन नैन भालसी

पानीपत/कमाल हुसैन

**अंतरराष्ट्रीय जाट** संसद के हरियाणा संयोजक डॉ नवीन नैन भालसी व ठफ्कप्रवेश शर्मा की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश के शामली शहर में लखनऊ के महशूर डॉक्टरों की टीम के साथ सृष्टि हॉस्पिटल के संचालक शेखर वशिष्ठ के सहयोग से फ़्री हैल्थ कैम्प लगाया गया। इस दौरान डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि आज के समय में हर व्यक्ति अपने शरीर को कम महत्व देकर दैनिक दिनचर्या का ताना-बाना बिगाड़ लिया गया है,जिससे हर व्यक्ति किसी न किसी रूप में मेडिकल की सहायता लेने को मजबूर हो गया है। इस दौरान डॉ नवीन नैन भालसी ने डॉक्टरों की टीम के साथ मीटिंग करते हुए सभी मरीजों की इलाज किफायती व जायज रेटों पर लेने को कहा है,और समय-समय पर फ़्री हैल्थ चेक-अप करके लोगों की मदद करने के लिए सृष्टि हॉस्पिटल की पूरी टीम व संचालक शेखर वशिष्ठ को बहुत बहुत शुभकामनाएँ प्रेक्षित की।

### प्रतियोगिता करवाने का मुख्य उद्देश्य अच्छी प्रतिभाओं को आगे बढ़ाना है: एडीसी अंकिता चौधरी

सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया

**उपायुक्त** डॉ० मनोज कुमार के निर्देशन में हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद शाखा सोनीपत के द्वारा दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मुरथल में शुक्रवार को बाल महोत्सव 2023 के उपलक्ष्य में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन करवाया गया। अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी ने बतौर मुख्यातिथि मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त ने पुरस्कार वितरण समारोह में जिले के अलग-अलग स्कूलों से लगभग 600 विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी ने कहा कि बाल कल्याण परिषद बच्चो की छुपी हुई प्रतिभा को निखारने का काम करती है । उन्होंने कहा की इस कार्यक्रम में जिला स्तर पर जिन बच्चों ने अपना प्रथम, द्वितीय, तृतीय तथा सांतवना स्थान पाया उन सब बच्चों को यहां सम्मानित किया गया।

# बराड़ा में सोशल ऑडिट पीएमएवाई-शहरी में हुई जन सुनवाई

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला-बराड़ा (मनीष कुमार) बराड़ा** में दो दिवसीय सोशल ऑडिट की मीटिंग में अंतिम दिन जन सुनवाई हुई जिसमें लगभग 40 के करीब लाभार्थियों और हितधारकों ने भाग लिया` मीटिंग के दूसरे दिन की शुरूआत डॉक्टर मनोज कुमार तेवतिया (प्रोजेक्ट डायरेक्टर क्रीड) के स्वागत भाषण से शुरू हुई इस अवसर पर सुनवाई के दौरान किस्तों में देरी, प्रक्रिया का जटिल होना, वह ढाई लाख में कार्य न पूरा



होना,प्रक्रियात्मक देरी, मामलों को मंजूरी देने में संबंधित व अन्य मुद्दे उठे' कुछ जो लाभ लेने से रह गए हैं, उन्होंने दोबारा सर्वे की मांग की। अंत में सभी सब कमेटियों ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की । लोगों ने लाल डोरे की वजह से कुछ लाभार्थीओ के शामिल ना होने के मुद्दों को उठाया ' सोशल ऑडिट कमेटी ने लाभार्थियो की फाइल को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने की संस्तुति की` दो दिवसीय मीटिंग और सब कमेटियों के प्रस्तुतीकरण तथा स्टडी के आधार पर क्रिड फाईनल रिपोर्ट तैयार करके नगर पालिका एवं राज्य सरकार के हाउसिंग फॉर आल विभाग, हरियाणा को प्रस्तुत करेगा। जिसके आधार पर योजना के कार्याणवन

एवं गुणवत्ता में सुधार किया जा सकें। कायार्शाला में चंडीगढ़ एवं पंचकुला से पहुंचे सीमा शर्मा, विनीता पाराशर, दीपक कुमार, संदीप कुमार, राकेश कुमार एवं नगर पालिका से पीएमएवाई सिविल इंजीनियर लोकेश शर्मा, पीएमएवाइ- एम आई एस राकेश कमल, लाभार्थी, एस एच जी ग्रुप महिलाएं,स्टूडेंट, आदि मौजूद रहे।

# विजय जैन ने 3 बसों को हरी झंडी दिखाकर वृंदावन धाम के लिए किया रवाना

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**पानीपत** ग्रामीण के वार्ड नंबर 3 की विष्णु कॉलोनी तहसील कैंप में सत्यम महावीर सेवा दल संस्था द्वारा वृंदावन, बरसाना, गोवर्धन, रमणरेती के लिए तीर्थ यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि पानीपत ग्रामीण हलके के सुप्रसिद्ध समाजसेवी विजय जैन ने 3 बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया ' इस अवसर पर बोलते हुए जैन ने कहा है कि सत्यम सेवा दल संस्था द्वारा जो तीर्थ यात्रा करवाई जाती है यह एक बड़े पुण्य का काम है लोग धार्मिक स्थान पर घूम-घूम कर के धर्म व सत्य का ज्ञान प्राप्त करते हैं और बुजुर्ग, नौजवान,बच्चों व महिलाओं को वृंदावन धाम घूमा करके धर्म का लाभ दिलवाते हैं जिससे हमारी सामाजिक व धार्मिक कार्यों में आस्था बढ़ती है ' भारतीय संस्कृति का ज्ञान प्राप्त होता है जिससे हमारे मन में अच्छे व नेक विचार पैदा होते हैं, इस अवसर पर पानीपत ग्रामीण विकास मोर्चा के अध्यक्ष सतपाल राणा, एडवोकेट रमेश मौर्य, शिव कुमार शर्मा, बलदेव अरोड़ा हनुमान, रामलाल भाटिया, नरेश मेहता, संस्था के सेवादार राकेश कक्कड़, अमित मदान, नवीन मदान, दिनेश नारंग, अनिल कपूर, मुकेश मौजूद रहे।

# छावनी के सरकारी स्कूल में गीता वितरण समारोह आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) राजकीय वरिष्ठ** माध्यमिक विद्यालय मेन ब्रांच, अम्बाला कैन्ट में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2023 के अन्तर्गत गीता वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पंडित तिलक राज शर्मा मुख्यातिथि के रूप में पधारे। विद्यालय में पहुंचने पर प्रधानाचार्य रमेश कुमार व स्टॉफ सदस्यों ने पुष्प गुच्छ देकर व पटका पहनाकर मुख्यातिथि का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन से हुआ। अपने उद्बोधन में पंडित तिलक राज शर्मा ने छात्र-छात्राओं को बताया कि श्रीमद्भगवद्गीता का प्रकाट्य स्वयं भगवान श्रीकृष्ण के



मुख से हुआ है। इसमें 18 अध्याय एवं 700 श्लोक हैं। भगवान श्रीकृष्ण ने गीता का ज्ञान महाभारत के युद्ध में अर्जुन को मार्गशीष मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी के दिन दिया था। इसलिए इसको मोक्षदा एकादशी भी कहते हैं। गीता पढ़ने वाला विद्यार्थी उच्च व्यक्तित्व वाला मानव बनता है तथा जीवन की प्रत्येक समस्या तथा कठिनाई पर आसानी से विजय प्राप्त कर सकता है। आज के समय में गीता सभी जाति एवं धर्म के लोगों को पढ़नी चाहिए। पंडित तिलक राज शर्मा ने कहा कि वह हरियाणा सरकार एवं हरियाणा शिक्षा विभाग को साधुवाद देते हैं कि गीता ज्ञान को प्रत्येक विद्यार्थी तक पहुंचाने के लिए विद्यालयों में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

इसके साथ-साथ उन्होंने गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज का भी धन्यवाद किया। जिनके अथक प्रयासों से गीता का प्रचार न केवल भारत में अपितु पूरे विश्व में हो रहा है। उन्हीं के प्रयासों से अनेक देशों की संसद में श्रीमद्भगवद्गीता की स्थापना हुई है। समारोह में मुख्य अतिथि ने स्कूल के 340 विद्यार्थियों तथा 20 स्टॉफ सदस्यों को गीता बांटी गई। इस अवसर पर पंडित तिलक राज शर्मा द्वारा अष्ठादश श्लोकी गीता पाठ भी करवाया गया।

# परीक्षा को लेकर मुख्य सचिव ने अधिकारियों से की मीटिंग

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**


**हरियाणा के** मुख्य सचिव संजीव कौशल ने चण्डीगढ से आयोजित वीसी के माध्यम से हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा 2023 के दृष्टिगत (लेवल-1, लेवल -2, लेवल -3) 2 दिसम्बर व 3 दिसम्बर को हरियाणा में आयोजित होने वाली परीक्षा के दृष्टिगत जो तैयारियां की गई है उसकी समीक्षा करते हुए परीक्षा को नकलरहित, पारदर्शी व शांतिपूर्ण तरीके से करवाने बारे निर्देश दिए। उन्होंने परीक्षा के दृष्टिगत आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।



मुख्य सचिव संजीव कौशल ने परीक्षा के तहत बताया कि इस परीक्षा के आयोजन के लिए सभी तैयारियां व आवश्यक प्रबंध किए गये हैं। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा जो हिदायतें जारी की गई हैं उनकी अनुपालना के तहत परीक्षा का सफलपूर्वक आयोजन करवाना है। परीक्षा से पहले सभी परीक्षा केन्द्रों पर जैमर, सीसीटीवी कैमरे व अन्य सभी आवश्यक प्रबंध होने सुनिश्चित होने चाहिए। परीक्षा के सफलपूर्वक आयोजन को लेकर धारा 144 के आदेश के साथ-साथ परीक्षा के दिन सभी परीक्षा केन्द्रों पर पुलिस की भी व्यापक व्यवस्था होनी चाहिए। जिला स्तर पर फ्लाईंग स्कवाईड टीम के साथ-साथ हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा फ्लाईंग स्कवाईड की टीमें परीक्षा वाले दिन निरीक्षण करेंगी। उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों को परीक्षा को बेहतर तरीके से सफलपूर्वक आयोजन करवाने बारे भी निर्देश दिए। उपायुक्त डा. शालीन ने मुख्य सचिव को अवगत करवाते हुए बताया कि जिला अम्बाला में 13 परीक्षा केन्द्रों पर यह परीक्षा आयोजित की जायेगी तथा इस परीक्षा में 7392 परीक्षार्थी भाग लेंगे। परीक्षा के तहत सभी परीक्षा केन्द्रों व अन्य की बैठक लेकर उन्हें परीक्षा के सफलपूर्वक आयोजन बारे आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए जा चुके है।

धारा 144 के आदेश भी जारी किए गये हैं। मुख्य सचिव को आश्वस्त किया कि जिला अम्बाला में इस परीक्षा को नकलरहित व पारदर्शी तरीके से करवाया जायेगा।

# परीक्षा को पूर्ण पारदर्शिता के साथ करवायेंगे: डॉ. मनोज कुमार



**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**

**उपायुक्त डा. मनोज** कुमार ने कहा कि सोनीपत में हरियाणा शिक्षक पात्रता परीक्षा (एचटैट) पूर्ण पारदर्शिता के साथ सफलतापूर्वक करवायेंगे। एचटैट 2-3 दिसंबर को आयोजित की जा रही है, जिसकी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। परीक्षा को लेकर हर प्रकार के प्रबंध किये जा रहे हैं।

उपायुक्त ने यह जानकारी शुक्रवार को एचटैट की तैयारियों व आयोजन की समीक्षात्मक बैठक के दौरान दी, जिसकी अध्यक्षता मुख्य सचिव संजीव कौशल कर रहे थे। मुख्य सचिव ने विडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से उपायुक्तों की बैठक लेते हुए विस्तार से तैयारियों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उपायुक्त ने प्राप्त दिशा-निदेशों की ईमानदारी से पूर्ण अनुपालना का भरोसा दिया। विडियो कान्फ्रेंस के उपरांत उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों की बैठक लेते हुए जिला स्तर पर प्रबंधों की समीक्षा की। उन्होंने कड़े निर्देश दिए कि जिस अधिकारी-कर्मचारी की जो ड्यूटी लगाई जाए उसका निर्वहन पूर्ण ईमानदारी के साथ करें। किसी भी अधिकारी-कर्मचारी की कोई भी शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। जिला प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग दिया जाएगा। किसी भी तरह की शंका के समाधान के लिए प्रशासनिक अधिकारियों से संपर्क किया जाए।

उपायुक्त ने बताया कि सोनीपत में एचटैट के लिए कुल 30 परीक्षा केंद्र स्थापित किये गये हैं, जिनमें दो दिनों में करीब 18 हजार परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। सोनीपत में पहले दिन केवल एक शिफ्ट में सुबह के समय परीक्षा होगी, जो कि 15 परीक्षा केंद्रों में ली जाएगी। दूसरे दिन दोनों शिफ्ट में परीक्षा होगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे स्वयं जाकर सभी केंद्रों का दौरा कर हर प्रकार की सुविधाओं व आवश्यकताओं की जांच करें। परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी, जैमर, विडियोग्राफी, पुलिस सुरक्षा इत्यादि सुनिश्चित करें।

उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे परीक्षा के दृष्टिद्गत ट्रैफिक व्यवस्था के संचालन के लिए विशेष प्रबंध करें, ताकि कहीं भी जाम की स्थिति उत्पन्न न हो।

# धूमधाम से मनाया गया आईएसआरपीएल का स्थापना दिवस

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**स्थित** इंडियन सिंथेटिक रबर प्राईवेट लिमिटेड (आईएसआरपीएल) का दसवां स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि चेयरमैन प्रमानन्द गोयल और डायरेक्टर एवं रिफाइनरी के कार्यकारी निदेशक व रिफाइनरी प्रमुख एम.एल.डाहरिया द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। गोयल ने उपस्थित लोगों को आई.एस.आर.पी.एल. के दसवें स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कर्मचारियों और अधिकारियों के कार्य कौशल, मेहनत और लगन के साथ काम करने के कारण ही आज



प्लांट इन ऊंचाइयों तक पहुंचा है। उन्होंने कहा कि कंपनी को शुरूआती समय में कुछ कठिनाइयां आई परन्तु आज कंपनी ने अपनी अलग पहचान बनाई है।

आईएसआरपीएल के डायरेक्टर और रिफाइनरी के कार्यकारी निदेशक एम.एल. डहरिया ने कहा कि इंडियन सिंथेटिक रबड़ प्लांट ने न केवल भारत बल्कि विदेशों मे भी एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। आज विदेशों में हमारी कंपनी की रबड़ की बहुत मांग बढ़ रही है। उन्होंने आने वाली नई परियोजना का भी जिक्र किया। कार्यक्रम के अंत में महाप्रबंधक मुकेश शर्मा द्वारा कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों का धन्यवाद किया गया।

आईएसआरपीएल में 5 और 10 वर्षों से ज्यादा समय से काम करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को दीर्घकालीन पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आईएसआरपीएल के अधिकारियों व कर्मचारियों के परिजनों ने बड़े उत्साह व उमंग के साथ भाग लिया। कार्यक्रम में मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कियें। सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाली महिलाओं , बच्चों व कमचारियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डिप्टी कमांडेंट विजय कुमार, डिप्टी कमांडेंट राजीव पांडे, के.जयपाल, सेम येन, मयंक होलानी, मुकेश शर्मा, शहजाद आलम, अमित बोरा, हरीश नुरूला, अमरदीप सिंह, मृतुंजय तिवारी, अपरेश जना,

# अमित मिश्रा ने की रेडक्रास की आजीवन सदस्यता ग्रहण

**टीम एक्शन इंडिया/ संजय शर्मा**

**नारनौल** । उपायुक्त एवं जिला रेड क्रॉस समिति की प्रधान मोनिका गुप्ता (आईएएस) के दिशा निदेर्शानुसार व रेडक्रॉस सचिव महेश गुप्ता के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे रेडक्रास के सदस्यता अभियान के तहत आज अमित मिश्रा ने अपने युवा साथियों सहित रेडक्रास की आजीवन सदस्यता ग्रहण की तथा रेडक्रास नारनौल द्वारा चलाई जा रही विभिन्न सामाजिक गतिविधियों की सराहना की। रेडक्रास से डा. एसपी सिंह ने बताया कि इससे पूर्व भी अमित मिश्रा रेडक्रास की गतिविधियों में सक्रिय रहे हैं। उन्होंने रेडक्रास के सहयोग से अनेकों बार रक्तदान शिविरों का आयोजन किया है एवं स्वंय भी अब तक 54 बार रक्तदान कर चुके हैं।इसके लिए उन्हें जिला एवं राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में सम्मानित भी किया जा चुका है।

इस अवसर पर डा. एसपी सिंह ने उन्हें सदस्यता पत्र प्रदान किया एवं रेडक्रास से जुड़कर कार्य करने के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में हर नागरिक की भागीदारी हो सुनिश्चितः नागर

**संकल्प यात्रा**

**8 विधायक राजेश नागर ने गांव मंझावली में विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा कार्यक्रम में की शिरकत**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरि ओम गुप्ता)।**
तिगांव के विधायक राजेश नागर ने कहा कि देश सहित प्रदेश भर में चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा में हर भारतीय नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित हो। विधायक राजेश नागर ने शुक्रवार को गांव मंझावली में विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा कार्यक्रम में बतौर मुख्य शिरकत करते हुए कहा कि सरकार अन्त्योदय योजना के तहत गरीब परिवारों का आर्थिक उत्थान करने के लिए प्रतिबद्ध है। गरीब परिवारों को चिन्हित कर सरकारी योजनाओं और परियोजनाओं लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पहली बार देश का ऐसा कोई प्रधानमंत्री है, जिसने भारत को विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है। वर्ष 2047 को जब देश को आजाद हुए 100 वर्ष हो जाएंगे तो भारत देश भी विकसित राष्ट्र की सूची में शामिल होगा। इसके लिए हम सबको मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने उपस्थित सभी लोगो को विकसित भारत बनाने की शपथ भी दिलवाई। उन्होंने कहा कि हमारे लिये सौभाग्य की बात है कि सरकार आपके द्वार आकर वहां पर विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से क्रियान्वित योजनाओं के बारे लोगों को जानकारी उपलब्ध करवा रही है। विधायक राजेश नागर ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य है कि जो भी व्यक्ति इन योजनाओं से सम्बन्ध रखता है, उन्हें योजना का लाभ यदि किसी कारणवश नहीं मिला है, तो उनका मौके पर ही फार्म भरवाकर उन्हें योजना का लाभ दिलवाना सुनिश्चित करवाना है। यह यात्रा यह यात्रा जिला के प्रत्येक गांव व शहरी वार्डों में जाकर केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा जो योजनाएं चलाई जा रही हैं, उस बारे लोगों को जानकारी उपलब्ध करवाएगी। हरियाणा के सभी गांवों और शहरों के सभी वार्डों में यह यात्रा पहुंचने पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। विधायक राजेश नागर ने कहा कि केन्द्र में मौजूद मोदी सरकार व हरियाणा में मनोहर सरकार लोगों को मूलभूत सुविधाओं के लिए चहुंक विकास के निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि आपके गांव में भी जो समस्याएं या विकास रूपी कार्य मेरे संज्ञान में लाए गये, मैंने उन्हें करवाने का काम किया है। चाहे उन कार्यों में सडकों का निर्माण हो, सामुदायिक भवन का निर्माण हो, बिजली, पानी का कार्य हो या अन्य कोई विकास कार्य हो। मैं दावे से कहता हूं कि हमारी सरकार में गांवों में इतने विकास कार्य हुए हैं,जितने पहले की सरकारों में कभी नहीं हुए। उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा जो कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं, उनका लाभ लोगों को भी मिल रहा है, चाहे उसमें सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत वृद्धावस्था सम्मान भत्ता, दिव्यांग भत्ता, विधवा पैंशन या अन्य किसी प्रकार की पैंशन योजना शामिल हो। आयुष्मान योजना के तहत जिस व्यक्ति की आय 1.80 लाख से कम है, उनका आयुष्मान कार्ड बनाने का काम किया गया है। इसका अब दायरा बढ़ाकर तीन लाख रुपये किया गया है। जिस व्यक्ति की वार्षिक आय तीन लाख रुपये है, वह 1500 रुपये की राशि जमा करवाकर अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकता है। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से पांच लाख रुपये तक का इलाज निशुल्क किया जा रहा है। हरियाणा में चिरायु योजना के तहत हर नागरिक के स्वास्थ्य का रिकॉर्ड रखा जा रहा है। ताकि यदि किसी व्यक्ति को कोई बीमारी हो, तो उसका प्रारंभिक चरण में पता लगाकर उसका इलाज किया जा सके। अब कोई भी व्यक्ति पैसे के अभाव में इलाज से वंचित नही है। विभागों द्वारा यहां पर स्टाल के माध्यम से सरकार की योजनाओं की जो जानकारी दी जा रही है, उसका अवलोकन किया और उपस्थित सभी को कहा कि जो भी व्यक्ति योजना का लाभ लेने से किसी कारणवश वंचित रह गया है, उसका मार्गदर्शन करते हुए, उसे योजना का लाभ दिलवाएं। इस मौके ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित भी किया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम देश की तकदीर बदलने का काम करेंगे। हमें अपने देश को स्वर्णिम देश बनाने का काम करना है। उन्होंने इस मौके पर उपस्थित ग्रामवासियों को सम्बोधित करते हुए विधायक राजेश नागर ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में कार्य कर रहे हैं।

हिन्दुस्तान के लगभग 2.50 लाख गांवों में यह यात्राएं आयोजित करके आमजन को केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा क्रियान्वित योजनाओं के बारे में जानकारी दी जायेगी। इस भूमंडल पर तीन तरह के राष्ट्र हैं, जिनमें एक अविकसित राष्ट्र है, जिसमें किसी प्रकार का कोई काम नहीं हुआ है, दूसरा विकासशील देश जैसे हमारा भारत देश है, जो निरंतर विकास कर रहा है और तीसरा विकसित देश हैं, जिसमें सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध हैं, हमें संकल्प लेकर अपने राष्ट्र को भी विकसित राष्ट्र बनाना है।



# मोदी की गारंटी वाली गाड़ी सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करेगीः गुर्जर

**संकल्प यात्रा**

**8 केंद्रीय राज्यमंत्री ने सेहतपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि की शिरकत**



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
केंद्रीय भारी उद्योग एवं ऊर्जा राज्यमंत्री श्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश भर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया गया है। इस यात्रा के माध्यम से केंद्र सरकार की 17 योजनाओं तथा प्रदेश की सभी योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक किया जाएगा। जहाँ-जहाँ यह ह्मोदी की गारंटीह्न वाली गाड़ी जाएगी, वहां प्रशासन द्वारा सभी विभागों के स्टाल भी स्थापित किए जाएँगे। जिससे आमजन एक ही जगह पर सभी सरकारी योजनाओं व सुविधाओं का लाभ ले पाए। विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से आमजन तक मोदी की गारंटी वाली गाड़ी पहुंचेगी। जो आमजन तक केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व परियोजनाओं का लाभ देना सुनिश्चित करेगी। केंद्रीय राज्य मंत्री श्री गुर्जर आज फरीदाबाद के सेहतपुर क्षेत्र में विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनता ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत की सरकार चुनी। इसका ही नतीजा है कि देश आज विकास के पथ पर तेजी से दौड़ रहा है। आज भारत ग्लोबल लीडर बनने की रेस में शामिल है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में ही केंद्र सरकार तथा सीएम मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश सरकार देश आमजन का कल्याण व उनके आर्थिक तथा सामाजिक उत्थान के लिए समर्पित है। केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार तथा प्रदेश की मनोहर सरकार ने हजारों कच्ची कॉलोनियों को नियमित करने का कार्य किया है।

कच्ची कॉलोनियों में रह रहे लोगों को अब सभी मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिल पाएगा। तथा उनका आर्थिक व सामाजिक उत्थान भी होगा। उन्होंने कहा कि केंद्र व हरियाणा प्रदेश की डबल इंजन की सरकार देश के गरीब तथा पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति को समर्पित है। केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने उपस्थित नागरिकों को विकसित भारत संकल्प शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम स्थल पर केंद्रीय राज्यमंत्री ने स्वास्थ्य, समाज कल्याण, पेंशन, पिछड़ा वर्ग कल्याण, पशु पालन, कृषि सहित विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का भी अवलोकन किया व उन्हें निर्देश देते हुए कहा कि आमजन की समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करना सुनिश्चित करें। केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों, विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता, सेवानिवृत्त सेना एवं पुलिस अधिकारी मेधावी छात्रों सहित खेल के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि प्राप्त करने वाले वर्ल्ड चैंपियनशिप एथलीट गोल्ड मेडलिस्ट कुमारी आँचल गोयल, किक बॉक्सिंग गोल्ड मेडलिस्ट अतिथि तेवतिया, गोल्ड मेडलिस्ट कुमारी साँची को सम्मानित भी किया।

## पांच को कुरुक्षेत्र से शुरू होगी 'सीएम तीर्थयात्रा' योजना

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा सरकार 5 दिसंबर को धर्मनगरी कुरुक्षेत्र से ह्मसीएम मुफ्त तीर्थयात्राह्न योजना शुरू करने जा रही है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल इस योजना को लेकर पोर्टल लॉन्च करेंगे, जिसके बाद 60 साल से अधिक उम्र के बुजुर्ग तीर्थयात्रा के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इसी दिन मुख्यमंत्री ह्मरामभक्तोंह्न को कुरुक्षेत्र में ही सम्मानित करेंगे। प्रदेश सरकार ने प्रदेशभर में पंजीकृत रामलीला कमेटियों के पदाधिकारियों को सम्मानित करने का निर्णय लिया है।

# एसडीएम ने परीक्षा की तैयारियों को लेकर दिए दिशा-निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरि ओम गुप्ता)।**
। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड (एचबीएसई) भिवानी द्वारा जिला में 02 और 03 दिसम्बर को आयोजित की जाने वाली हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा (एचटेट) परीक्षा के सफल संचालन के लिए जिला प्रशासन की ओर से पूरी तैयारी कर ली गई है। नोडल अधिकारी व एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद आज सेक्टर-12 के कन्वेंशन हाल में फरीदाबाद में होने वाली एचटेट की परीक्षाओं के सफल संचालन के लिए परीक्षा केंद्रों और अन्य ड्यूटी करने वाले अधिकारियों को टिप्स दे रहे थे। उन्होंने बताया कि जिला में 02 और 03 दिसम्बर को हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा आयोजित की जाएगी। दो दिसम्बर शनिवार को यह परीक्षा सांय सत्र में 03:00 बजे से 05:30 बजे तक आयोजित होगी तथा रविवार तीन दिसम्बर को दो सत्र में सुबह 10:00 बजे से 12:30 व सांय सत्र में 03:00 बजे से साढ़े 05:30 बजे तक आयोजित की जाएगी। 28 परीक्षा केंद्रों पर कुल 15969 परीक्षार्थी दोनों दिन परीक्षा देंगे। परीक्षा ड्यूटी में लगे सभी अधिकारियों व कर्मचारियों के पास पहचान पत्र हो, जो उन्होंने अपने गले में पहन रखे हो। केंद्र अधीक्षकों से उन्होंने यह सुनिश्चित करने को कहा कि जिन संस्थानों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है, उनमें पहले से मौजूद फोटो स्टेट मशीनें या फैक्स इत्यादि परीक्षा के दिन किसी एक कमरे में रखकर उन्हें सील कर दिया जाए।

इसके अतिरिक्त यह भी विशेष तौर पर ध्यान रखा जाए कि परीक्षा के दिन कहीं पर भी कोई फोटोस्टेट की दुकान खुली न रहें। इस प्रकार के प्रबंधों को सुनिश्चित करने के लिए धारा 144 लागू की गई है और ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त कर दिए गए है।



# लावारिस घूमते हुए पांच नाबालिक बच्चों को पुलिस ने किया परिजनों के हवाले

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरि ओम गुप्ता)।**
डीसीपी एनआईटी अमित यशवर्धन के दिशा निर्देश पर कार्रवाई करते हुए थाना मुजेसर की टीम संजय कॉलोनी पुलिस चौकी के एरिया में लावारिस अवस्था में घूमते हुए नाबालिक बच्चों के परिजनों की तलाश कर हवाले करने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि पुलिस टीम को नाबालिक बच्चे गस्त के दौरान मिले। सभी बच्चे की आयु 6-8 वर्ष के बीच के थे। नाबालिक पांचों बच्चों के परिजनों को पुलिस टीम के द्वारा काफी तलाश किया गया लेकिन नही मिलने पर पुलिस चौकी संजय कॉलोनी ईंचार्ज भवर सिंह ने पुलिस टीम बनाकर तलाश के लिए मार्किट व अन्य स्थानों पर भेजे। पीसीआर राईडर से आवाज लगवाई। पुलिस कन्ट्रोल रुम के माध्यम से नाबालिक लडके की फोटो सभी थानों में सूचना भेजी। सोशल मीडिया के माध्यम से सभी पुलिस के व्हाट्सएप ग्रुपों में फोटो भेज कर सूचना प्राप्त की। जो काफि तलाश करने पर लडके के परिजनों का पता लगा। परिजनों के द्वारा पांचों बच्चों की पहचान कराई गई। बच्चों के परिजन मजदूरी का काम करते है। बच्चे के परिजनों के हवाले करते हुए बताया की बच्चे पर ध्यान रखे। बच्चा अगर गलत हाथो में चले गए तो बच्चे की जिंदगी खतरे में हो सकती है। परिजनों के द्वारा अपने बच्चो को पाकर काफी खुश हुए उन्हने पुलिस टीम का तह दिल से धन्यवाद किया।



# फरीदाबाद में चार से छह दिसंबर तक आयोजित होगा राज्य स्तरीय खेल महाकुंभः डीसी विक्रम सिंह



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि राज्यस्तरीय खेल महाकुंभ फरीदाबाद में चार से छह दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि खेल महाकुंभ में फरीदाबाद जिला को एथलेटिक्स, फेंसिंग व शूटिंग की स्पधाओं की जिम्मेदारी मिली है। उन्होंने खेल व अन्य विभागों को निर्देश दिए कि प्रतियोगिता की तैयारियों में कोई कमी न रखें। इसके साथ ही सभी बच्चों के ठहरने, खाने व यातायात की सुविधा को लेकर भी निर्देश दिए। उपायुक्त विक्रम सिंह शुक्रवार को लघु सचिवालय में खेल महाकुंभ की तैयारियों को लेकर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे। उपायुक्त ने बताया कि प्रतियोगिता के दौरान एथलेटिक्स के 1200 खिलाड़ी, फेंसिंग के 500 और शूटिंग के 250 खिलाड़ी फरीदाबाद में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि उद्घाटन कार्यक्रम सेक्टर-12 स्थित खेल परिसर में आयोजित होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पुलिस व महिला खिलाड़ियों को ठहराने के लिए 12 अलग-अलग स्थानों पर व्यवस्था की गई है। यहां शौचालयों, कमरों, पेयजल व सुरक्षा की बेहतरीन व्यवस्था हो। इसके लिए उन्होंने पुलिस विभाग को भी निर्देश दिए कि पर्याप्त संख्या में महिला पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई जाए। जिला खाद्य एवं औषधि प्रशासक को खानपान की गुणवत्ता चैक करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही शिक्षा विभाग को खिलाड़ियों के ठहराव, मार्चपास्ट, सांस्कृतिक कार्यक्रम व रंगोली इत्यादि की जिम्मेदारी दी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे को सुविधा दी जाए और प्रत्येक बुनियादी सुविधाओं को ध्यान रहे। सीएमओ को पर्याप्त एंबुलेंस तैनात करने के निर्देश दिए जिसमें दवाएं व चिकित्सक मौजूद रहे। मीटिंग में अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. आनंद शर्मा, डीसीपी सेंट्रल पूजा वशिष्ठ, एसडीएम परमजीत चहल, खेल विभाग के उपनिदेशक गिरिराज सिंह, जिला खेल अधिकारी देवेंद्र सिंह सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के चौथा चरण 02 दिसम्बर को किया जाएगा आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर के आदेश, पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के दिशा निर्देश के तहत डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए आयोजित की जाने वाली रोड़ सेफ्टी क्विज कंपीटीशन के चौथ चरण 02 दिसम्बर 2023 को होमरटन ग्रामर स्कूल में आयोजित की जाएगी। यह क्विज कंपटीशन एसीपी ट्रैफिक विनोद कुमार के नेतृत्व में आयोजित किया जाएगा। इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए एसीपी ट्रैफिक ने प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक आयोजित करवाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पुलिस प्रवक्ता सुबे सिंह ने बताया कि इस क्विज कंपीटीशन का पहला राउंड 13 अक्टूबर 2023 को पूरा करवाया गया था जिसमें फरीदाबाद के 1590 स्कूल से आए करीब 5,57,500 छात्रों ने हिस्सा लिया था। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के लिए में चार लेवल बनाये गये थे जिसमें पहला लेवल कक्षा तीसरी से पांचवी, दूसरे लेवल में कक्षा छटी से आँठवी, तीसरा लेवल कक्षा नौ से बारवीं तथा चैथा लेवल सभी कॉलेज के छात्रों के लिए था।

# श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में वर्ल्ड एड्स डे मनाया गया

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ने "लेट कम्युनिटीज लीड" शीर्षक से "विश्व एड्स दिवस" का आयोजन किया। कार्यक्रम के अतिथि वक्ता डॉ. जे पी राजलिवाल, डिप्टी सिविल सर्जन, सीएमओ कार्यालय, गुड़गांव उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने कहा कि थीम लेट कम्युनिटीज लीड है। क्योंकि परिवर्तन एक क्षण पर नहीं बल्कि एक आंदोलन पर निर्भर करता है, यह थीम इस बात पर जोर देती है कि एड्स से प्रभावित लोग अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए अपनी आवाज उठाने में सक्षम बनें



एड्स को लेकर हमारे समाज में सालों से कई मिथक चले आ रहे हैं जिसकी वजह से इस बीमारी से पीड़ित लोगों को शर्मिंदगी और दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ता है लोगों के जीवन पर एचआईवी के प्रभाव के बारे में जागरूकता बढ़ाने, कलंक और भेदभाव को समाप्त करने और एचआईवी से पीड़ित लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए एड्स प्रतिक्रिया के लिए बढ़ी हुई धनराशि की अभी भी गंभीर आवश्यकता है। डॉ. ऋषिपाल, डीन पेडागोजी ने कहा कि चिकित्सा अनुसंधान में प्रगति, उपचार और रोकथाम तक पहुंच में वृद्धि और वायरस की व्यापक समझ के कारण एचआईवी और एड्स से निपटने में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है कार्यक्रम के दौरान डॉ. भावना रूपराय कौशल सहायक प्रोफेसर, प्रभिसेक कौशल प्रशिक्षक, संसबीर डागर कौशल प्रशिक्षक, स्टाफ नर्स ज्योति, फार्मासिस्ट हरिओम और एमएलटी के छात्र उपस्थित थे।

# फरीदाबाद के साइबर थानों के द्वारा 2023 में साइबर फ्रॉड के 5,21,76334 रु बरामद

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
पुलिस कमिश्नर राकेश कुमार आर्य के द्वारा दिए गए आदेश व डीसीपी हैड क्वार्टर अभिषेक जोरवाल के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश तथा एसीपी साइबर अभिमन्यु गोयत के मार्ग दर्शन में तीनों जोन के साईबर थानों के द्वारा कार्रवाई करते हुए 97 मामलो को सुलझाते हुए 317 आरोपियो को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आरोपियो को झारखण्ड, बिहार, गुजरात, नई, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और अन्य राज्यो से गिरफ्तार किया है। फरीदाबाद में वर्ष 2023 में अब तक 141 मामले दर्ज किए गए है। जिनमें से 97 मामलो को सुलझाते हुए 317 आरोपियो को गिरफ्तार किया गया है आरोपियो से 5,21,76334 रुपए बरामद कर शिकायतकर्ताओं को वापस दिए है। इसके साथ ही आरोपियो से 460 मोबाईल फोन, 11 लैपटॉप, 2 टैब और डोंगल और एक कार बरामद की गई है। फरीदाबाद के साइबर थाना एनआईटी में 51 मामले दर्ज किए गए जिसमें से 36 मामलों सुलझाते हुए 146 आरोपियो को गिरफ्तार कर 1,19,40,701/- रुपए बरामद किए गए है। आरोपियो से 82 मोबाईल फोन एक लैपटॉप बरामद किए है। साइबर थाना सेन्ट्रल में 48 दर्ज किए गए जिसमें से 36 मामलों को सुलझाते हुए 87 आरोपियो को गिरफ्तार कर 33476400/- रु बरामद किए गए है। आरोपियों से 1 कार, 1 टैब, 76 फोन, 5 लैपटॉप बरामद किए गए है तथा 102 सीआरपीसी में 143 मोबाईल फोन व एक लैपटॉप बरामद किए गए है। साइबर थाना बल्लभगढ़ में 42 मामले दर्ज कर किए गए जिसमें से 25 मामलो को सुलझाते हुए 84 आरोपियो को गिरफ्तार कर 6777233/-रु बरामद किए गया है। आरोपियों से 72 मोबाईल फोन,5 लैपटॉप,1 टैब,2 डोंगल, बरामद किए गए है तथा 102 सीआरपीसी में 87 मोबाईल फोन बरामद किए गए है। साइबर फ्रॉड मामले में देखा गया है कि आरोपी पीड़ितो को कुछ मिनट में ही लोन देने के लिए, घर बैठे लोन उपलब्ध करवाने का लालच देती हैं और फर्जी ऐप डाउनलोड करता दे, क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढवाने के नाम पर, घर बैठे कमाने का लालच, फ्री गिफ्ट, लॉटरी लगना के नाम पर,वाउचर जीतने के नाम पर,ड उ के नाम पर, बैंक कर्मी बनकर, विदेश भेजने के नाम पर,जाब दिलाने के नाम पर,अश्लील वीडियो कॉल रिकॉर्ड से ब्लैकमेल कर,एईपीएस इत्यादी के नाम पर लोगो के साथ साइबर फ्रॉड किया जाता है। आगर आपके साथ कोई फ्रॉड होता है तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज करें। उन्हें अपने साथ हुई साइबर ठगी के बारे में जानकारी दें। साइबर टीम द्वारा साइबर अपराधियों के बैंक खातों को फ्रीज करवाकर आपकी रकम आप तक वापस पहुंचा सकते हैं।



# 5.08 ग्राम स्मैक सहित आरोपी को क्राइम ब्रांच डीएलएफ की टीम ने किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के द्वारा अपराधिक गतिविधियो में शामिल आरोपियो की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच डीएलएफ कप्तान सिंह की टीम ने अवैध नशा तस्करी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम राजीव उर्फ राजू (36) है। आरोपी अजरोंदा गांव फरीदाबाद का रहने वाला है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से अजरोंदा गांव के एरिया से काबू किया गया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से 5.08 ग्राम स्मैक बरामद किया गया है। आरोपी के खिलाफ थाना सेन्ट्रल में अवैध नशा तस्करी की धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने किसी व्यक्ति से 15000/-रु में बेचने के लिए खरीदा था। आरोपी स्मैक की पुडिया बनाकर 500/-रु में बेचता था। आरोपी पानी सप्लाई करने का काम करता है। आरोपी भी 15-20 दिन से स्मैक बेचने का काम मुनाफा कमाने के लिए करने लगा है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया ?।



## मजलिस पार्क अग्रवाल सभा ने किया कार्यक्रम का आयोजन, निकाली गई क्षेत्र में नगर परिक्रमा

# श्री राम मंदिर में हुई महालक्ष्मी और महाराजा अग्रसेन की मूर्ति स्थापित










**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के** मजलिस पार्क इलाके के गली नम्बर-7 के श्रीराम मंदिर में मजलिस पार्क अग्रवाल सभा के द्वारा कुलदेवी महालक्ष्मी और महाराजा अग्रसेन की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा से पहले निकाली गई नगर परिक्रमा:** दिल्ली के आदर्श नगर इलाके के मजलिस पार्क के गली नम्बर-7 स्थित श्रीराम मंदिर से विशाल नगर परिक्रमा का आयोजन किया। यह परिक्रमा के क्षेत्र के कई इलाको से होते हुए श्रीराम मंदिर पर संपन्न हुई।

**प्रभु की आराधना सच्चे मन से करें:** इस मौके पर संस्थापक शिव नारायण बंसल ने बताया कि आज श्रीराम मंदिर में मजलिस पार्क अग्रवाल सभा के द्वारा महाराजा अग्रसेन और कुलदेवी महालक्ष्मी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर आये हुए भी गणमान्य लोगों का मैं धन्यवाद करता हूं। उन्होंने कहा कि सभी को प्रभु की आराधना सच्चे मन से करनी चाहिए।
जो भक्त सच्चे मन से प्रभु की आराधना करता है प्रभु उसकी अवश्य ही सुनते है।

**सभी सत्य का साथ दें:** इस अवसर पर प्रधान जगदीश गर्ग ने बताया कि हम सभी को महाराजा अग्रसेन जी के बताये हुए मार्ग पर चलना चाहिए और हमेशा ही सत्य का साथ देना चाहिए, जो व्यक्ति सत्य की राह पर चलता है, उसे एकदिन सफलता अवश्य ही प्राप्त होती है। इसलिए सभी सत्य का साथ दें।

**ये लोग रहे मौजूद:** मजलिस पार्क अग्रवाल सभा के संस्थापक शिव नारायण बंसल, चेयरमैन लक्ष्मी नारायण गोयल, प्रधान जगदीश गर्ग, सचिव घनश्याम दास, कोषाध्यक्ष मुकेश बंसल, विजय जिन्दल, लखपत बंसल की देखरेख में कार्य संपन्न हुआ।

## डॉ. ओमप्रकाश प्रजापति को हिंदी विकास संस्थान ने किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**हिंदी** विकास संस्थान, दिल्ली द्वारा दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय हिंदी सम्मान समारोह-2023 का आयोजन तीन मूर्ति भवन, प्रधानमंत्री संग्रहालय, नई दिल्ली के सभागार में किया गया। इस दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय हिंदी सम्मान समारोह के अवसर पर देश -विदेश सहित भारत के अलग सभी प्रांतों के प्रतिभाशाली छात्रों, शिक्षकों एवं विद्यालयों ने भाग लिया। समारोह के प्रथम दिन अतिथिगण द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। हिंदी विकास संस्थान के अध्यक्ष डॉ. पीयूष कुमार शर्मा ने पुष्पगुच्छ और शॉल के साथ अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर हिंदी विकास संस्थान द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड-2023 में जिन प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ भाग लेते हुए राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए कीर्तिमान स्थापित किया। संस्थान द्वारा आयोजित इस अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश- विदेश सहित भारत के सभी प्रांतों के लगभग 50000 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें सभी बच्चों को प्रशस्ति-पत्र, विद्यालय स्तर पर विजेता को श्रेष्ठता प्रमाण- पत्र एवं पदक, राज्य स्तर पर हिंदी बालश्रेष्ठ सम्मान, राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय हिंदी प्रतिभा सम्मान एवं सर्वश्रेष्ठ अंक पाने वाले बच्चों को सम्मान के साथ-साथ पुरस्कार धनराशि भी प्रदान की गई।

## कांग्रेस ने मजदूरों का शाल ओढ़ाकर किया स्वागत


**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**उत्तराखंड** की सिलक्यारा टनल की खुदाई करने में पिछले 17 दिनों से फंसे हमारे 41 मजदूरों को रेस्क्यू करने वाले हमारे तमाम एक्सपर्ट के प्रयास के बाद जब अंदर फंसे मजदूरों के बचने की आस धूमिल पड़ने लगी थी तब मुन्ना कुरैशी और वकील हसन के नेतृत्व वाली 12 रैट माइनर्स की टीम देवदूत बनकर टनल के अंदर घुसी और सभी लोगों को बाहर निकालने का रास्ता बनाकर चमत्कार कर दिखाया।
इन रैट माइनर्स में से 6 मुन्ना कुरैशी, वकील हसन, फिरोज, राशिद अंसारी, नसीम और इरशाद दिल्ली के करावल नगर क्षेत्र के



श्रीराम कालोनी के रहने वाले हैं। इन रैट माइनर्स की हौसला अफजाई करने और मिलने के लिए दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली के निर्देश पर प्रतिनिधि मंडल के रूप में पहुंचे पूर्व मंत्री डॉ नरेंद्र नाथ, मीडिया प्रमुख जितेंद्र कोचर, पूर्व विधायक भीष्म शर्मा, करावल नगर के जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज और जुबेर अहमद ने पुष्पहारों और शाल ओढ़ाकर इनका स्वागत किया और कहा कि जब सारे प्रयासो के बावजूद 41 जिंदगियों की आशा की किरण डूबने लगी थी तब उन विकट परिस्थितियों भरे अंत समय में जो कारनामा हमारे 12 रैट माइनर्स ने किया वो किसी चमत्कार से कम नहीं है। और हम इन सभी के जज्बे को सैल्यूट करते हैं कि इन लोगो ने टनल में फंसे श्रमिको की जान बचाने के बाद मेहनताना लेने से भी इंकार कर दिया। इन लोगो के अलावा इस प्रतिनिधि मंडल में अरविंद सिंह, जुबैर चौधरी जिलाध्यक्ष बल्लू पहलवान, शहजाद ब्लॉक अध्यक्ष खेमचंद सैनी, वी आर चौधरी, शैलेंद्र चौधरी, हरिकिशन जिंदल, प्रवीण चौधरी, संजय वर्मा, पी एस रावत, चंदन चौबे मौजूद रहे।

## 'निगम के डेम्स विभाग में भ्रष्टाचार को लेकर मजदूर परिषद फूकेंगा भ्रष्टाचार का पुतला'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**जहां** एक ओर तो निगम में सालों से सफाई कर्मचारी अस्थाई रूप से काम कर रहें हैं, जिनकों अब पक्का किया जा रहा हैं, जिसकों लेकर सफाई कर्मचारी काफी खुश भी नजर आ रहें हैं, वहीं दूसरी ओर परेशान करने वाली बात यह भी हैं कि पक्का करने के एवज में खासी मोटी रकम भी उनसे वसूली जा रही है। वहीं राष्ट्र हितैषी मजदूर परिषद के अध्यक्ष दलीप बरवाला ने बताया कि कर्मचारियों को पक्का करने में ही नहीं दिल्ली नगर निगम के डेम्स विभाग में भी भारी भ्रष्टाचार चल रहा है, जिसको लेकर हमारी यूनियन तीस दिसंबर को थाना शाहबाद डेरी



और नरेला जोन के अतंगर्त आने वाले बरवाला गांव में आप शासित दिल्ली नगर के खिलाफ भारी संख्या में प्रदर्शन कर भ्रष्टाचार का पुतला दहन करेगी।

## आदर्श नगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यालय पर हुई बैठक

### बैठक की अध्यक्षता आदर्श नगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल ने की

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविंद सिंह लवली के निर्देश पर शुक्रवार को आदर्श नगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यालय पर ब्लॉक कार्यकारिणी की एक मीटिंग हुई। बैठक को आईसीसी से चांदनी चौक लोकसभा के प्रभारी राहुल रिछारिया, जिला प्रभारी राकेश रजक, जिला अध्यक्ष मनोज यादव, सराय पीपल थला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भारत सिंह राघव ने संबोधित किया। बैठक की अध्यक्षता बैठक की अध्यक्षता आदर्श नगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल ने की। लोकसभा प्रभारी ने कहा की हम सबको मिलकर के 2024 के लोकसभा चुनाव में पार्टी का जो भी प्रत्याशी आए




उसे एकजुट होकर हमें जीता कर भेजना है और यही हमारी प्राथमिकता है। ब्लॉक अध्यक्ष श्री अग्रवाल ने कहा कि हम आदर्श नगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता संकल्प लेते हैं कि राहुल गांधी के हाथ मजबूत करने के लिए दिल्ली के प्रभारी दीपक बावरिया, दिल्ली के अध्यक्ष सरदार अरविंद सिंह लवली को आश्वासन देते हैं कि हम अपने क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार को विजयी करके भेजेंगे। इस मौके पर एआईसीसी से चांदनी चौक लोकसभा प्रभारी राहुल रिछारिया, जिला आदर्श नगर कांग्रेस कमेटी प्रभारी राकेश रजक, जिला अध्यक्ष मनोज यादव, आदर्श नगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल, ब्लॉक अध्यक्ष भारत सिंह राघव, सुधीर पाठक, संजय महेश्वरी, मनोज दुआ, हरेंद्र शर्मा, इंद्रजीत होंडा, नरेंद्र शर्मा, सुरेंद्र छींदा, बसंत पाल, छत्रपाल बिट्टू नैय्यर, लुकेंदर सहित कई कांग्रेस नेता मौजूद थे।

## एड्स दिवस पर संगठन कार्यालय में विचार संगोष्ठी का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
उत्तर-पूर्वी दिल्ली के गोकलपुरी के गंगा विहार स्थित प्रतिष्ठा युवा संगठन के कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय एड्स दिवस पर विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया संगोष्ठीका उद्देश्य एड्स के प्रति युवाओ में जागरूकता पैदा करना था। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के तौर पर प्रतिष्ठा युवा संगठन के संस्थापक एवं स्वास्थ्य पर्यवेक्षक मोहित कुमार ने भाग लेने वाले युवाओं को बताया कि एचआईवी एड्स से तात्पर्य ऐसी बीमारी से है, जो संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने के कारण होती है। एचआईवी (ह्यूमन इम्युनोडेफिशिएंसी वायरस- एक वायरस है, जो कोशिकाओं



पर हमला करता है, जो शरीर को संक्रमण से लड़ने में मदद करता है, जिससे व्यक्ति अन्य संक्रमणों और बीमारियों की चपेट में आ जाता है। यह एचआईवी के साथ किसी व्यक्ति के कुछ शारीरिक तरल पदार्थों के संपर्क में फैलता है, सबसे ज्यादा असुरक्षित यौन संबंध के दौरान (एचआईवी को रोकने या इलाज के लिए कंडोम या एचआईवी दवा के बिना सेक्स), या इंजेक्शन दवा उपकरणों को साझा करने से एचआईवी प्रसारित होता है। यदि अनुपचारित छोड़ दिया जाता है, तो एचआईवी रोग एड्स (एक्वायर्ड इम्युनोडिफीसिअन्सी सिंड्रोम) को जन्म दे सकता है। मानव शरीर एचआईवी से मुक्त नहीं हो सकता है और एचआईवी का कोई प्रभावी इलाज भी मौजूद नहीं है। एचआईवी वाले लोग लंबे समय तक स्वस्थ जीवन जी सकते हैं और एचआईवी को अपने यौन सहयोगियों तक पहुंचाने से रोक सकते हैं। बस परिवार व समाज का सहयोग जरूरी होना चाहिये। उन्होने बताया कि कभी किसी वायरस से संक्रमित हो तो अपने स्वास्थ्य की अच्छी तरह से जांच करानी चाहिए।

## मॉडल टाउन: नहीं है पार्षद, फिर भी है जनता के चहेते राज खुराना

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/महेंद्र सिंह**
अक्सर हम शुरू से एक ही बात सुनते आ रहें है कि कुर्सी को सलाम होता है व्यक्ति को नहीं, जब तक कुर्सी है तभी तक लोग पूछते है, कुर्सी से हटने के बाद कोई पूछने वाला नही है होता है और इज्जत भी कुर्सी की होती है उस पर बैठने वाले की नहीं।
इन सब बातों को मिथ्या सबित कर दिखा रहें है मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र स्थित गुजरांवाला टाउन पार्ट-2 में रहने वाले प्रसिद्व समाज सेवी व पूर्व में पार्षद रहें राज खुराना।

**45 साल से हूं राजनीति में:** वार्तालाप के दौरान राज खुराना ने बताया कि वह पिछले 45 सालों से राजनीति में सक्रिय है, लेकिन उन्होंने राजनीति से ज्यादा समाज सेवा को ही अपना पेशा बना रखा है, जिसके लिए वह हमेशा ही निस्वार्थ भाव से लोगों की सेवा करते है। वहीं उन्होंने यह भी बताया कि लगभग बीस साल तक प्रदेश में कार्यकारिणी सदस्य के रूप में पार्टी के लिए काम किया है। वहीं उन्होंने बताया कि साल 2010 से 2011 और 2011 से 2012 तक सिविल लाइन जोन के चेयरमैन रह चुके है। उसके बाद भारतीय वूमेन रेस्लिंग फैडरेशन के वाइस चेयरमैन बनाए





गए। उसके बाद साल 2010-2013 चांदनी चौक जिला से वाइस प्रेसिडेंट, 2007-2012 सहित पार्टी में कई अन्य महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके है।

**पार्षद नहीं है फिर भी लगता है जनता दरबार:** आपको बतां दे कि राज खुराना अब निगम पार्षद नहीं है, बावजूद इसके लोग अभी भी एक आशा के साथ अपनी फरियाद लेकर आते है, जिससे की पूरा दिन खुराना के निवास स्थान पर लोगों का तांता लगा रहता है।
वहीं राज खुराना ने बताया कि मेरी कोशिश यही रहती है कि जो भी मेरे पास उम्मीद लेकर अपने काम के लिए आता है उसकी मैं हर प्रकार से मदद करने में सक्षम रहूं व मेरे द्वारा लोगों की जितनी मदद हो इस पर मैं विशेष ध्यान देता हूं।

**समाज सेवा से बढ़कर कुछ ओर नहीं:** खुराना ने आगे बताया कि मेरे लिए समाज सेवा ही सब कुछ है, तथा समाज सेवा से उपर कुछ नहीं है।
राजनीति कुछ लोगों का पेशा बन चुका है, लेकिन मेरे लिए राजनीति बस सेवामात्र का एक माध्यम है। उन्होंने आगे बताया कि सेवा करने में जो आनंद की अनुभूति होती है वह दुनिया कि सारी खुशियों के समक्ष फीकी लगती है।